आषाढ़ शुक्ल पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 12 जुलाई 2024
वर्ष 34, अंक 165, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

ब्लैकहोल के जेट प्लाज्मा की संरचना का पता चला 14

टेनिस में बेहतर कर सकती थी : साइना 13

लिव इन में पति की क्रूरता का अपराध लागू नहीं होता :कोर्ट

कोच्चि, एजेंसी

केरल हाईकोर्ट का फैसला

- पीठ ने कहा-सहजीवन में युगल की शादी नहीं होती इसलिए पुरुष 'पति' शब्द के दायरे में नहीं आता

केरल हाईकोर्ट ने एक हालिया फैसले में कहा कि सहजीवन (लिव इन) संबंधों के मामले में किसी महिला के खिलाफ पति या उसके रिश्तेदारों की क्रूरता का दंडात्मक प्रावधान लागू नहीं होता। हाईकोर्ट ने कहा कि आईपीसी की धारा 498ए पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा किसी महिला के साथ क्रूरता किए जाने पर सजा का प्रावधान करती है और चूंकि सहजीवन में रहने वाले युगल की शादी नहीं होती, इसलिए पुरुष 'पति' शब्द के दायरे में नहीं आएगा। न्यायमूर्ति ए बदरुद्दीन ने 8 जुलाई के अपने आदेश में कहा कि इस प्रकार विवाह वह घटक है जो महिला के साथी को उसके पति की स्थिति तक ले जाता है। कानून की नजर में शादी का मतलब शादी है। इस प्रकार, कानूनी विवाह के बिना, यदि कोई पुरुष किसी महिला का साथी बन जाता है, तो वह भादंसं की धारा 498ए के प्रयोजन के लिए 'पति' शब्द के दायरे में नहीं आएगा।

सहारनपुर : तहसीलों व आरटीओ दफ्तर में छापा, 19 दलालों पकड़े

सहारनपुर । सहारनपुर में गुरुवार को मुख्यमंत्री की सीधी निगरानी में तहसीलों और आरटीओ दफ्तर में औचक निरीक्षण किया गया, जहां 19 दलाल/बिचौलिये मिले। सभी को तत्काल जेल भेज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई। अचानक हुई इस कार्रवाई से जिले में हड़कंप सा माहौल है। गुरुवार को मुख्यमंत्री ने सहारनपुर के तहसीलों और आरटीओ दफ्तर में औचक निरीक्षण कराया, जहां 19 संदिग्ध लोग मिले। पूछताछ में प्रथमदृष्टया इनकी पहचान दलालों/बिचौलियों के रूप में हुई है। सभी को तत्काल जेल भेजकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई।

अग्निवीरों को अर्द्धसैनिक बलों में 10 % आरक्षण

सीआईएसएफ-बीएसएफ-सीआरपीएफ की भर्तियों के लिए सरकार का फैसला, आयु के साथ शारीरिक परीक्षा में भी छूट

नई दिल्ली, एजेंसी

- आयु सीमा में पहले साल पांच वर्ष, उसके बाद तीन वर्ष की दी जाएगी छूट

विपक्ष की अग्निवीर योजना को रद किए जाने की मांग के बीच सरकार ने कहा है कि सेवानिवृत अग्निवीरों के लिए केन्द्रीय औद्योगिकी सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में सिपाहियों के 10- 10 प्रतिशत पद आरक्षित किए जाएंगे ,साथ ही उन्हें शारीरिक जांच और उम्र में भी छूट दी जाएगी। सीआईएसएफ की महानिदेशक नीना सिंह, बीएसएफ में उनके समकक्ष नितिन अग्रवाल और सीआरपीएफ के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह ने गुरुवार को बताया कि बल ने सेवानिवृत अग्निवीरों की भर्ती के संबंध में सभी तैयारी पूरी कर ली है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत अग्निवीरों के लिए बल में सिपाहियों के 10- 10 प्रतिशत पद आरक्षित किए जाएंगे। अग्निवीरों को शारीरिक परीक्षण और आयु में भी छूट दी जाएगी। पहले बैच के अग्निवीरों को पांच वर्ष की और इसके बाद के बैच को उम्र में तीन वर्ष की छूट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि तीनों बल यह सुनिश्चित करेंगे कि सेवानिवृत अग्निवीरों को भर्ती में इन छूट का अधिक से अधिक लाभ मिले। अधिकारियों ने कहा कि सेनाओं में प्रशिक्षित अग्निवीर मिलने से दोनों बलों की क्षमता और दक्षता बढ़ेगी।

सीआईएसएफ, बीएसएफ और सीआरपीएफ के प्रमुखों ने यह बयान ऐसे समय में दिया है जब थलसेना, नौसेना और वायु सेना में कर्मियों की अल्पकालिक भर्ती के लिए अग्निपथ भर्ती योजना पर नए सिरे से बहस शुरू हो गई है। नीना सिंह ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पूर्व अग्निवीरों की भर्ती के संबंध में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके अनुरूप सीआईएसएफ भी पूर्व अग्निवीरों की भर्ती की प्रक्रिया तैयार कर रहा है। सीआईएसएफ प्रमुख ने कहा कि भविष्य में कांस्टेबल पद पर सभी नियुक्तियों में पूर्व अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत नौकरियां आरक्षित रहेंगी। शारीरिक परीक्षा में भी उन्हें छूट दी जाएगी। सिंह ने कहा कि पूर्व अग्निवीर इसका लाभ उठा सकेंगे। यह सीआईएसएफ के लिए भी लाभकारी होगा क्योंकि बल को प्रशिक्षित और अनुशासित कर्मी मिलेंगे। सरकार ने अग्निपथ योजना की शुरुआत जून, 2022 में की थी। इसमें 17 से 21 वर्ष की आयु वर्ग के युवाओं को चार साल के लिए सेना में भर्ती करने का प्रावधान किया गया था, जिनमें से 25 प्रतिशत को 15 और वर्षों के लिए बनाए रखने का प्रावधान है। बीएसएफ के डीजी ने कहा कि थोड़े प्रशिक्षण के बाद इन्हें सीमा पर तैनात किया जाएगा। सीआरपीएफ के डीजी ने कहा कि पूर्व अग्निवीरों की भर्ती के लिए सभी व्यवस्थाएं कर ली गई हैं।

एक नजर

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह दिल्ली एम्स में भर्ती

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को गुरुवार को पीठ दर्द की शिकायत के कारण दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया। अस्पताल के मीडिया प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. रीमा दादा ने बताया कि उनकी हालत स्थिर है और उन्हें निगरानी में रखा गया है। उन्होंने बताया कि उनकी जांच की जा रही है। सिंह (73) को तड़के भर्ती कराया गया और वह पुराने निजी वार्ड में हैं।

पूर्वी लद्दाख में दुर्घटना में एक सैनिक शहीद

लेह। पूर्वी लद्दाख में गुरुवार को ड्यूटी पर तैनाती के दौरान दुर्घटना में एक सैनिक शहीद हो गया। सेना की लेह स्थित फायर एंड फ्यूरी कोर ने एक्स पर लिखा कि आज सुबह करीब 10 बजे अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए, सीएफएन. शंकर राव गोट्टापु एक दुर्घटना में शहीद हो गए।

जवान को थप्पड़ मारने वाली महिला गिरफ्तार

जयपुर। राजस्थान में जयपुर हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच में तैनात सीआईएसएफ के एक जवान को थप्पड़ मारने के आरोप में एक विमानन कंपनी के चालक दल में शामिल महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस उपायुक्त (पूर्व) कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि घटना गुरुवार सुबह जयपुर हवाई अड्डे पर हुई।

बाढ़ से बेघर लोगों को मिलेगा सरकारी योजना में मकान

जिनके घर क्षतिग्रस्त हुए उन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना में मकान उपलब्ध कराने के निर्देश

- 12 जिले बाढ़ की चपेट में, 18 लाख की आबादी प्रभावित, 33 तहसील के 633 गांव शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार बाढ़ की चपेट में आकर बेघर हुए परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत मकान उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते हुए पीड़ितों से स्पष्ट कहा है कि, इस संकट की घड़ी में सरकार उनके साथ खड़ी है। उन्हें किसी भी चीज की चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जिनके भी मकान क्षतिग्रस्त हो गए उन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत मकान उपलब्ध कराए जाएं।

योगी ने अलग-अलग जिलों में बाढ़ पीड़ितों से संवाद करते हुए कहा है कि मानव वन्यजीव संघर्ष, सर्पदंश, वज्रपात समेत अन्य आपदाओं के दौरान अपनी जान गंवाने वाले किसान और बटाईदार के परिजनों को तत्काल सहायता धनराशि दी जा रही है। वर्तमान में 12 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। इसमें 33 तहसील के 633 गांव शामिल हैं, जिसकी करीब 17 लाख 97 हजार की आबादी प्रभावित है। इसमें 18 हजार से अधिक मवेशी भी प्रभावित हैं। 1 लाख 45 हजार से अधिक हेक्टेयर कृषि भूमि भी प्रभावित है।

बाढ़ में फंसे लोगों की सटीक सूचना देकर जान बचाने वाली रेखा देवी को प्रशस्ति-पत्र देते मुख्यमंत्री योगी।

साहस दिखाने वाले सात लोगों को एक-एक लाख रुपये इनाम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को श्रावस्ती में 7 जुलाई को बाढ़ में फंसे 11 लोगों को बचाकर सुरक्षित निकालने वाले पीएसी के पांच जवानों समेत सात लोगों को एक-एक लाख रुपये इनाम देने की घोषणा की है। उन्होंने सभी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। सही समय पर सटीक सूचना देने वाली रेखा देवी और फ्लड पीएसी के जवान के लिए गाइड की भूमिका निभाने वाले राम उजागर समेत पीएसी के पांच जवान सोनू कुमार, अमरेश कुमार सरोज, शुभम सिंह, सतीश कुमार यादव और मनोज कुमार ने साहस दिखाया था। इन सभी को एक-एक लाख रुपये मिलेंगे।

बाढ़ राहत कार्यों में लापरवाह 10 अधिकारियों से मुख्यमंत्री ने मांगा स्पष्टीकरण

लखनऊ। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को बाढ़ संबंधी कार्यों में लापरवाही एवं क्षतिग्रस्त फसलों के सर्वे में लापरवाही बरतने वाले पांच जिले के एडीएम एफआर और आपदा विशेषज्ञों से स्पष्टीकरण तलब किया है। इन पांचों जिलों के लापरवाह अधिकारियों को दो दिन में अपना स्पष्टीकरण देना होगा। अगर जवाब संतोषजनक नहीं हुआ तो सख्त कार्रवाई हो सकती है। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने गुरुवार को बताया कि मुख्यमंत्री बाढ़ प्रभावित इलाकों की रोजाना अपडेट ले रहे हैं। ताकि जनहानि-धनहानि को कम से कम किया जा सके। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री को लखनऊ, प्रतापगढ़, सीतापुर, अंबेडकरनगर और बलिया के एडीएम एफआर और आपदा विशेषज्ञ द्वारा बाढ़ संबंधी सूचना ससमय उपलब्ध न कराने एवं क्षतिग्रस्त फसलों के सर्वे में लापरवाही की सूचना मिली। इस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए पांचों जिलों के एडीएम एफआर और आपदा विशेषज्ञ को दो दिन में स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए।

पेट में छिपाकर ला रही थी 7 करोड़ रुपये की कोकीन

नई दिल्ली। दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अंगोला की एक महिला को पकड़ा गया है जो 34 कैप्सूल में करीब सात करोड़ रुपये मूल्य की कोकीन पेट में छिपा कर लाई थी। गुरुवार को जारी एक आधिकारिक सूचना के मुताबिक महिला को दो जुलाई को तब पकड़ा गया जब वह दोहा से इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची। सीमा शुल्क विभाग ने बताया कि एक महिला यात्री की तलाशी के दौरान उसके पास से 8 अंडाकर कैप्सूल मिले। उसने बताया कि पेट में मादक पदार्थ छिपाया है। यात्री को चिकित्सा प्रक्रिया से मादक पदार्थ निकालने के लिए सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया। जहां महिला के पेट से मादक पदार्थ से भरे 34 कैप्सूल निकाले गए। जिसमें कुल 515 ग्राम कोकीन छिपाई गई थी जिसकी कीमत 7.04 करोड़ रुपये आंकी गई है। आरोपी यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया है और कोकीन जब्त कर ली गयी है। एक अन्य मामले में एक भारतीय को 1.2 करोड़ रुपये के चरस की तस्करी के आरोप में हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया गया है।

- दिल्ली हवाई अड्डे पर पकड़ी गई अंगोला की महिला

सुप्रीम कोर्ट में नीट-यूजी पर सुनवाई 18 तक टली

नई दिल्ली, एजेंसी

- परीक्षा रद कर नए सिरे से कराने का किया गया है अनुरोध

सुप्रीम कोर्ट ने विवादों से घिरी राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2024 से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई 18 जुलाई तक टाल दी। इन याचिकाओं में नीट-यूजी के आयोजन में कथित अनियमितताओं एवं कदाचार की जांच करने, परीक्षा रद कर नए सिरे से आयोजित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। शीर्ष अदालत ने कुछ याचिकाकर्ताओं को मामले में केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से दाखिल हलफनामों की प्रति नहीं मिल पाने के मद्देनजर यह कदम उठाया।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने गुरुवार को कहा कि कुछ याचिककर्ताओं की पैरवी कर रहे वकीलों को केंद्र और एनटीए की ओर से बुधवार को अलग-अलग दाखिल किए गए हलफनामों की प्रति अभी तक नहीं मिली है। जिसके चलते अगली सुनवाई 18 जुलाई को होगी। हालांकि, केंद्र की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उन्होंने याचिकाकर्ताओं के वकील को हलफनामे की प्रति उपलब्ध करा दी है। याचिकाकर्ताओं के वकील ने मामले को 15 जुलाई को सूचीबद्ध करने का आग्रह किया, लेकिन मेहता ने कहा कि वह उस दिन उपलब्ध नहीं रहेंगे।

एक और आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। सीबीआई ने नीट-यूजी परीक्षा में अनियमितताओं को लेकर कार्रवाई शुरू होने के बाद से फरार एक आरोपी को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई ने बिहार के नालंदा से संबंध रखने वाले और मुख्य आरोपी संजीव मुखिया का रिश्तेदार बताए जा रहे रॉकी उर्फ राकेश रंजन को पटना के बाहरी इलाके से पकड़ लिया। सीबीआई मामले की जांच संभालने के बाद से ही उसकी तलाश कर रही थी।

शिक्षा मंत्री ने की नीट-यूजी प्रतिभागियों से मुलाकात

नई दिल्ली। चिकित्सा प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) के आयोजन में कथित अनियमितताओं को लेकर उठे विवाद के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को अपने आवास पर कुछ अभ्यर्थियों से मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार, छात्रों ने मई में आयोजित परीक्षा के भविष्य पर व्याप्त अनिश्चितता, काउंसलिंग प्रक्रिया में देरी और अंततः शैक्षणिक कैलेंडर जैसे मुद्दे उठाए।

चुनाव आचार संहिता उल्लंघन मामले में पूर्व सांसद जयाप्रदा बरी

- एमपी-एमएलए कोर्ट ने सुनाया फैसला

रामपुर, अमृत विचार : आचार संहिता उल्लंघन के मामले में गुरुवार को कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में पूर्व सांसद जयाप्रदा को बरी कर दिया है। पूर्व सांसद जयाप्रदा ने 2019 में रामपुर से लोकसभा चुनाव लड़ा था। 18 अप्रैल को केमरी क्षेत्र के गांव पिपलिया मिश्र में हुई जनसभा में आजम खां पर उनकी टिप्पणी को चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए वीडियो निगरानी टीम के प्रभारी कुलदीप भटनागर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एमपी-एमएलए कोर्ट में इस मामले में बहस एक जुलाई को पूरी हो गई थी। गुरुवार को पूर्व सांसद कोर्ट में पेश हुईं। दोपहर बाद न्यायाधीश शोभित बंसल की कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए साक्ष्य के अभाव में उनको बरी कर दिया। फैसला आने के बाद पूर्व सांसद ने कहा कि मैंने किसी भी तरह की आपत्तिजनक टिप्पणी नहीं की थी।

लापरवाही पर बांदा के नरैनी में तैनात एसडीएम निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/बांदा

- शिक्षक एमएलसी ने भी की थी मुख्यमंत्री से शिकायत

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बांदा के नरैनी में तैनात उप जिलाधिकारी (एसडीएम) विकास यादव को निलंबित कर दिया है। विकास यादव पर जनहित के मामलों में लापरवाही और पर्यवेक्षणीय उदासीनता बरतने के साथ कदाचार के कारण कार्रवाई की गई है। विकास यादव को पदीय दायित्वों के सम्यक निर्वहन में अक्षम पाया गया, शासन की छवि धूमिल करने का भी आरोप है। निलंबन अवधि में वे उप जिलाधिकारी आयुक्त व सचिव राजस्व परिषद लखनऊ कार्यालय से संबद्ध रहेंगे। इलाहाबाद-झांसी शिक्षक खंड से एमएलसी की फाइल को लंबित रखना भी विकास यादव पर भारी पड़ा। दो दिन पहले ही एमएलसी डा. तिवारी ने नरैनी तहसील में हंगामा काटा था और एसडीएम समेत तहसील के अधिकारियों-कर्मचारियों पर रिश्वतखोरी और अवैध खनन में संलिप्त रहने का आरोप लगाया था। बताया था कि गिरवां कस्बा स्थित उनके विधि महाविद्यालय से संबधित एक फाइल चार साल से लंबित है। बताते हैं कि उन्होंने इस मामले को मंगलवार को मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक में उठाया था।

आरोपी के पास नहीं था पासपोर्ट कोर्ट ने दिया जमा करने का आदेश

- बंबई हाईकोर्ट ने निचली अदालत के फैसले पर जताई हैरानी

मुंबई। गोवा की एक सत्र अदालत ने एक आरोपी को ज़मानत देते हुए शर्त लगाई कि वह अपना पासपोर्ट जमा कराए लेकिन उसके पास पासपोर्ट था ही नहीं। निचली अदालत के आदेश पर बंबई हाईकोर्ट की गोवा पीठ ने हैरानी जताई। एकल पीठ के न्यायमूर्ति भरत देशपांडे ने नौ जुलाई को आरोपी की ज़मानत की शर्तों में सुधार करने की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि सत्र अदालत ने एक अजीब तरीका अपनाया और आरोपी को चार महीने के भीतर अपना पासपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि जमानत के लिए शर्त लगाते समय सत्र अदालत के पास किसी व्यक्ति को पासपोर्ट के लिए आवेदन करने, उसे प्राप्त करने और फिर उसे जमा करने का निर्देश देने का अधिकार नहीं है। पीठ ने कहा कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने अपने अधिकारों से परे जाकर काम किया है।

हाथरस में ट्रक से टकराई स्लीपर बस, दो लोगों की मौत, 38 घायल

सिकंदराराऊ (हाथरस), एजेंसी

हादसे में क्षतिग्रस्त बस।

- सिकंदराराऊ में गुरुवार की भोर में हुआ हादसा

गुरुवार सुबह 3 बजे सिकंदराराऊ से एटा हाईवे-34 पर टोली गांव के निकट पेट्रोल पंप पर खड़े कैंटर (ट्रक) में एक स्लीपर बस ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि आधी बस के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे से में दो लोगों की मौत हो गई और 38 लोग घायल हुए। इनमें से सात गंभीर घायलों को अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

एक निजी बस पंजाब के चंडीगढ़ से बांगरमऊ जा रही थी। सिकंदराराऊ से एटा रोड पर 15 किलोमीटर दूर गांव टोली पर जिओ पेट्रोल पंप पर खड़े कैंटर में पीछे से बस ने टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि बस चालक को झपकी आ गई थी, इसके चलते यह टक्कर हुई। हादसे के बाद कोतवाली पुलिस तथा आसपास के गांव के लोगों ने राहत कार्य प्रारंभ कर दिया। घायलों को सिकंदरा राव समुदायक केंद्र भिजवा दिया गया। टक्कर के बाद घटनास्थल पर ही एक अज्ञात की मृत्यु हो गई तथा दूसरे की मृत्यु अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान हो गई। हाथरस के डीएम आशीष कुमार का कहना है कि इस हादसे में दो की मौत हुई है और 16 घायल हुए हैं।

कर्नाटक में कांग्रेस विधायकों के घर ईडी ने की छापेमारी

मैसूर, एजेंसी

- वाल्मीकि कॉरपोरेशन स्कैम मामले में एजेंसी ने की कार्रवाई

कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम से जुड़े कथित अवैध धन हस्तांतरण मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस नेता और कर्नाटक के पूर्व आदिवासी कल्याण एवं खेल मंत्री बी. नागेंद्र और रायचूर ग्रामीण सीट से कांग्रेस विधायक बी. दद्दाल के परिसरों समेत कई स्थानों पर छापेमारी की है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जांच एजेंसी ने कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र के करीब 20 स्थानों पर छापे मारे। इस बीच, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बेंगलुरु में कहा कि ईडी के छापों की जरूरत नहीं है क्योंकि एसआईटी पहले ही छापेमारी कर चुकी है और कुछ पैसा बरामद कर चुकी है। शिवकुमार ने कहा कि सरकार ने खुद जांच एसआईटी को सौंप दी है। निगम से संबंधित अवैध धन हस्तांतरण का मामला तब प्रकाश में आया जब इसके लेखा अधीक्षक चंद्रशेखरन पी ने 26 मई को आत्महत्या कर ली। सुसाइड नोट में चंद्रशेखरन ने आरोप लगाया कि सरकारी निगम के बैंक खाते से 187 करोड़ रुपये का अनधिकृत हस्तांतरण किया गया।

पुराने कानूनों के तहत दाखिल हो सकते हैं नए मामले

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि नए मामले पुराने कानूनों के तहत दाखिल किए जा सकते हैं। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने एक आदेश में कहा कि नए मामले/आवेदन उच्च न्यायालय में नए बने कानूनों के तहत भी या निरस्त किए पुराने कानूनों (भारतीय दंड संहिता, कानून प्रक्रिया संहिता और इंडियन एविडेन्स एक्ट) के तहत भी दाखिल किए जा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि नए कानून भारतीय न्याय संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 एक जुलाई से लागू हो चुके हैं।

अभियान-दर-अभियान, हादसों में गंवाते नाबालिग जान

बढ़ता जा रहा मौतों का ग्राफ : बीते वर्ष बिना हेलमेट पहने वाहन चलाते 5,758 लोगों की गई जान

नीरज मिश्र, लखनऊ

- बिना हेलमेट पहने वाहन चलाने वालों की संख्या भी कम नहीं
- सड़क हादसों के दौरान बिना हेलमेट लगाए हुई 5,758 मौतें
- बिना सीट बेल्ट पहने चार पहिया चलाने वालों की 3,476 मौतें
- ओवरस्पीडिंग से होने वाली मौत सबसे ज्यादा
- फर्राटा भरने वाले बीते साल गई लोगों की जान- 8,726
- नंबर दो पर रांग साइड गाड़ी चलाने वालों मृत्यु- 2,920
- ड्रंकन ड्राइविंग में हादसों के दौरान हुई मौत-1,822

अमृत विचार : आमजन को लगातार पढ़ाया जाता यातायात नियमों का पाठ, जागरूकता कार्यक्रमों की होड़, आए दिन चलाए जाते अभियान और व्यय होती सड़क सुरक्षा की धनराशि के बाद भी आंकड़ों का ग्राफ कम नहीं हो रहा है।

प्रदेश के बीते कैलेंडर वर्ष 2023 का जो आंकड़ा आया है वह चौंकाने वाला है। यूपी में हादसों के दौरान बीते वर्ष 23,652 लोगों की जान गई। इनमें दस से 15 साल की उम्र के लोग ज्यादा हैं। दस साल तक की उम्र के जहां 4,328 लोग तो 15 साल की उम्र वाले 3,648 लोग असमय हादसों में काल कवलित हुए। गौर करने की बात यह हैकि इनमें बिना हेलमेट लगाए 5,758 लोगों की मौत हुई। वाहनों से हुई दुर्घटनाओं पर नजर डाली जाए तो सबसे ज्यादा मौत टू-व्हीलर दौड़ानें वालों की हुई है। साल 2023 में हादसों के दौरान हुई मौतों का आंकड़ा 23,652 था। इनमें सर्वाधिक 7,397 मौतें दोपहिया वाहनों से हुई हैं। करीब 6,292 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

हादसे रोकने को सड़क सुरक्षा में जुटे विभाग

सड़क हादसों को रोकने के लिए साल 2015 में रोड सेफ्टी विंग की स्थापना की गई थी। इनमें यातायात, पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, लोक निर्माण विभाग, एनएचआई समेत कई विभागों को शामिल किया गया। मंशा रही कि सभी विभाग जब एक साथ एक टीम के रूप में काम करेंगे तो दुर्घटनाओं से होने वाली मौत के आंकड़ों में कमी आएगी।

> बीते साल के आंकड़े चिंता को बढ़ाने वाले हैं। हादसों के सभी कारणों पर उच्चाधिकारी मंथन कर ठोस पहल कर रहे हैं। इसमें डीएल, वाहन की फिटनेस, ब्लैक स्पॉट्स, खराब सड़क समेत सभी बिंदुओं पर काम किया जा रहा है। नाबालिगों के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं। जुर्माने की नई दरें तय की गई हैं। अभिभावकों और स्कूलों को भी जवाबदेह बनाया जा रहा है। पैरेंटस को भी सोचना होगा कि वह नाबालिग के हाथ वाहन न दें।
>
> -पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त

एक नजर

सरकारी कार्यालयों में लगेंगे स्मार्ट मीटर

अमृत विचार, लखनऊ : सरकारी कार्यालयों और सरकारी कॉलोनियों में स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। स्मार्ट मीटर के बाबत नोडल अधिकारी अशोक कुमार ने मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के सभी अधीक्षण अभियंताओं वितरण को इस संबंध में आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि आरडीएसएस योजना के तहत स्मार्ट मीटर लगाए जाने का काम प्राथमिकता के आधार पर सरकारी कार्यालयों और कॉलोनियों में किया जाना है। सभी अधीक्षण अभियंताओं से अपने क्षेत्र में आने वाले सरकारी कार्यालयों के साथ कॉलोनियों के नाम, पते उपलब्ध कराने को कहा गया है।

नर्सिंग कॉलेजों में प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 30 सितंबर

अमृत विचार, लखनऊ : नर्सिंग कॉलेजों में एक अगस्त से नया एकेडमिक सत्र शुरू हो जाएगा। कॉलेजों में एएनएम, जीएनएम, बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग और नर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम और पोस्ट बेसिक डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिए जाएंगी, प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने की 30 सितंबर 2024 है। यह सूचना उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने जारी किया है।

सादगी से मनाया गया ऊर्जा मंत्री का जन्म दिन

अमृत विचार, लखनऊ : नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा का 62वां जन्म दिन सादगी के साथ मनाया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत नेताओं-अधिकारियों ने उन्हें जन्म दिन की बधाई दी। कालीदास मार्ग स्थित उनके सरकारी आवास पर चिनहट निवासी दिव्यांगजन करन व अरफान को ट्राई साइकिल व शाल देकर सम्मानित किया गया।

हस्तशिल्प प्रादेशिक पुरस्कार योजना के लिए करें आवेदन

अमृत विचार, लखनऊ : उद्योग निदेशालय की ओर से संचालित विशिष्ट हस्तशिल्प प्रादेशिक पुरस्कार योजना राज्य हस्तशिल्प और दक्षता हस्तशिल्प पुरस्कार दिए जाएंगे। जिले के हस्तशिल्पी भी इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन 20 जुलाई तक उपायुक्त उद्योग/जिला उद्योग प्रोत्साहन केंद्र में जमा किए जा सकते हैं।

हेलो, मैं डीजीपी प्रशांत बोल रहा हूं, आपको जन्मदिन की बधाई

विनय सिंह, लखनऊ

डीजीपी प्रशांत कुमार

- चार महीने के कार्यकाल में 1088 अधीनस्थ पुलिस कर्मियों को दे चुके हैं बधाई
- विभागों में तैनात डीजी रैंक के अफसरों के कार्यालयों तक पहुंचकर कर रहे चाय पर चर्चा

अमृत विचार: हेलो. क्या हेड कांस्टेबल अभिजीत कुमार से बात हो रही है? लाइन पर डीजीपी प्रशांत कुमार सर हैं, आप से बात करना चाहते हैं, अब अगली आवाज डीजीपी की है। हेलो.. मैं डीजीपी प्रशांत बोल रहा हूं। क्या हाल-चाल है अभिजीत। आज आपका जन्मदिन है। आपको हार्दिक शुभकामनाएं। ईश्वर आपको सदैव खुश रखे। कभी आना बैठकर चाय पिएंगे। कांस्टेबल थोड़ा भयभीत तो थोड़ा भावुक होते हुए उन्हें थैंक्यू कहता है.. फिर कुछ ही पलों में डीजीपी से स्थिर होकर बातचीत करने लगता है। इन दिनों डीजीपी प्रशांत कुमार का पुलिस मुख्यालय में तैनात पुलिस कर्मियों को अचानक फोन पहुंचना चर्चा में है।

प्रतिदिन पांच से आठ कार्मिकों का जन्मदिवस पड़ता है, जिसको डीजीपी प्रशांत कुमार स्वयं फोन करके बधाई और आशीर्वाद देते हैं। इन कार्मिकों में आईपीएस, पीपीएस अफसरों के साथ-साथ इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर और कांस्टेबल तक है। पुलिस मुख्यालय के रिकॉर्ड के मुताबिक मार्च महीने में 177 कार्मिकों, अप्रैल महीने में 163 कार्मिकों को, मई महीने में 207 कार्मिकों को, जून महीने में 274 कार्मिकों और जुलाई महीने में अब तक 267 कार्मिकों को फोन करके शुभकामनाएं दे चुके हैं। आलम यह है कि जिन पुलिस कर्मियों का जिस दिन जन्मदिन होता है, उस दिन वह फोन अपने आसपास ही रखते हैं, कि कहीं डीजीपी का फोन न आ जाए।

दो मिनट तक करते हैं बात, समस्याओं की भी लेते हैं जानकारी

मुख्यालय के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि डीजीपी इस पहल को बहुत गंभीरता से ले रहे हैं, ऐसे में वह एक से दो मिनट तक बातचीत करते हैं। कुशलक्षेम पूछते समय वह कभी-कभी उसकी समस्याएं भी पूछ लेते हैं, और निदान भी करते हैं। मुख्यालय में तैनात कांस्टेबल अजय कुमार ने बताया कि उनके जन्मदिवस के अवसर पर जब उनके पास डीजीपी का फोन आया तो उन्हें विश्वास ही नहीं हो रहा था, लेकिन वह बात करते रहे। हेड कांस्टेबल अश्वनी ने बताया कि मुझे पता था कि डीजीपी सर का फोन आएगा। दोपहर में फोन आया तो बात हुई।

डीजीपी की दूसरी पहल भी काफी रोचक

शीर्ष अधिकारी ने यह भी बताया कि डीजीपी की दूसरी पहल भी काफी रोचक है। वह विभिन्न विभागों में डीजी पद पर तैनात अफसरों से मिलने उनके कार्यालयों तक पहुंच जाते हैं। ऐसे में वह उस डीजी के साथ चाय पीकर काफी देर बात करते हैं। विगत महीने सेवानिवृत्त हुए दो डीजी के कार्यालयों में वह सेवानिवृत्ति से पहले पहुंचे थे। शीर्ष अधिकारी ने बताया कि इससे एक सार्थक संदेश जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि जन्मदिवस का फोन उन्हीं पुलिस कार्मिकों को जा रहा है, जो मुख्यालय में तैनात हैं।

पूर्व सपा विधायक हाशमी के खिलाफ ईडी ने दर्ज किया मामला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सादुल्लाहनगर थाने की जमीन को कब्जाने का आरोप

अमृत विचार: बलरामपुर के सादुल्लाहनगर थाने की जमीन को कब्जा करके मजार बनाकर चर्चा में आए सपा के पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी पर ईडी ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। हाशमी के खिलाफ पीएमएलए एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई शुरू की गई है।

उतरौला के विधायक रहे आरिफ अनवर हाशमी पर गंभीर आरोप थे। तत्कालीन एसपी केशव कुमार ने हाशमी के खिलाफ ईडी को पत्र भी लिखा था। उस समय हुई जांच में पता चला था कि हाशमी ने सपा सरकार में खूब सरकारी जमीनों पर कब्जा किया। प्रशासनिक अधिकारियों पर दबाव बनाकर औने-पौने दामों में जमीनों पर विनिमय भी कराया। प्रशासन द्वारा मूल्यांकन कराने के बाद 115 करोड़ की संपत्तियों को कुर्क भी किया गया। प्रशासनिक कार्रवाई के बाद अब ईडी हाशमी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई करने जा रही है।

10 महिला चिकित्सक सहित 17 डॉक्टर बर्खास्त

तीन चिकित्सकों पर अनुशासनिक कार्रवाई, उप मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बिना सूचना के लंबे समय से चल रहे थे गैरहाजिर
- लापरवाह स्वास्थ्यकर्मियों पर होगी सख्त कारईवाई : पाठक

अमृत विचार: ड्यूटी से लंबे समय तक गैरहाजिर रहने वाले विभिन्न जिलों में तैनात 10 महिला चिकित्सक समेत 17 डॉक्टरों को बर्खास्त कर दिया गया है। साथ ही तीन चिकित्साधिकारी पर अनुशासनिक कार्रवाई भी की गई है। ये निर्देश गुरुवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा को दिए हैं।

ब्रजेश पाठक ने कहा कि चिकित्सकीय सेवाओं में लापरवाही बरतने वाले किसी भी चिकित्सक या स्वास्थ्यकर्मी को क्षमा नहीं किया जाएगा। उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिना किसी सूचना के लंबे समय से गैरहाजिर रहने वाले 17 चिकित्सकों को विभाग से सेवामुक्त कर दिया गया है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि मरीजों के इलाज को लेकर राज्य सरकार गंभीर है ऐसे में प्रयास किया जा रहा है कि सभी अस्पतालों में समुचित संसाधन मौजूद रहे।

मंडलीय अपर निदेशक करेंगे जांच

तीन डॉक्टरों पर लगे आरोपों की जांच मंडलीय अपर निदेशक करेंगे। संबंधित मंडलीय अपर निदेशकों को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। मालूम हो कि जिला चिकित्सालय, झांसी के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. मुकुल मिश्रा, बाराबंकी में सीएचसी फतेहपुर में तैनात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. माधवी सिंह एवं बरेली सीएमओ के अधीन कार्यरत डॉ. प्रमोद कुमार शर्मा के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

बर्खास्त होने वाले चिकित्सक

मथुरा में सीएचसी बलदेव में तैनात चिकित्साधिकारी डॉ. आनंद गोयल, सिद्धार्थनगर के डॉ. रजनीश चौधरी, डॉ. नेहा सिंह, डॉ. कृतिका व डॉ. पारुल वर्मा, बस्ती की डॉ. निक्की, आजमगढ़ की डॉ. ईशा सिंह, आगरा की डॉ. सोनाक्षी सेठ, बलिया में डॉ. राहुल कुमार व डॉ. जैन, जालौन के डॉ. सत्येंद्र पुरवार, मैनपुरी की डॉ. अंजली वर्मा व डॉ. स्वाति कुशवाहा, मिर्जापुर के डॉ. अखलाक अहमद, बरेली की डॉ. रूबी जायसवाल, फिरोजाबाद की डॉ. सरिता पांडेय, फिरोजाबाद के डॉ. मनीष मगन शामिल हैं।

20 दिनों में संपत्ति न की घोषित तो होगी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अपर मुख्य सचिव कार्मिक ने सभी विभागाध्यक्षों और कार्यालयाध्यक्ष को दिया निर्देश

अमृत विचार: कई निर्देशों के बाद भी चल-अचल संपत्ति न घोषित करने वाले राज्य कर्मचारियों को शासन ने अंतिम चेतावनी देते हुए 31 जुलाई तक संपत्ति ऑनलाइन घोषित कर देने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद भी कर्मियों ने संपत्ति सार्वजनिक नहीं की तो, संबन्धित कर्मचारी के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। यह सख्त निर्देश गुरुवार को कार्मिक विभाग के अपर मुख्य सचिव देवेश चतुर्वेदी ने दिया है।

एसीएस कार्मिक ने जारी एक पत्र के माध्यम से सभी विभागों के एसीएस, प्रमुख सचिव, सचिव और विभागाध्यक्षों को राज्य कर्मियों द्वारा चल-अचल संपत्ति का विवरण दर्ज कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने विभाग के आला अधिकारियों से कहा कि, अपने स्तर से कर्मचारियों की संपत्ति का विवरण प्रस्तुत कराना सुनिश्चित करें।

जारी निर्देश में देवेश चतुर्वेदी ने कहा, 18 अगस्त 2023 को 31 दिसंबर तक चल व अचल संपत्ति का विवरण मानव संपदा पर दर्ज करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद 6 जून को भी पुनः चेतावनी के साथ सख्त आदेश निर्गत किया गया कि 30 जून तक संपत्ति का विवरण दर्ज कर दे। बावजूद, अभी तक कर्मचारियों ने विवरण नहीं अपलोड किया है।

विवरण देने वालों की संख्या न के बराबर

कर्मचारियों के हठ का आलम है कि अपर मुख्य सचिव ने पत्र में कहा कि, मानव संपदा पर पंजीकृत कर्मियों की संख्या के सापेक्ष विवरण प्रस्तुत करने वाले कर्मियों की संख्या न के बराबर है, कर्मचारियों का यह रवैया, कदापि संतोष जनक नहीं है। तमाम परिस्तिथियों को ध्यान में रखते हुए, राज्य कर्मचारियों पुन : इस 31 जुलाई तक संपत्ति विवरण प्रस्तुत करने का अंतिम मौका दिया जा रहा है। इस बार भी विवरण न देने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने डिजिटल हाजिरी पर की चर्चा

अमृत विचार, लखनऊ: परिषदीय विद्यालयों में डिजिटल हाजिरी को लेकर चल रहे शिक्षकों के विरोध के बीच गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा डॉ. एमकेएस सुंदरम को बुलाकर इस विषय पर चर्चा की है। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से आ रही समस्या और सुझाव भी पूछा। मुख्य सचिव के सुझाव पर मुख्यमंत्री ने शिक्षक संगठनों से बातचीत करके इस मुद्दे को सुलझाने को कहा है।

निजी स्कूलों में नहीं होगा शोषण : योगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अनऐडेड और इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

अमृत विचार: राजधानी सहित प्रदेश भर के निजी स्कूलों की समस्याओं को लेकर अनऐडेड प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन और कनफेडरेशन ऑफ इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी विद्यालय के प्रबंधन या प्रधानाचार्य या कर्मचारी का शोषण किसी भी स्तर पर नहीं होने दिया जाएगा।

बैठक के दौरान इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह ने के सामने निजी विद्यालयों के संचालन के दौरान विभागीय हस्तक्षेप की वजह से हो रही परेशानियों से अवगत कराया गया।

जिस पर मुख्यमंत्री योगी ने उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि निजी विद्यालयों के संचालन में व्यवधान उत्पन्न करना या अत्यधिक हस्तक्षेप करना उनकी गुणवत्ता को प्रभावित करता है। ऐसा नहीं होने दिया जाएगा।

इस दौरान स्नातक क्षेत्र से एमएलसी अवनीश कुमार सिंह, एमएलसी उमेश चंद्र द्विवेदी, प्रयागराज के एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, संगठन के बृजेंद्र सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विशाल जैन अध्यक्ष कनफेडरेशन ऑफ इंडिपेंडेंट स्कूल वेस्टर्न उमेश गुप्ता कोषाध्यक्ष लखीमपुर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन से एवं अनएडेड प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल मौजूद रहे।

2600 करोड़ से आयोजित होगा महाकुंभ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: महाकुंभ 2025 को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति दिलाने के लिए प्रयागराज को सजाने और संवारने का कार्य प्रगति पर है। राज्य सरकार ने इस पूरे आयोजन के लिए 2600 करोड़ रुपए के बजट का प्राविधान किया है, जबकि अब महाकुंभ मेले की व्यवस्थाओं और सुविधाओं के लिए सीएसआर फंड का भी उपयोग किया जाएगा।

इस कड़ी में सरकारी और गैर सरकारी संस्थाएं जो अपने सीएसआर फंड के माध्यम से महाकुंभ से जुड़ना चाहती हैं, उन्हें महाकुंभ मेला प्राधिकरण की ओर से आमंत्रित किया गया है। ऐसी संस्थाओं को अपने सीएसआर फंड के माध्यम से करोड़ों श्रद्धालुओं की सेवा और सरकार द्वारा इस आयोजन को वर्ल्ड क्लास बनाने अवसर मिलेगा।

प्रयागराज में होने जा रहे इस महाकुंभ का आयोजन 13 जनवरी 2025 से 26 फरवरी 2025 तक होना है। 40 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में मेला क्षेत्र को 25 सेक्टर्स में बांटा गया है। प्रत्येक सेक्टर में कैंप, ऑफिस, कम्युनिटी एरिया के साथ ही स्वास्थ्य, स्वच्चथा और सुरक्षा से संबंधित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

ढाई एकड़ में बनाई जायेगी टेंट सिटी

अमृत विचार। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ-2025 मेले के दौरान श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था व्यापक की जा रही है। बड़े पैमाने पर टेंट सिटी, होम स्टे, होटल्स आदि का प्रबंध किया जा रहा है। झूंसी में भी ढाई एकड़ में टेंट सिटी बसाई जाएगी। इसमें दो सौ कटेजेज तैयार होंगे। यहां सुपर डिलक्स, प्रिमियम, विला आदि श्रेणी की सुविधाएं मिलेंगी। पर्यटन मंत्री ने गुरुवार को बताया कि महाकुम्भ मेले में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के स्नान, ध्यान, पूजन, आवागमन व ठहरने आदि के लिए उत्तम व्यवस्थाएं की जा रही हैं। संगम पर अरैल तथा परेड ग्राउंड में भी टेंट सिटी बसाई जाएगी।

डिजिटल उपस्थिति पर हो शिक्षकों से बात

अमृत विचार, लखनऊ: प्राइमरी स्कूलों में डिजिटल उपस्थिति के मुद्दे पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी को पत्र भेजा। उन्होंने कहा कि सिर्फ डिजिटल हाजिरी से प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था नहीं सुधरेगी। इस संवेदनशील मुद्दे पर सरकार को शिक्षकों से बात कर ही किसी निर्णय पर पहुंचना चाहिए था।

उन्होंने मुख्यमंत्री से डिजिटल हाजिरी के आदेश के क्रियान्वयन को तात्कालिक प्रभाव से स्थगित करने की मांग की है। भेजे गये पत्र में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पिछले कई दिनों से शिक्षक ऑनलाइन हाजिरी को लेकर आंदोलनरत हैं।

विरोध के बाद चालू हुईं बिजली की पांच इकाइयां

अमृत विचार, लखनऊ: भारी विरोध के कारण पिछले दिनों रिजर्व शट डाउन पर भेजी गईं उत्पादन निगम की पांच इकाइयां गुरुवार को चालू हो गईं, जबकि बंद दो इकाइयों के शीघ्र चालू होने की संभावना है।

बीती 4 जुलाई को टांडा बिजलीघर की 110 मेगावाट की चार इकाइयां और हरदुआगंज की ढाई सौ मेगावाट व 110 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयां बंद की गई थीं। इन इकाइयों को बीती आठ जुलाई को चालू होना था, पर इन इकाइयों को 15 जुलाई तक के लिए फिर बंद करने का निर्णय लिया गया था। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इस मामले में विद्युत नियामक आयोग में याचिका भी दाखिल की गई थी, जिस पर आयोग ने पावर कॉरपोरेशन से जवाब तलब किया था। बीते दिन नियामक आयोग में सुनवाई के दौरान भी इस मुद्दे पर कड़ा विरोध किया गया। सूत्रों के अनुसार विरोध के बाद बंद पांच इकाइयों को चालू कर दिया गया है, जबकि अभी भी टांडा की 110 मेगावाट व हरदुआगंज की 105 मेगावाट की इकाइयां बंद हैं।

पांच वर्षों के लिए घटाई जाएं बिजली दरें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश में अगले पांच सालों तक बिजली दरें बढ़ाने के बजाय घटाने की जरूरत है। गुरुवार को राज्य विद्युत नियामक आयोग की जनसुनवाई में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने यह मांग उठाई। इस दौरान उन्होंने कई अनियमितताओं के आरोप लगाये व कार्रवाई की मांग की।

सुनवाई के दौरान मध्यांचल विद्युत वितरण निगम समेत अन्य बिजली कंपनियों ने नई बिजली दरों को लेकर आयोग में दाखिल प्रस्ताव पर चर्चा की और कंपनियों के घाटे का जिक्र किया। बिजली कंपनियों ने घाटे को लेकर नई दरों पर आयोग से स्वतः निर्णय लेने की मांग की। इस दौरान उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा कि बिजली कंपनियां 11,203 करोड़ रुपये का घाटा दिखाकर नई बिजली दरों में 25 प्रतिशत बढ़ोतरी कराना चाह रही हैं, पर ऐसा नहीं होने दिया जाएगा।

राज्य विद्युत नियामक आयोग की जनसुनवाई में मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

कुछ देर के लिए गुल हो गई बिजली

आयोग में सुनवाई के दौरान बिजली आपूर्ति अचानक गुल हो गई। इस दौरान उपभोक्ताओं ने आपूर्ति व्यवस्था पर सवाल उठाये। उनका कहना था कि लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। मौजूद अधिकारियों ने 'ट्रिपिंग' का तर्क देकर उन्हें समझाया। करीब तीन मिनट बाद बिजली आपूर्ति चालू हुई।

शिकायतों का रहा फर्जी निस्तारण

सुनवाई के दौरान उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि टोल फ्री शिकायत नंबर 1912 पर दर्ज शिकायतों में 75 प्रतिशत शिकायतें फर्जी तौर पर निस्तारित की जा रही हैं। इसकी जांच कराना जरूरी है।

बिना नोटिस लोड बढ़ाने का मुद्दा उठा

सुनवाई के दौरान कई उपभोक्ताओं ने बिना नोटिस के बिजली भार बढ़ा दिये जाने का मामला उठाया। रामशंकर अवस्थी, राकेश गोयल, राशि सिंह जीसी चतुर्वेदी आदि उपभोक्ताओं ने बिजली दर में बढ़ोतरी का विरोध किया।

सुनवाई में आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार व सदस्य संजय कुमार सिंह के साथ ही, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक भवानी सिंह खंगारौत समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

प्रदेश के युवाओं को निशुल्क सिखाई जाएगी विदेशी भाषा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मिलेगा फ्रांसीसी, स्पैनिश और जर्मन भाषा का प्रशिक्षण

अमृत विचार: कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि युवाओं को रोजगार परक बनाने के लिए कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) द्वारा उन्हें निशुल्क विदेशी भाषा सिखाई जा रही है। फ्रांसीसी, स्पैनिश और जर्मन भाषा सिखाई जाएगी, जिससे वे अपने प्रोफाइल में एक नई योग्यता को जोड़ सकें और अपने करियर में उन्नति करके देश और विदेशों में रोजगार के नए अवसर प्राप्त कर सकें।

यह जानकारी देते हुए गुरुवार को राज्यमंत्री ने बताया कि लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर, वाराणसी, आज़मगढ़, अयोध्या, प्रयागराज, झांसी और बांदा जिलों के छात्रों को विदेशी भाषाओं में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। पहले चरण में नौ जिलों में इसकी शुरुआत की जा रही है, मांग बढ़ने पर अन्य जिलों में भी इस तरह के कोर्स संचालित किए जा सकते हैं। प्रशिक्षण की कुल अवधि 192 घंटे होगी। इनका संचालन सप्ताहांत (वीकेंड) में किया जाएगा। मिशन निदेशक अभिषेक सिंह ने बताया कि इच्छुक छात्र और प्रोफेशनल्स यूपीएसडीएम के पोर्टल (upsdm.gov.in) पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं।

सहायता पाना आपका अधिकार
हर मुश्किल में साथ खड़ी सरकार

बाढ़ प्रभावित परिवारों की मदद के लिए अनुमन्य सहायता

- मृतक के परिजन के लिए : ₹4 लाख
- 40% से 60% अपंगता पर : ₹74,000
- 60% से अधिक अपंगता पर : ₹2.50 लाख
- चिकित्सा हेतु : ₹16,000 (1 सप्ताह से अधिक भर्ती पर)
- चिकित्सा के लिए : ₹5,400 (1 सप्ताह से कम भर्ती पर)
- घरेलू सामान एवं कपड़ों की क्षति पर : ₹2,500-₹2,500

फसल की क्षति पर-
- ₹8,500/हेक्टेयर (वर्षा सिंचित क्षेत्र)
- ₹17,000/हेक्टेयर (सिंचित क्षेत्र)
- ₹22,500/हेक्टेयर (बारहमासी फसल)
- रेशम पालन/मूंगा उत्पादन की क्षति पर : ₹6,000-7,500/ हेक्टेयर

- दुधारू बड़े पशु की क्षति पर : ₹37,500 (भैंस, गाय, ऊंट)
- दुधारू छोटे पशु की क्षति पर : ₹4,000 (भेड़, बकरी, सूअर)
- गैर दुधारू बड़े पशु की क्षति पर : ₹32,000 (ऊंट, घोड़ा, बैल)
- गैर दुधारू छोटे पशु की क्षति पर : ₹20,000 (बछड़ा, गधा)
- कुक्कुट की क्षति पर : ₹100/मुर्गा/मुर्गी, अधिकतम ₹10,000
- मत्स्य व्यवसाय में नाव एवं जाल की आंशिक क्षति पर : ₹6,000-₹3,000
- मत्स्य व्यवसाय में नाव एवं जाल की पूर्ण क्षति पर : ₹15,000-₹4,000
- पक्के/कच्चे घर की अधिकांश/पूर्ण क्षति पर : ₹1,20,000/प्रति घर
- घर की आंशिक क्षति पर : ₹6,500 (पक्का), ₹4,000 (कच्चा)
- झोपड़ी एवं पशु बाड़ा की क्षति पर : ₹8,000 एवं ₹3,000

बाढ़ राहत खाद्यान्न किट (प्रथम पैकेट)
5 किलो लाई, 2 किलो भुना चना, एक किलो गुड़, 10 पैकेट बिस्किट, 1 पैकेट माचिस, 1 पैकेट मोमबत्ती, 2 नहाने का साबुन, 20 लीटर की जरीकेन, 1 तिरपाल (12X10 वर्ग फीट एवं मोटाई न्यूनतम 110 जीएसएम)

बाढ़ राहत खाद्यान्न किट (द्वितीय पैकेट)
10 किलो आटा, 10 किलो चावल, 2 किलो अरहर दाल, 10 किलो आलू, 200 ग्राम हल्दी, 100 ग्राम मिर्च, 200 ग्राम सब्जी मसाला, 1 लीटर सरसों का तेल एवं 1 किलो नमक

महिलाओं/किशोरियों के लिए डिग्निटी किट
20 सैनिटरी पैड, 2 साबुन, तौलिया, 1 मीटर सूती कपड़ा, 20 डिस्पोजेबल बैग एवं मग

राहत आयुक्त कार्यालय, उत्तर प्रदेश
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया निःशुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

पत्नी से हुआ झगड़ा तो 6 वर्ष के सौतेले बेटे को पीटकर मार डाला

रिश्ते का कत्ल

पिता गिरफ्तार : पहली पत्नी की मौत के बाद की थी दूसरी शादी, अकसर होता था झगड़ा

संवाददाता, लखनऊ/ठाकुरगंज

अमृत विचार : ठाकुरगंज के फरीदीपुर में गुरुवार दोपहर पत्नी से विवाद पर गुस्साए पिता ने छह साल के सौतेले बेटे प्रिंस की पीटकर हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, मां अपने मायके वालों के साथ थाने पहुंचकर हत्यारोपी के खिलाफ तहरीर दी जिस पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया। पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है।

एसीपी चौक राजकुमार सिंह के मुताबिक, फरीदीपुर लालाबाग निवासी शिवशक्ति मिश्र उर्फ मोनू मिश्र रंगाई-पुताई का काम करता है। उसने गुरुवार दोपहर में पत्नी से विवाद के बाद नाराज मोनू ने छह साल के बेटे प्रिंस की बुरी तरह पिटाई की। वह बेसुध होकर कमरे में गिर गया। मां काजल उसे बचाने के लिए आगे बढ़ी तो उसकी भी पिटाई की। किसी तरह काजल बेटे को लेकर पास के एक अस्पताल गई। जहां से ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद काजल ने पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, घटना स्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाने पहुंच गई। पुलिस ने मौके से ही आरोपी सौतेले पिता शिवशक्ति मिश्रा उर्फ मोनू को गिरफ्तार कर लिया। देर रात तक पुलिस उससे पूछताछ की। उसने बताया कि पत्नी से विवाद के बाद गुस्से में आकर उसने हत्या की।

लोहे की राड से पीटा और दीवार में दे मारा सिर

पिता ने मासूम बेटे को लोहे की रॉड से पीटा और सिर दीवार में दे मारा। जिससे वो गंभीर रूप से घालय हो गया। घायल अवस्था में बच्चे को एरा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पहले पति से थे दो बेटे, किराए के मकान में रहती थी काजल

पुलिस के मुताबिक मूलत : हरदोई संडीला स्थित गदौरान निवासी काजल बालागंज गौशाला में रहती है। उसकी शादी रायबरेली के सहंगो निवासी रमेश पटेल से हुई थी। काजल के उससे दो बेटे प्रिंस (6) व सनी (7) हैं। 2017 में काजल का परिचय सआदतगंज के नेवाजगंज चौपटिया निवासी शिवशक्ति मिश्रा उर्फ मोनू से हुआ। दोनों ने शादी कर दी। मोनू की पहली पत्नी की मौत हो गई थी। दोनों की दूसरी शादी थी। काजल के बेटे प्रिंस के साथ दोनों किराए के मकान में रहने लगे। पड़ोसियों ने बताया कि काजल और मोनू में अक्सर विवाद होता था।

घरेलू विवाद में हुई हत्या

प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय ने बताया कि घरेलू विवाद के चलते सौतेले पिता ने बेटे की पीटकर हत्या कर दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर पुलिस कार्रवाई करेगी। वहीं पुलिस हत्यारोपी से पूछताछ करने में जुटी है। बच्चे की मां और उसके मायके वाले हत्यारोपी पिता पर सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग कर रहे हैं।

बहन को पिटता देख छोटे भाई ने रोका तो चाकू मारकर की हत्या

बड़े भाई को लोगों ने दबोचा: नशे में झगड़ते वक्त बीच-बचाव करने पहुंची थी बहन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सआदतगंज स्थित हसनगंज बावली में बुधवार देर रात नशे में धुत्त दो भाई आपस में भिड़ गए। बीच-बचाव करने पहुंची बहन की भी बड़े भाई ने पिटाई कर दी। इसका विरोध छोटे ने किया तो उस पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल छोटे भाई को परिजन ट्रामा सेंटर लेकर गए। जहां उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वारदात में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया गया।

एसीपी बाजारखाला वीरेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि दो भाइयों की भिड़ंत में फैसल (23) की मौत हुई है। वह कैटर्स का काम करते थे। बहन आतिफा ने बताया कि बुधवार रात दोनों भाई एखलाक और फैसल घर पहुंचे। बड़ा भाई एखलाक शराब के नशे में बिना किसी कारण उसकी पिटाई करने लगे। वहीं फैसल मां परवीन से गाली-गलौज कर रहे थे। एखलाक को बहन की पिटाई करता देख फैसल ने विरोध किया तो उसने चाकू से उसके पेट पर कई ताबड़तोड़ वार किए। खून से लथपथ फैसल जमीन पर गिर पड़ा। उसके पेट से खून निकलता देख एखलाक घर से भाग निकला।

आनन-फानन मां ने पड़ोसियों की मदद से फैसल को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। जहां इलाज शुरू करने के कुछ देर बाद ही उसे मृत घोषित कर दिया। एसीपी के मुताबिक, आरोपी एखलाक को उसके घर के पास से गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, उसकी निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है। हालांकि पड़ोसियों ने बताया कि वारदात होने के बाद आरोपी को स्थानीय लोगों ने तत्काल दबोच लिया था और मौके पर पहुंची पुलिस के सुपुर्द कर दिया।



मृतक फैसल

नशे में थे दोनों भाई

इंस्पेक्टर सआदतगंज बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि दोनों भाई नशे के आदी थे। फैसल अक्सर घर में शराब पीकर आता था। दो साल पहले वह शराब के नशे में छत से कूद भी चुका है। रात में दोनों भाइयों के बीच झगड़ा हुआ। इस दौरान एखलाक चाकू लेकर आ गया। दोनों में छीना-झपटी हुई। इसी से नाराज होकर एखलाक ने चाकू से कई वार कर दिया।

पुलिस की गिरफ्त में एखलाक।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

मौसम

तेज बारिश की संभावना और आकाशीय बिजली भी गिर सकती है।

36.5° अधिकतम तापमान
27.4° न्यूनतम तापमान

शहर में आज

- नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकनाथ सभागार में जीआईएस सर्वे समाधान दिवस सुबह 9 :00 बजे।
- जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय पर मोबाइल रिचार्ज में भारी वृद्धि के खिलाफ प्रदर्शन 12 बजे
- कर्बला मुंशी फजले हुसैन में औन व मोहम्मद के ताबूत का जुलूस सायं 4 .00 बजे
- एलएमए ऑफिस गोमतीनगर में लघु फिल्म गिल्ली डंडा के शो की स्क्रीनिंग सायं 5 .00 बजे।
- संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद की ओर से लोकनृत्य और संगीत का कार्यक्रम सायं 7 .00 बजे।
- पांच मुहर्रम को इमामबाड़ा शाहनजफ हजरतगंज में आग पर मातम रात 8 .00 बजे।

अबरार नगर में उभरा विरोध, पुलिस ने खदेड़ा, ग्रीन बेल्ट पर बने मकान टूटेंगे

सिंचाई विभाग ने पांचों मोहल्लों में नदी किनारे पूरा किया सर्वे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : कुकरैल नदी किनारे अबरार नगर, रहीम नगर, खुर्रम नगर, इंद्रप्रस्थ नगर और पंत नगर में बने 1300 से अधिक मकानों पर बुलडोजर चलेगा। सिंचाई विभाग का सर्वे पूरा होने पर चिह्नित 50-50 मीटर डूब क्षेत्र के पास अवासीय व व्यवसायिक निर्माण मास्टर प्लान की ग्रीन बेल्ट में निकले। वहीं, अबरार नगर में टीम को विरोध का सामना करना पड़ा और फोर्स भीड़ खदेड़कर अंदर दाखिल हुई।

गुरुवार को सिंचाई विभाग के साथ जिला प्रशासन, एलडीए व नगर निगम की टीम पुलिस बल के साथ अबरार नगर में कुकरैल नदी किनारे सर्वे करने पहुंची। घरों पर लगाए जा रहे लाल निशान देखकर तनाव रहा। स्थानीय लोगों ने चिह्निकरण का विरोध किया। देखते ही देखते सैकड़ों लोग घरों से निकल आए और एकजुट होकर हंगामा किया। इस बीच पुलिस ने कुछ लोगों को खदेड़ दिया और गली-गली टीम के साथ बंटकर नापजोख करके मकानों पर लाल निशान लगाए और शाम तक सर्वे पूरा कर लिया। चार दिन तक चले सर्वे में नदी किनारे 50-50 मीटर का कुल 2 किमी क्षेत्र चिह्नित करने के बाद शहर के मानचित्र से मिलान किया तो मास्टर प्लान में ग्रीन बेल्ट की जमीन निकली। जिस पर करीब 1300 से अधिक मकान, अपार्टमेंट, व्यवसायिक आदि भवन बने हैं।

कल्याणपुर क्षेत्र के शिवानी विहार में मकान पर निशान लगाते एलडीए के कर्मी।

1300
मकानों पर चलेगा बुलडोजर

एलडीए ने नोटिस के लिए शुरू किया मकानों का चिह्निकरण

सर्वे में सिंचाई विभाग द्वारा लगाए गए लाल निशान वाले मकानों का गुरुवार से एलडीए ने चिह्निकरण शुरू किया। छह टीमों ने पुलिस बल के साथ पांचों मोहल्लों में मकानों की संख्या, क्षेत्रफल, कितने मंजिल, कमरे, भवन स्वामी का नाम, पता, परिवार के सदस्य, रजिस्ट्री, अभिलेख आदि प्रारूप पर भरे। इस आधार पर भवन स्वामियों को एलडीए नोटिस जारी करेगा और आपत्तियां लेकर अभिलेखों से मिलान करेगा। अवैध होने पर ध्वस्त करेगा।

सोसाइटी से खरीदी जमीन फर्जीवाड़ा की आशंका

अमृत विचार, लखनऊ : अबरार नगर में रहने वाले लोग निराश दिखे। महिलाएं मकान टूटने की बात सुनकर खूब रोईं। उन्होंने कहा कि 40 साल पहले जमीन खरीदकर मकान बनवाएं तब विभाग कहां थे ? इसका गृहकर, जलकर आदि देते आ रहे हैं। अबरार नगर के शिवानी विहार निवासी जुहैद, आदिल, अंसारी आदि ने बताया की पहले यहां नदी नहीं थी। 40 साल पहले सोसाइटी से जमीन खरीदकर रजिस्ट्री कराई और लाखों रुपये खर्च करके मकान बनाए। वह रजिस्ट्री व अन्य अभिलेख के आधार पर आपत्ति दर्ज कराएंगे और सुनवाई न हुई तो कोर्ट जाएंगे। यह भी बात सामने आई कि यह फर्जीवाड़ा सोसाइटी ने किया है। इनके द्वारा ग्रीन बेल्ट और नदी किनारे जमीन लोगों को बेची गई और मकान बन गए, क्योंकि इस क्षेत्र में ज्यादातर सोसाइटी बनी हैं और ध्वस्तीकरण की जद में आईं हैं। पिछले सप्ताह एलडीए उपाध्यक्ष ने शहर में 9 सहकारी आवास समितियों को दी गई जमीन की जांच निर्देश दिए हैं। यहां भी बड़ा फर्जीवाड़ा हो सकता है।

पलटवार

लखनऊ में कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष शरद शुक्ला ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय के बाहर होर्डिंग लगा दी है। इसमें लिखा गया है कि 100 रुपये से कम में दाल लेना हो तो 'मंत्री जी' से संपर्क करें। यह होर्डिंग लगाकर चर्चा का विषय बन गई है।

मलिहाबाद, मोहनलालगंज सीएचसी में भी अब फोन पर मिलेगी जांच रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ: मलिहाबाद व मोहनलालगंज सीएचसी पर आने वाले मरीजों को जांच रिपोर्ट के लिए बेवजह सरकारी अस्पतालों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। मोबाइल फोन पर एसएमएस से जांच रिपोर्ट भेजने की सुविधा यहां शुरू हो गई है। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल के मुताबिक अभी तक बलरामपुर, सिविल व लोकबंधु अस्पताल में यह सुविधा थी। अब डफरिन, झलकारीबाई, रानीलक्ष्मीबाई, ठाकुरगंज, बीआरडी महानगर, रामसागर मिश्रा संयुक्त चिकित्सालय पर इसकी शुरूआत की गई है।

आम की 800 से अधिक प्रजातियों का होगा प्रदर्शन

अमृत विचार, लखनऊ : 12 से 14 जुलाई तक अवध शिल्प ग्राम में होने वाले आम महोत्सव में लगभग 800 से अधिक आम की प्रजातियों का प्रदर्शन किया जाएगा। उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने गुरुवार को महोत्सव की तैयारी का जायजा लिया।

मंत्री ने आम महोत्सव के लिए लगे स्टालों का निरीक्षण भी किया। कृषि उत्पादन आयुक्त देवेश चतुर्वेदी, अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण बीएल मीणा, निदेशक उद्यान डा. वीबी द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मुहर्रम पर कल शाम से बदल जाएंगे चौक और ठाकुरगंज जाने के रास्ते

14 को जुलूस की समाप्ति तक लागू रहेगा डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: मुहर्रम पर 13 और 14 जुलाई को चौक और ठाकुरगंज थाना क्षेत्र से आवाजाही करनी है तो पहले बदले हुए वैकल्पिक रास्ते जान लें। इन थाना क्षेत्र से मुहर्रम का जुलूस निकाला जाएगा। इसके चलते डायवर्जन लागू रहेगा।

डीसीपी ट्रैफिक कमलेश कुमार दीक्षित ने बताया 7वीं मुहर्रम पर मुस्लिम समुदाय मेंहदी का जुलूस शाम सात बजे से चौक क्षेत्र के बड़ा इमामबाड़ा से शुरू होकर रूमीगेट, घन्टाघर, शीश महल, सतखण्डा तिराहा, रईस मंजिल से छोटे इमामबाड़ा ठाकुरगंज क्षेत्र में समाप्त होगा।

इस दिन पक्का पुल बड़ा इमामबाड़ा से छोटा इमामबाड़ा तक के रास्तों पर आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। डायवर्जन 13 जुलाई को शाम पांच बजे से जुलूस के समाप्त होने लागू रहेगा। इस दौरान इन रूट के वाहन चालकों की आवाजाही के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं।

इन रास्तों से बंद रहेगा वाहनों का आवागमन

- डालीगंज क्रासिंग से पक्का पुल होकर बड़ा इमामबाड़ा नहीं जा सकेंगे।
- हरदोई रोड से कोनेश्वर चौराहे से घंटाघर नहीं जा सकेंगे।
- कैसरबाग से सीतापुर रोड होकर पक्का पुल नहीं जा सकेंगे।
- कैसरबाग से हरदोई रोड से पक्का पुल नहीं जा सकेंगे।
- तहसीनगंज तिराहा से हुसैनाबाद को नहीं जा सकेंगे।
- रामगंज तिराहा से छोटा इमामबाड़ा होकर घंटाघर नहीं जा सकेंगे।
- खुन-खुन जी गर्ल्स डिग्री कॉलेज होकर नींबू पार्क तिराहा नहीं जा सकेंगे।
- मेडिकल क्रास (कमला नेहरू) चौराहा से नींबू पार्क नहीं जा सकेंगे।
- शाहमीना तिराहा से पक्कापुल होकर बड़े इमामबाड़े नहीं जा सकेंगे।
- नीबू पार्क फ्लाई ओवर से उतर कर रूमी गेट की ओर नहीं जा सकेंगे।
- नीबू पार्क से बड़ा इमामबाड़ा या घंटाघर, छोटे इमामबाड़े की ओर नहीं जा सकेंगे।
- नया पक्का पुल बन्धा तिराहे से पक्का पुल चौराहे की ओर नहीं जा सकेंगे।
- नक्खास तिराहे से विक्टोरिया स्ट्रीट की ओर नहीं जा सकेंगे।
- मेडिकल क्रास चौराहे से विक्टोरिया स्ट्रीट की ओर नहीं जा सकेंगे।

इन वैकल्पिक रास्तों का करें प्रयोग

- डालीगंज क्रासिंग ओवरब्रिजज से चौराहा नंबर-8, आईटी चौराहा
- चौक, मेडिकल क्रास (कमला नेहरू) होकर आवाजाही कर सकेंगे।
- डालीगंज पुल से आईटी चौराहा, कपूरथला चौराहा होते जाएंगे वाहन।
- शाहमीना तिराहे से मेडिकल कॉलेज, कोनेश्वर होकर जाएंगे वाहन।
- हुसैनाबाद तिराहा से तहसीनगंज तिराहा होकर जा सकेंगे लोग।
- चौक चौराहा से कमला नेहरू होकर मेडिकल कॉलेज चौराहा जाना होगा।
- चौक चौराहा, ठाकुरगंज होकर या चरक चौराहा होकर जा सकेंगे।
- रकाबगंज पुल, बाजारखाला होकर जा सकेंगे।

एक नजर

गोमतीनगर, फैजुल्लागंज मे आज रहेगी बिजली गुल

अमृत विचार, लखनऊ : शहर के कई इलाकों मे जर्जर पोल, केबल तारों को बदलने के कार्य के चलते सप्लाई बाधित रहेगी। गोमती नगर के विपिन खंड उपकेंद्र के विकास फीडर पर डीपी पर केबल चढ़ाने और कनेक्ट करने का कार्य किया जायेगा। इसके चलते विशाल खंड 3,4,5 और उसके आसपास के क्षेत्र मे सुबह 11 से 1बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी। वही फैजुल्लागंज से पोषित गाजीपुर फीडर की जर्जर एचटी तार को बदलने का कार्य किया जायेगा। जिसके चलते एनआरएम मार्ट से मौर्या मार्केट चौराहा, नीलकंठ परिवर्तक और जैन कॉलोनी की सप्लाई सुबह 10 से 5 बजे तक गुल रहेगी।

शुरुआत | आम लोगों के लिए खुला हैप्पीनेस पार्क

यहां आइए ... नजारा देख आ जाएगी मुस्कुराहट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: हैप्पीनेस पार्क गुरुवार से निर्धारित शुल्क के साथ आमलोगों के लिए खोल दिया गया। पार्क में कबाड़ से शिल्पकला के ऐसे माडल स्थापित किए गए हैं जो देखने वालों के चेहरे पर मुस्कुराहट ला देंगे।

मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने गुरुवार को हैप्पीनेस पार्क का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि लगभग 6.50 एकड़ में फैला यह पार्क विभिन्न सुविधाओं और आकर्षणों से भरा हुआ है। इसमें कबाड़ से त्रिआयामी शिल्प स्थापित किए गए हैं जिन्हें देखकर बरबस लोगों के चेहरे पर मुस्कुराहट खिल उठेगी। साथ ही बचपन में विलुप्त हुए खेलों को कवाड़ से बने माडलों से दर्शाया गया है। कबाड़ को ही सुंदर रूप देकर बॉलीवुड सेल्फी जोन बनाए गए हैं। बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए 25 रुपये और अन्य के लिए 50 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है।

मंडलायुक्त के निरीक्षण के दौरान एलडीए उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

▸▸ बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए 25 व अन्य के लिए 50 रुपये शुल्क

हैप्पीनेस पार्क का निरीक्षण करतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब। अमृत विचार

12 से 14 तक अवध शिल्पग्राम क्षेत्र में डायवर्जन

अमृत विचार, लखनऊ : डीसीपी ट्रैफिक ने बताया 12 से 14 जुलाई तक 'उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2024' का आयोजन अवध शिल्प ग्राम, अवध बिहार योजना, सेक्टर-9, अमर शहीद पथ में होगा। इसके चलते इस क्षेत्र में डायवर्जन लागू किया गया है। वीआईपी आवागमन मार्ग और अवध शिल्पग्राम योजना कार्यक्रम स्थल नो पार्किंग जोन रहेगा।

- अवध शिल्पग्राम (नीलमथा अंडर पास) चौराहे से अवध शिल्प ग्राम गेट नंबर तीन तिराहा कार्यक्रम स्थल की तरफ नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग नगराम रोड या नीलमथा रोड होगा।
- अवध शिल्पग्राम गेट नंबर तीन तिराहे से गुड़ियन देवी मन्दिर तिराहे की ओर नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग एसबीआई इन्क्लेब उतरेठिया रेलवे स्टेशन रोड होगा।
- गुड़ियन देवी मन्दिर तिराहे से गेट नंबर तीन तिराहे की ओर नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग रोटरी नंबर 14 चौराहा से नगराम रोड होकर निर्धारित किया गया है।

इमरजेंसी में वाहन आ जा सकेंगे

डायवर्जन के दौरान वैकल्पिक मार्ग के अभाव में प्रतिबन्धित मार्ग पर एंबुलेंस, शव वाहन, फायर सर्विस, स्कूली वाहन निकलने दिये जायेंगे।

एक नजर

समाचार पत्र वितरक राजकुमार का निधन

अमृत विचार, लखनऊ : सरोजनी नगर स्थित शांतिनगर में रहने वाले समाचार पत्र वितरक राजकुमार (62) का गुरुवार को लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके परिवार में पत्नी के अलावा चार पुत्रियां लक्ष्मी, प्रीति, नीतू और किरण के अलावा एक पुत्र शैलेन्द्र कुमार हैं। राजकुमार के निधन की सूचना मिलते ही उनके आवास पर समाचार पत्र वितरकों, अभिकर्ताओं और प्रेस प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में जानने वाले और रिश्तेदार उमड़ पड़े। अमौसी में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

राजकुमार

नगर निगम ने प्रधानमंत्री आवास की लॉटरी रोकी

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम ने प्रधानमंत्री आवास की लॉटरी को रोक दिया। अपात्रों सहित बांग्लादेशियों द्वारा मकान के लिए आवेदन करने की शिकायत पर नगर आयुक्त ने गुरुवार को लॉटरी रोक दी। पात्र और अपात्रों की जांच के बाद दोबारा लॉटरी की जाएगी। नगर निगम देवपुर पारा में 264 प्रधानमंत्री आवास बना रहा है। इनका काम लगभग पूरा हो चुका है। इन मकानों के लिए 24 जनवरी से 23 फरवरी के बीच ऑनलाइन पंजीकरण खोला गया था। 1084 लोगों ने मकान के लिए आवेदन किया है।

अप यार्ड रनिंग रूम का डीआरएम ने किया निरीक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के चारबाग रेलवे स्टेशन क्षेत्र में स्थित लोको पॉयलेट क्रू और ट्रेन मैनेजर अप यार्ड रनिंग रूम का गुरुवार दोपहर डीआरएम ने निरीक्षण किया। रनिंग रूम में सुलतानपुर, अयोध्या कैंट, रायबरेली, प्रतापगढ़, गोंडा, गोरखपुर, रोज़ा, बरेली, मुरादाबाद और कानपुर मुख्यालय के लोको पॉयलेट क्रू और ट्रेन मैनेजर विश्राम के लिए आते हैं। इनके आरामदायक विश्राम और बेहतरीन खानपान के साथ रहन-सहन की सुविधाएं गिनाई गई।

कोरियर पार्सल सेवा के लिए निगम ने किया अनुबंध

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में कोरियर पार्सल सेवा संचालित करने के लिए निविदा के माध्यम से चयनित की गई फर्म एमएस एवीजी लाजीस्टिक लिमिटेड दिल्ली और परिवहन निगम के मध्य 5 वर्ष की अवधि के लिए परिवहन मुख्यालय में अनुबंध निष्पादित किया। इस अनुबंध के तहत गुरुवार को परिवहन निगम को प्रथम वर्ष में 4.51 करोड़ की प्राप्ति होगी और प्रत्येक वर्ष वार्षिक वृद्धि के बाद निगम को कुल 5 वर्षों में 25.24 करोड़ की आय होगी। अनुबंध परिवहन निगम के प्रधान प्रबंधक अशोक कुमार और एमएस एवीजी लिमिटेड के निदेशक राजीव अग्रवाल के मध्य हस्ताक्षरित हुआ।

गोमती नगर विस्तार में व्यवसायिक भवन सील

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विकास प्राधिकरण ने गोमती नगर विस्तार में एक व्यवसायिक भवन सील कर दिया। गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-4 में विजय भूषण तिवारी व अन्य द्वारा 165 वर्गमीटर में व्यवसायिक निर्माण करते पाया। निर्माण स्वी कृत मानचित्र के विपरीत किया गया। जोनल अधिकारी वंदना पांडेय ने बताया कि अभियंता उदयवीर सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता आशीष श्रीवास्तव ने भवन को सील कर दिया।

वेलनेस सिटी व मोहान रोड योजना का बढ़ेगा दायरा

वेलनेस सिटी में विश्व स्तरीय योग रिट्रीट सेंटर व प्रबंध नगर योजना में बनेगा लॉजिस्टिक पार्क

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : एलडीए की वेलनेस सिटी में सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के साथ विश्व स्तरीय योग रिट्रीट सेंटर बनेगा। मेडिकल कॉलेज व विश्वविद्यालय आदि के लिए जमीन कम न पड़े, इसके लिए मोहान रोड योजना व वेलनेस सिटी में संस्थागत भूखंडों का दायरा बढ़ाया जाएगा। गुरुवार को प्राधिकरण के पारिजात सभागार में चार नई आवासीय योजनाओं की समीक्षा में बदलाव के सुझाव मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी व केवी राजू ने दिए।

उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने चार आवासीय योजनाओं का प्रस्तुतिकरण दिया। इसमें सुल्तानपुर रोड पर वेलनेस सिटी, मोहान रोड योजना प्रमुख थीं। अवनीश कुमार ने दोनों योजनाओं में संस्थागत भूखंडों का क्षेत्रफल बढ़ाने का सुझाव दिया। कहा, इससे निवेश का दायरा बढ़ेगा और राजधानी में फॉरेन यूनिवर्सिटीज आकर्षित होंगे। वेलनेस सिटी में हॉस्टिपल के साथ योग रिट्रीट सेंटर बनाने के निर्देश दिये। आईआईएम रोड पर ग्राम-घैला, अल्लूनगर डिगुरिया व ककौली की भूमि पर प्रस्तावित प्रबंध नगर योजना की रोड कनेक्टिविटी काफी बेहतर है। यहां लॉजिस्टिक पार्क विकसित करें। इससे निवेश बढ़ने के साथ रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

आईटी सिटी के प्रस्तुतिकरण पर केवी राजू ने सुझाव दिया कि योजना में इंडस्ट्रियल एरिया के पास ही कर्मचारियों के लिए बहुमंजिला आवासीय भवनों का प्रावधान किया जाए। कहा कि एक मास्टर डेवलपर का चयन करें। 15 अगस्त तक मोहान रोड योजना का कार्य शुरू कराएं। दिवाली तक वेलनेस सिटी को लांच करने का काम करें। बैठक में सचिव विवेक श्रीवास्तव, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह, मुख्य नगर नियोजक केके गौतम, वित्त नियंत्रक दीपक सिंह शामिल रहे।

प्रस्तुतिकरण को देखते मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी व केवी राजू।

शासन तक बायोमेट्रिक खुलेंगी फाइलें

ई-ऑफिस व्यवस्था

- सिर्फ एडमिन को होगा अधिकार, आंख और अंगुलियों से खुलेगा पोर्टल

अमृत विचार, लखनऊ : एलडीए में ई-ऑफिस की प्रक्रिया 15 जुलाई से शुरू होगी और 1 अगस्त से पूरी तरह से व्यवस्था लागू होने से सभी कार्य पेपरलेस होंगे। इस डिजिटल व्यवस्था से प्राधिकरण से लेकर शासन तक बायोमेट्रिक पोर्टल खोलकर किसी भी अनुभाग के अधिकारी व कर्मचारी के कार्य व पत्रावली की स्थिति देख व निकाली जा सकेगी।

यह अधिकार सिर्फ एडमिन यानी उपाध्यक्ष के पास होगा, जो अपनी लॉगिन आईडी में पासवर्ड डालने के साथ आइरिस स्कैन (आंख) व बायोमेट्रिक डिवाइस में अंगुली लगाकर खोलेंगे। फायदा यह होगा कि शासन में जाने पर यदि कोई पत्रावली मांगी जाती है तो किसी अधिकारी से न मंगाकर सीधे वहीं पोर्टल खोलकर तलब कर सकेंगे और वहीं से संबंधित अधिकारी या कर्मचारी को भेजकर सवाल-जवाब या आगे की प्रक्रिया करेंगे। डिजिटल में श्रेणी 1 व 2 स्तर के अधिकारी व श्रेणी 3 में अनुभाग अधिकारी, प्रवर वर्ग सहायक, अवर वर्ग सहायक शामिल हैं।

एडमिन बांटेंगे फाइलें

जो भी शासन या अन्य विभागों से फाइलें या पत्र आएंगे, वह सिर्फ एडमिन अपनी आईडी से संबंधित को भेजेंगे। कोई अधिकारी व कर्मचारी अपनी आईडी दूसरे कंप्यूटर पर नहीं खोल पाएंगे, न ही बदलाव या छेड़छाड़ कर पाएंगे।

अस्थायी अधिभोग प्रमाण पत्र न दें प्राधिकरण : रेरा

- इकाई का पूरा विवरण दर्शाने पर आंशिक ओसी जारी करने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : औद्योगिक/आवासीय विकास प्राधिकरण इकाई निर्माण के लिए अधिभोग प्रमाण पत्र (अस्थाई ओसी) परियोजनाओं को जारी नहीं करेंगे। आंशिक पूर्णता प्रमाण (पार्ट ओसी) इकाइयों को चिह्नित करते हुए पूरा विवरण दर्शाने पर देंगे। गुरुवार को यह निर्देश उप्र भू-सम्पदा नियामक प्राधिकरण (रेरा) ने प्राधिकरण को दिए हैं।

कहा, अब सक्षम प्राधिकरण किसी भी परियोजना को यदि पार्ट ओसी देंगे तो उसमें बनाने वाली सभी इकाई और हिस्से को चिह्नित करते हुए पूरा विवरण दर्शाने पर ही जारी करेंगे। इसके बाद शर्तों के आधार पर निर्माण पूर्ण करने पर फुल ओसी जारी की जाएगी। जबकि अस्थाई ओसी प्राधिकरण नहीं देंगे। क्योंकि यह विधिक नहीं होती है।

इस प्रक्रिया में शर्तें पूरी न होने पर फ्लैट, भूखंड व अन्य भवन खरीदने पर आवंटियों रजिस्ट्री कराने पर नुकसान होता है। इससे विवाद की स्थिति बन जाती है और मामले का समाधान नहीं हो पाता है। अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने कहा कि यह बिल्डर और आवंटियों के बीच विवादों को कम करने की अच्छी पहल है।

बालाकदर परिसर में नाला सफाई की मशीनों का लोकार्पण करतीं महापौर।

10 नई मशीनों से होगी नालों की सफाई

- महापौर ने बालाकदर में किया मशीनों का लोकार्पण

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम ने नाला सफाई के लिए 10 नई मशीनें खरीदी हैं। इन मशीनों से शहर के छोटे और बड़े नालों की सफाई की जाएगी।

महापौर सुषमा खर्कवाल ने गुरुवार को नगर निगम के बालाकदर स्थित मार्ग प्रकाश विभाग जोन एक कार्यालय परिसर में 10 मिनी क्रावलर एक्सीवेटर मशीनों का लोकार्पण किया। दो करोड़ से खरीदी गयीं उच्च तकनीकी की इन मशीनों में डीजल की खपत भी कम होती है। इन मशीनों से शहर की सकरी गलियों में छोटे और बड़े दोनों नालों की सफाई तेजी से की जा सकती है।

इस अवसर पर महापौर के साथ नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, डॉ अरविंद कुमार राव, पार्षदगण और केंद्रीय कार्यशाला के अभियंता और कर्मचारी उपस्थित रहे।

सात किलो की चर्बी की गांठ निकलते ही सक्रिय हुआ हाथ

- सिविल अस्पताल में सफल हुई सर्जरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल के डॉक्टरों ने शंकर (42) के कंधे के ऊपर से 7 किलो की चर्बी की गांठ (लिपोमा) निकाल कर न केवल राहत दी, बल्कि निष्क्रिय हो चुके हाथ को पुनः सक्रिय बना दिया है। जिसके बाद परिवार के सदस्य खुश हैं कि पीड़ित पहले की तरह अब दिहाड़ी मजदूरी कर सकेगा और परिवार का भरण-पोषण सामान्य रूप से हो सकेगा।

सिविल अस्पताल में सर्जरी करने वाली सर्जन डॉ. सुरम्या पाण्डेय ने बताया कि चौक निवासी शंकर के कंधे के ऊपरी हिस्से में चर्बी की गांठ थी। भारी भरकम गांठ कंधे में जाने वाली धमनियों व नर्व को दबा रही थी। जिससे उसके हाथ का संचालन प्रभावित हो गया था और वह मजदूरी नहीं कर पा रहा था। मरीज सिविल अस्पताल में ओपीडी में पहुंचा और जरूरी जांच के बाद सर्जरी करने का निर्णय किया गया। मरीज को भर्ती करके गुरुवार को सर्जरी कर लिपोमा निकाल दिया गया। चर्बी की गांठ निकलने से दबी नसें पुनः सामान्य स्थिति में आने लगीं और हाथ ने काम करना शुरू कर दिया। अब कुछ दिनों के बाद शंकर पहले की तरह मजदूरी कर सकेगा और बच्चों का भरण पोषण कर सकेगा। सर्जरी करने वाली टीम में डॉ. सुरम्या पाण्डेय, एनेस्थेटिक्स डॉ. एस के सिंह, रेजीडेंट्स डॉ. मनीष व डॉ. शिशिर और ओटी टेक्नीशियन रोली शामिल रहीं।

बसरैला में बिना कार्य किया भुगतान, रिकॉर्ड गोल

अमृत विचार, लखनऊ : काकोरी ब्लॉक की ग्राम पंचायत बसरैला में बिना कार्य के लाखों रुपये का भुगतान किया गया। जिलाधिकारी ने टीम बनाकर जांच कराई तो सचिव ने अभिलेख अधूरे दिए। इस वजह से जांच नहीं हो सकी।

बसरैला के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से वर्ष 2020-21 व 2021-22 में केंद्र वित्त की विकास निधि से शौचालय, ग्राम सचिवालय का कायाकल्प, हैंडपंप रिबोर व मरम्मत, साफ-सफाई व नाली निर्माण आदि कार्य बिना कराए लाखों रुपये प्रधान व सचिव द्वारा भुगतान करने की शिकायत की थी। नोटिस के आधार पर प्रधान ने इस पर स्पष्टीकरण दिया था। पूरे मामले की जांच जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी और सहायक अभियंता लघु सिंचाई से कराई गई, लेकिन मौके पर टीम को कार्य और भुगतान के अभिलेख नहीं दिए। सचिव द्वारा जो अभिलेख दिए गए, वह अधूरे रहे। जबकि प्रधान के स्पष्टीकरण की जांच भी नहीं हो पाई।

परिवहन मंत्री ने किया निरीक्षण, 6 बसों को सीज करने के दिए निर्देश

- सख्त तेवर देख अवैध बस चालकों में मची अफरातफरी
- डग्गामार बसों के चालक, हेल्पर बस छोड़कर भागे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : उन्नाव बस हादसे के बाद परिवहन विभाग के अफ़सरों पर सख्ती बरतने के लिए परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह सड़क पर उतरे और बसों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने 6 बसों को सीज करा दिया।

परिवहन मंत्री ने गुरुवार को आजमगढ़ स्थित थाना कंधारपुर सुबह 11 से 12 बजे के बीच में अपने यात्रा के दौरान बसों का औचक निरीक्षण किया। तो डग्गामार बसों के बस चालकों, हेल्परों में अफरातफरी मच गई। आनन-फानन में चालक बस छोड़कर भाग गए। उन्होंने इस दौरान 6 बसों को मानक विहीन पाया। मौके पर ही उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों और लोकल थाना इंचार्ज को बुलाकर उक्त बसों को सीज करने के निर्देश दिए। इस कारवाई के बाद प्रदेश में चलने वाले डग्गामार बसों के संचालकों में हड़कंप मच गया। बिहार, गोरखपुर, वाराणसी से विभिन्न डग्गामार बसों को सभी रूटों पर चेक किया गया। मंत्री के औचक निरीक्षण के बाद आरटीओ प्रवर्तन दल ने सभी बसों की जांच में पूरी तरह की मुस्तैद दिखाई। प्रदेश में डग्गामार बसों के संचालन से जहां आये दिन दुर्घटनाएं हो रहीं हैं, वहीं यात्रियों की जिंदगी सफर के दौरान खतरे में रहती है।

केजीएमयू को मिला 3टी एमआरआई, सीटी स्कैनर

- कई तरह के कैंसर का पता लगाने में मिलेगी मदद, इलाज में होगी सहूलियत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के रेडियोडायग्नोसिस विभाग ने गुरुवार को नए अत्याधुनिक 3टी एमआरआई और 160 स्लाइस सीटी स्कैनर का उद्घाटन किया। यह समारोह केजीएमयू की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद और बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के ग्लोबल डेवलपमेंट डिवीजन के अध्यक्ष डॉ. क्रिस एलियास की उपस्थिति में हुआ।

रेडियोडायग्नोसिस विभाग के प्रमुख प्रो. अनित परिहार ने बताया कि हमें 15 साल बाद पहली एमआरआई मशीन मिली है जो पुरानी 1.5टी मॉडल की जगह लेगी, जो पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत संचालित होती थी। नई 3टी पूरे शरीर की एमआरआई मशीन बेहतर ग्रेडिएंट्स, हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर सुधारों के साथ, शरीर रचना और विकृति की उत्कृष्ट दृश्यता की अनुमति देती है। यह शरीर की इमेजिंग क्षमताओं को भी काफी हद तक सुधारता है।

यह एमआरआई मशीन स्तन कैंसर, एंडोमेट्रियल और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर, सिर और गर्दन के कैंसर और अन्य कैंसर का पता लगाने और स्टेजिंग में उत्कृष्ट है, जो मेटास्टेसिस और मायलोमा की व्यापक पूरे शरीर की आकलन प्रदान करती है। कैनन एक्विलियन लाइटनिंग 160-स्लाइस अल्ट्रा हेलिकल सीटी स्कैनर यकृत और गुर्दा प्रत्यारोपण रोगियों और हाइपरएक्यूट स्ट्रोक रोगियों के प्रारंभिक स्कैनिंग बेहतर है।

जांच शिविर में मरीज को देखते डॉक्टर।

हेल्थ सिटी विस्तार अस्पताल ने लगया निःशुल्क जांच शिविर

अमृत विचार, लखनऊः उत्तर प्रदेश में आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं को एक नई दिशा देने के लिए गोमती नगर विस्तार क्षेत्र में मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल हेल्थ सिटी विस्तार बन कर तैयार है। प्री-ओपनिंग कार्यक्रम की घोषणा करते हुए अस्पताल प्रशासन ने गुरुवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन 13 जुलाई तक तीन दिन तक चलेगा। हेल्थ सिटी विस्तार के प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप कपूर ने कहा कि हेल्थ सिटी विस्तार जल्द ही चालू होने वाला है।

Notice

I CHANDRAPATI, M/O ARMY NO. JC572674W, RANK-NB/SUB, NAME-RAJESH KUMAR SINGH, UNIT-7 MAHAR, c/o 56 APO, R/A-SARGUA MEHDUPAR NIBHIA, KURANGA, MAU, SURAJ PUR, U.P. (276306). DO HEREBY DECLARE THAT MY NAME AND DOB HAS BEEN WRONGLY WRITTEN IN MY SON'S SERVICE RECORD AS 'CHANPATI' AND '05/02/53' INSTEAD OF 'CHANDRAPATI' AND '01/01/55' AS PER MY AADHAR.

आवश्यकता है

मोहम्मद अली नजीर फातिमा पीजी कॉलेज गौरीखालसा मुसलमानावाद हरदोई

में स्नातकोत्तर स्तर पर एम .एस .सी में जन्तुविज्ञान वनस्पति विज्ञान भौतिक विज्ञान एवं गणित विषय में दो-दो प्रवक्ताओं की।

शैक्षिक योग्यता एवं वेतनमान यूजीसी तथा लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ के मानकानुसार देय होगा।

मो0-9695400001,991942439

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना संख्याः NER-BSB0SnT-GS-OT-12-2024

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार/पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना सं एवं कार्य का नामः** NER-BSB0SnT-GS-OT-12-2024, **कार्य का नामः-** वाराणसी मंडल, पूर्वोत्तर रेलवे के अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत वाराणसी सिटी, भटनी से देवरिया सदर रेलवे स्टेशन में फुट ओवर ब्रिज (12 मीटर चौड़ा) के कार्य में दूरसंचार कार्य का प्रावधान। **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 87,87,069.09, **बयाना की राशि (₹):** ₹ 1,75,800.00, **निविदा प्रपत्र की कीमत-** ₹ 00.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 180 DAYs, **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समयः 02.08.2024 को 15.00 बजे, नोटः** 1. ई-निविदा दिनांक **02.08.2024** को **15.00 बजे** तक आन लाईन जमा किया जा सकेगा। 2. पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट i.e. www.ireps.gov.in देखें।

मंडल रेल प्रबन्धक /सिग एवं दूरसंचार
मुजाधि/सिगनल-21 वाराणसी

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

आवश्यकता है

राम सुचित सिंह सरस्वती स्नातकोत्तर महाविद्यालय -अयोध्या

तारून- अयोध्या
(सम्बद्ध-डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या)

परास्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के अन्तर्गत एम0एस-सी0 पाठ्यक्रम में (भौतिक विज्ञान प्रवक्ता दो पद, जन्तु विज्ञान प्रवक्ता दो पद, वनस्पति विज्ञान प्रवक्ता दो पद, रसायन विज्ञान प्रवक्ता दो पद व गणित प्रवक्ता दो पद)

योग्यता एवं वेतनमान - यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों की दो-दो स्व-हस्ताक्षति प्रति एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिये लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करे।

प्रबन्धक
राम सुचित सिंह सरस्वती स्नातकोत्तर महाविद्यालय -अयोध्या
मो0न0- 9918316200

कृभको
राज्य विपणन कार्यालय -लखनऊ (उत्तरप्रदेश)

निविदा आमंत्रण सूचना

दिनांक: 10.07.2024

कृभको उत्तरप्रदेश के विभिन्न जनपदों के गोदामों में यूरिया (45 Kg HDPE-5147 बैग) डी.ए.पी, एवंएन.पी .के (BOPP 50 Kg-15513 बैग) के कुल 20660 निष्प्रोज्य A-Class नए बोरो की बिक्री हेतु सीलबंद निविदाएं दिनांक 02.08.2024 समय 1:00 बजे दोपहर तक राज्य विपणन कार्यालय टीसी.28.वी. विभूतिखण्ड गोमतीनगर लखनऊ -226010 पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त उर्वरको के A क्लासबैग का बारदाना सीलबंद निविदा प्रक्रिया के द्वारा जहाँ और जैसी की स्थिति के आधार पर बिक्री किया जाना प्रस्तावित है। क्षेत्रीय कार्यालय अनुसार बोरो का विवरण

क्र.स	क्षेत्रीयकार्यालय	यूरिया (नीमलेपित45 Kg बैग)	डी.ए.पी(50 Kg बैग)	एन.पी.के(50 Kg बैग)	योग
1	क्षे.का.आगराकेजनपदोंमें	1526	869	0	2395
2	क्षे.का.गोरखपुरकेजनपदोंमें	0	2740	0	2740
3	क्षे.का.कानपुरकेजनपदोंमें	0	2508	1500	4008
4	क्षे.का.लखनऊकेजनपदोंमें	0	0	500	500
5	क्षे.का. मेरठकेजनपदोंमें	0	3146	3250	6396
6	क्षे.का.शाहजहांपुरकेजनपदोंमें	3621		1000	4621
	योग	5147	9263	6250	20660

निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग करने वाली पार्टी के पास पैन व GST होना आवश्यक है। निविदादाता अपनी दरे (GST रहित) फर्म के लेटर पैड पर हस्ताक्षर एवं सील सहित नियत समय तक जमा करा सकते है। निविदा के साथ EMD (बयानाराशि जमा) धनराशि रु 5000 /- का डिमांड ड्राफ्ट जो कृषक भारती को आपरेटिव लिमिटेड के नाम लखनऊ पर देय करना अनिवार्य होगा। निविदा का प्रारूप, शर्ते वजन पदवार बोरो का विवरण कृभको राज्य विपणन कार्यालयटी -सी -28 -वी.विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से निर्धारित समय से पहले किसी भी कार्य दिवस मे प्राप्त किया जा सकता है। नियत समयान्तर्गत प्राप्त सभी निविदाएं गठित कमेटी द्वारा रा.वि.का.लखनऊ पर दिनांक 02.08.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे उपस्थित निविदाताओ के समक्ष खोला जायेगा। किसी भी निविदा या समस्त निविदाओं को स्वीकार /अस्वीकार करने का अधिकार कृभको प्रबंधन के पास सुरक्षित है।

शैलेश कुमार सिंह
उप महाप्रबंधक(वि.),
टीसी .28 .वी.विभूतिखण्ड गोमतीनगर
लखनऊ -226010 (उत्तरप्रदेश)

अमृत विचार क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **श्रीमती किशनी पत्नी तिलक, निवासी- बिबिया पारा, परगना- हिसामपुर, तहसील कैसरगंज, जिला- बहराइच** की मूल निवासिनी हूं मेरा नाम कुछ जगहों पर किशनी तथा कुछ कागजात में विटाना दर्ज है जो दोनो ही सही है व मेरे ही नाम है इस दोनो नाम से मैं जानी पहचानी जाती हू इस नाम से मेरे गांव में कोई दूसरी महिला नही है यदि इस नाम से कोई महिला किसी प्रकार का दावा करती है तो वह निराधार है। **श्रीमती किशनी उर्फ विटाना पत्नी तिलक, निवासी- ग्राम- बिबियापारा, परगना- हिसामपुर, तहसील कैसरगंज, जिला- बहराइच**

सूचना

सूचित कराना है मैं, **राजन शुक्ला पुत्र जगदेव शुक्ला, निवासी-974, राजीव विहार, मछरिया रोड, नौबस्ता, कानपुर नगर, उ0प्र0** का निवासी हूँ मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड में मेरा नाम राजन शुक्ला व बैंक खाते में राजन कुमार शुक्ला लिखा हुआ है, जो कि राजन कुमार शुक्ला व राजन शुक्ला दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है इस नाम का कोई अन्य नहीं है।

सूचना

सूचित करना है कि मेरा नाम सोना बी पत्नी अहमद लश्करी है। बैंक खाते में सोना पत्नी अहमद लश्करी हो गया है, मेरे आधार में मेरा नाम सोना बी है जो सही है, मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। **सोना बी पत्नी अहमद लश्करी निवासी जुलाहन पुरवा असरना करनैलगंज गोंडा।**

सूचना

सूचित हो कि मैं **श्रीमती तविशा सहगल पत्नी सौरभ सहगल, नि0-85/8 इण्डस्ट्रियल कालोनी, गोविन्दनगर, कानपुर नगर** शादी से पूर्व मेरा नाम गुरप्रीत कौर पुत्री बलविन्दर सिंह था। शादी के बाद मैने अपना नाम बदलकर तविशा सहगल पत्नी सौरभ सहगल रख लिया है मैं इसी नाम से जानी व पहचानी जाती हूँ और दोनो ही नाम मेरे है।

सूचना

सूचित करना है कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम सत्यराम उर्फ अजय अंकित हो गया है जो गलत है। मेरा सही नाम सत्यराम पुत्र फागू है यही मेरे आधारकार्ड व अन्य अभिलेखों में भी दर्ज है। मुझे सत्यराम पुत्र फागू के नाम से ही जाना पहचाना जाए। **सत्यराम पुत्र फागू निवासी तहसील व जिला गोंडा।**

सूचना

सूचित हो कि मेरी पत्नी का नाम किरन देवी है जो कि आधार कार्ड समेत सभी दस्तावेज में दर्ज है। त्रुटिवश मेरे विभागीय अभिलेखों में किरन हो गया है जो कि गलत है। सही नाम किरन देवी है। **-वीरेन्द्र सिंह पुत्र बनबारीलाल नि. गसीमपुर, मौजा उमर्दा, तहसील तिर्वा, जन. कन्नौज**

सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं IFTIKHAR AHMAD, ANSARI पुत्र FAIYAZ AHMAD निवासी-वार्ड नं0-3 कटरा बाजार, वीरपुर जिला गोण्डा का रहने वाला हूँ। मैंने अपना नाम बदल कर IFTIKHAR AHMAD रख दिया है अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम हो जाना वा पहचाना जाए

मांग पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उठाई आवाज

हज कमेटी के सीईओ को हटाए सरकार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस मंसूरी ने अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, केंद्र सरकार के निदेशक व हज कमेटी ऑफ इंडिया के सीईओ लियाक़त अली आफाक़ी को पद से हटाने की मांग की है। हज 2025 की तैयारी अगस्त माह के पहले सप्ताह में शुरू करने के निर्णय का उन्होंने स्वागत किया है। साथ ही कहा कि हमने हज 2024 के बारे में कई बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और तत्कालीन अल्पसंख्यक कार्य मंत्री स्मृति ईरानी को पत्र भेजे, लेकिन व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ।

अनीस मंसूरी ने कहा कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी उप्र. सहित देश भर की राज्य हज कमेटियों और निजी टूर ऑपरेटर के माध्यम से हज करने गए लोगों को बहुत दुश्वारियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि मक्का और मदीना में सारी दुश्वारियां अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, केंद्र सरकार और हज कमेटी ऑफ इंडिया की सोची समझी साजिश का नतीजा थीं। इसके पीछे वजह भ्रष्टाचार है। प्रधानमंत्री को इस मामले की उच्च स्तरीय जांच करानी चाहिए।

इस वर्ष देश से 1 लाख 39 हजार 964 यात्री और निजी टूर आपरेटरों के जरिये 35 हजार 5 यात्री हज करने गए थे। इसमें सबसे ज्यादा करीब 85 फीसदी पसमांदा मुस्लिम समाज के लोग थे। मक्का में हज यात्रियों को जिन भवनों में ठहराया गया, वह बहुत घटिया थे। वहां स्वच्छ शौचालय और स्नानागार तक नहीं थे। गंदगी का आलम यह था कि कोई सफाई कर्मचारी नहीं आता था। पिछले दिनों मक्का मुकर्रमा में दिल दहला देने वाला लिफ्ट हादसा हुआ। बिहार के दो हाजियों ने नीचे जाने के लिए जैसे ही लिफ्ट का बटन दबाया तो दरवाजा खुल गया, लेकिन लिफ्ट नहीं आई थी। इससे दोनों यात्री नीचे जा गिरे और गिरने से दोनों की मौत हो गई। जिस समय यह हादसा हुआ उस वक्त घंटों तक वहां काउंसुलेट जनरल ऑफ इंडिया और हज कमेटी ऑफ इंडिया का कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। दोनों यात्रियों को तत्काल मेडिकल सुविधा न मिलने की वजह से उनकी मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि निजी टूर ऑपरेटरों द्वारा निर्धारित शुल्क से प्रति यात्री 200 रियाल ज्यादा लिए गए और उनको करीब चार किलोमीटर दूर बी ज़ोन के बजाए ज़ोन नंबर पांच में शिविर दिए गए। इससे बुजुर्ग हज यात्रियों को ही नहीं, बल्कि नौजवान लोगों को भी बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ा।

कहां गए 67 करोड़ रुपये

अनीस मंसूरी ने कहा, पिछले वर्ष हाजियों की परेशानियों को देखते हुए सऊदी हुकूमत ने हाजियों को मुआवजे के रूप में 30 मिलियन रियाल (लगभग 67 करोड़ रुपये) बांटने को दिए थे, लेकिन किसी भी हाजी को वो रकम नहीं बांटी गई। वह पैसा कहां गया, इस मामले की भी जांच होनी चाहिए और दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता जोन-3, अलीगंज, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक:- 626/ई0ई0-3/एल0जे0एस0 दिनांक 11/07/2024

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारो से मोहरवन्द निविदा दि0 18/07/2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं काल 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दि0 18/7/2024 को समय 2.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ0डी0आर0/सी0डी0 आर0/एन0एस0सी0 के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के पद नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	धरोहर धनराशि	निविदा शुल्क	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	Boring work of Mini Tubewell Size 200X200 mm Dia at Saheed Asfaq Ullah Nagar, Mohan Miking Road, Daliganj, LKo	8400/-	Rs 500/-	07 दिवस
2.	Development, supply of P-gravel & other mechanical works for mini tubewell bored at Saheed Asfaq Ullah Nagar, Mohan Miking Road, Daliganj, LKo	8400/-	Rs 500/-	07 दिवस
3.	Supply & Fixing of by pass system & other electrical/ Civil works for newly bore mini tubewell at Saheed Asfaq Ullah Nagar, Mohan Miking Road, Daliganj, LKo	5600/-	Rs 300/-	07 दिवस

निविदा प्राप्त करने की शर्त :- 1. निविदादाता का जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ एवं जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

अधिशासी अभियन्ता जोन-3
जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ

एक नजर

अमान्य स्कूलों की शुरू हुई जांच

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी सहित पूरे मंडल में अमान्य विद्यालयों की जांच गुरुवार से शुरू हो गई है। जेडी माध्यमिक डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि सभी बिंदुओं पर जांच करते हुए सभी राजकीय इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को रिपोर्ट देनी है। प्रधानाचार्यों की ओर से जांच रिपोर्ट मिलने के बाद विभागीय कार्रवाई भी शुरू की जाएगी। जांच की निगरानी जिला विद्यालय निरीक्षकों की ओर की जा रही है।

पैरावेट अध्यक्ष ने प्रथम श्रेणी में पास की एलएलबी परीक्षा

अमृत विचार, काकोरी : काकोरी क्षेत्र के ग्राम कटिंगरा के पशुपालन विभाग के पैरावेट प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह राठौर ने लखनऊ विश्वविद्यालय से एलएलबी प्रथम श्रेणी की परीक्षा पास कर माता-पिता के साथ काकोरी क्षेत्र का नाम रोशन किया है। श्री गीत लॉ कॉलेज की असिस्टेंट प्रो. प्राची श्रीवास्तव द्वारा प्रमाणपत्र दिया गया।

लविवि में तुलसी वाटिका की स्थापना

अमृत विचार, लखनऊ : जन्तु विज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, ईआईएसीपी- पीसीआरपी और वन्य जीव संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से तुलसी वाटिका की स्थापना की गई। उक्त वाटिका में शिक्षकों एव छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के तुलसी के पौधे लगाए गए। विवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि श्यामा, रामा, कृष्णा, बुद्धा, कपूरी, तुलसी आदि के पौधों को रोपा गया। कार्यक्रम विभागाध्यक्ष प्रो. एम. सिराजुद्दीन की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

देश ऊंचे चरित्र से बड़ा होता है: वेदव्रत

अमृत विचार, लखनऊ : देश भारती पब्लिक इंटर कॉलेज में मेधावी छात्रों का अभिनन्दन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ संस्था के प्रबंधक एवं कवि वेदव्रत वाजपेयी ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कोई भी देश ऊंचे मकानों से नहीं बल्कि ऊंचे चरित्र से बड़ा होता है। कार्यक्रम के दौरान यूपी बोर्ड परीक्षा 2023-24 में श्रेष्ठ अंक लाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

ऑनलाइन हाजिरी : विरोध को सहमति में बदलने शिक्षकों के पास जाएंगे अधिकारी

स्कूलों में पहुंचकर शिक्षकों को करेंगे जागरूक, बताएंगे डिजिटलाइजेशन के फायदे, शिक्षा महानिदेशक ने जूम मीटिंग में दिए दिशा निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : ऑनलाइन हाजिरी का प्रदेश भर में हो रहे विरोध को सहमति में बदलने के लिए शुक्रवार से विभागीय अधिकारी खुद शिक्षकों तक जाएंगे। वे स्कूल पहुंचकर शिक्षकों को डिजिटल सुविधा के फायदे बताएंगे। साथ ही उनके भ्रम को भी दूर करेंगे जिसके चलते वे इस व्यवस्था का विरोध कर रहे हैं।

इस संबंध में शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने गुरुवार को जूम मीटिंग में स्पष्ट करते हुए कहा कि सरकारी विद्यालयों में हाजिरी सहित सभी कार्य आनलाइन ही होंगे। शिक्षकों में जो भी भ्रामक स्थिति है उसे हर हाल में दूर किया जाए। सभी को निर्देशित किया गया कि डिजिटल पंजिकाओं के संबंध में शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों से वार्ता की जाए तथा डिजिटल पंजिकाओं से होने वाले लाभ के संबंध में उन्हें अवगत कराया जाए। बैठक में प्रदेश भर के बेसिक शिक्षा अधिकारी, सभी मंडलों के मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक और खंड शिक्षा अधिकारी शामिल हुए।

तकनीकी दिक्कत का किया जाएगा त्वारित निदान

महानिदेशक ने बताया कि बीएसए व बीईओ की ओर से तकनीकी समस्याओं का यथासमय निदान करना होगा। यदि कोई दिक्कत है तो तत्काल विद्या समीक्षा केन्द्र (0522-3538777) और राज्य परियोजना कार्यालय स्तर पर गठित विभिन्न विभागीय व्हाट्सअप ग्रुप पर इसकी सूचना दी जाएगी ताकि समाधान किया जा सके।

7:30 से 10:30 होगा नियमित निरीक्षण

एडी बेसिक, बीएसए, डीसी, एसआरजी व एआरपी की ओर से शुक्रवार से स्कूलों का नियमित निरीक्षण होगा। प्रात: 7:30 बजे से 10:30 बजे तक समय निरीक्षण के लिए निर्धारित किया गया है। इस दौरान शिक्षकों की दिक्कतों को भी हल किया जाएगा।

करोड़ों का फायदा, पेपर की बचत, रजिस्टर का झंझट होगा खत्म

कंचन वर्मा

अमृत विचार, लखनऊ: सरकारी स्कूलों में डिजिटल व्यवस्था शुरू होने से करोड़ों का फायदा होगा। साथ ही कागज और समय की बचत भी होगी। मैनुअल रिकार्ड रखने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। पंजिकाओं के खो जाने व खराब होने का डर भी नहीं रहेगा। शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने बताया कि प्रवेश, कक्षावार छात्र उपस्थिति, एमडीएम रजिस्टर, समेकित निशुल्क सामग्री वितरण व स्टॉक रजिस्टर डिजिटाइज हो जायेंगे। साथही आय-व्यय व चेक जारी करने वाला रजिस्टर, बैठक, निरीक्षण, पत्र व्यवहार, बाल गणना, पुस्तकालय व खेलकूद रजिस्टर को भी डिजिटाइज किया जाएगा। इसके लिए मॉड्यूल विकसित कर दिया गया है।

- **शिक्षकों का का रियल टाइम डाटा रहेगा सेव, अधिकारी भी नहीं कर सकेंगे मनमानी**

विरोध जारी, स्कूलों में प्रभावित हो रही पढ़ाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : : शिक्षकों के विरोध चलते पिछले चार दिनों से 1.33 लाख प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है। काफी शिक्षकों का कहना है कि जब तक उनके संघ के पदाधिकारी अनुमति नहीं देंगे तब तक वह हाजिरी नहीं लगाएंगे। चौथे दिन शुक्रवार को करीब 10 हजार शिक्षकों ने आनलाइन उपस्थिति दर्ज कराई। बता दें कि सरकारी विद्यालयों में करीब 1.65 करोड़ बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। इन बच्चों को पढ़ाने के लिए 6 लाख से अधिक शिक्षकों की तैनाती है।

शिक्षकों की प्रमुख मांगें

15 दिन की हाफ सीएल, 31 दिन का ईएल, कैशलेस इलाज, राज्य कर्मचारी का दर्जा, फल-दूध ख़रीदने से मुक्ति, पुरानी पेंशन, नेटवर्क की समस्या दूर करना और स्कूलों के रास्ते सही करना।

तर्क - प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष विनय कुमार सिंह कहते हैं कि अगर सब कुछ ऑनलाइन हो रहा है तो हमको जांचने के लिए जो लोग बैठे हुए हैं, उनके पदों को खत्म कर दिया जाए। हम पर नजर रखने के लिए डीएम की पूरी सेल है, सीडीओ की सेल है, बीएसए ऑफिस की है मंडली है।

लविवि प्रवेश परीक्षा : बोले परीक्षार्थी प्रश्न सरल लेकिन समय मिला कम

पहली पाली में 89 और दूसरी पाली 80 फीसद छात्रों ने किया प्रतिभाग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रश्न सरल थे लेकिन समय कम था। डर इसलिए नहीं था, क्योंकि विवि निगेटिव मार्किंग नहीं कर रहा। ऐसे में प्रयास बेहतर करने का रहा। कुछ ऐसी ही बातें लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों ने साझा की।

गुरुवार को लखनऊ विवि द्वारा प्रवेश परीक्षा का आयोजन हुआ। बड़ी संख्या अलग-अलग जनपदों से आए अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। पहली पाली बीकॉम प्रवेश परीक्षा की आयोजित हुई, जो 10:30 बजे से आरंभ हुई। बहुविकल्पीय 100 प्रश्न हल करने थे, हर प्रश्न दो नंबरों का था। लेकिन निगेटिव मार्किंग नहीं थी। परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थी हृदयांश वर्मा ने बताया कि प्रश्न पत्र सरल था, लेकिन थोड़ा घुमावदार। इसलिए उसे हल करने में समय अधिक लग गया। अमित शुक्ला ने कहा कि निगेटिव मार्किंग न होने से प्रश्नों को हल करने में समय अधिक लगा। समय कुछ और मिलना चाहिए था। कुछ इसी तरह के जवाब देते हुए कई अभ्यर्थी विवि परिसर से निकलते रहे। उधर विवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक, पहली पाली में 89 फीसद अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। बीए आनर्स परीक्षा दूसरी पाली में 2:30 बजे से लेकर 4:00 बजे तक चली। इसमें 80 फीसद छात्र सम्मिलित हुए। परीक्षा के दौरान विवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने टीम के साथ परीक्षा कक्षों का निरीक्षण भी किया।

विवि का गेट बना बाधाओं का बैरियर : बीकॉम प्रवेश परीक्षा की पहली पाली आरंभ होने से पहले काफी संख्या में अभ्यर्थी और अभिभावक विवि के गेट नंबर चार पर जमा हो गए। गेट बंद था, तब जबकि अभ्यर्थियों के लिए विवि प्रशासन द्वारा गेट खोले जाने की बात कही गई थी। ऐसे में देर तक असमंजस की स्थिति रही। बढ़ती भीड़ के चलते गेट के बाहर मुख्य मार्ग पर जाम जैसी स्थिति बन गई।

लविवि में प्रवेश परीक्षा का निरीक्षण करते लविवि कुलपति। अमृत विचार

आज होगी बीसीए और बीएससी (मैथ) की परीक्षा

शुक्रवार को विवि द्वारा बीसीए और बीएससी (मैथ) परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित होंगी। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी का कहना है कि सीसीटीवी से परीक्षा कक्षों पर नजर रखी जाएगी।

15 पाठ्यक्रमों के परीक्षाफल आयोजित

लखनऊ विश्वविद्यालय ने 15 पाठ्यक्रमों से जुड़े विषयों के परीक्षाफल घोषित किये हैं। इसमें बीकॉम, शास्त्री, एमएससी, एमए, बीएलएड, एमएड, बीए, बीएससी से जुड़े विषय शामिल हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया है कि परीक्षाफल का विस्तृत विवरण विवि की वेबसाइट पर उपस्थित है।

एकेटीयू : वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पौधरोपण का संदेश

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि में कुलपति ने वृहद पौधरोपण अभियान को लेकर सभी संबद्ध संस्थान प्रमुखों को निर्देश दिए हैं। छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के लिए भी कहा गया है।डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने गुरुवार को संबद्ध संस्थानों के निदेशकों और प्राचार्यों के साथ वीडियो कॉफ्रेंसिंग में कहा कि सभी संस्थानों में वृहद पौधरोपण अभियान चलाया जाना है। इसके लिए एक कमेटी बने जो अभियान की निगरानी करे। ऑनलाइन माध्यम में विभिन्न संस्थानों के निदेशक और प्राचार्य जुड़े थे।कुलपति ने नैक में बेहतर ग्रेडिंग पाने के लिए संस्थान प्रमुखों को प्रेरित किया है। कहा कि सभी क्राइटेरिया के लिए कमेटी बनाएं। हर क्राइटेरिया को पूरी सावधानी के साथ भरें। कहा कि ज्यादा से ज्यादा संस्थानों को नैक में ग्रेडिंग दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। कुलपति ने वन डिस्ट्रिक्ट वन इन्क्युबेशन सेंटर बनाने की समीक्षा की। कहा कि सभी संस्थान प्राथमिकता के आधार पर इन्क्युबेशन सेंटर स्थापित करने के लिए सबसे पहले सेक्शन-8 की कार्रवाई करें।

क्लैट की तैयारियों को नहीं मिली शासन की हरी झंडी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : महंगे कोचिंग सेंटरों की फीस का खर्च वहन न कर पाने वाले मेधावियों के सपनों पर पानी फिर गया है। क्लैट की निशुल्क तैयारी कराने के प्रस्ताव को फिलहाल प्रदेश सरकार ने मंजूरी नहीं दी है।

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का संचालन समाज कल्याण विभाग की ओर से किया जा रहा है। इसके तहत चल रही विभिन्न योजनाओं का कई युवकों ने लाभ उठाते हुए आईएएस, पीसीएस बनने का सपना साकार किया है। अभी संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई), उप-सेवा चयन आयोग (एसएसएससी), अन्य भर्ती बोर्ड परीक्षाएं, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी), राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए), संयुक्त रक्षा सेवा (सीडीएस) और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कराई जा रही है। एक जुलाई से पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर गोरखपुर, प्रयागराज, लखनऊ, गाजियाबाद और हापुड़ में क्लैट की तैयारी कराने की योजना थी और इसके लिए मई में सरकार को प्रस्ताव भेजा गया था। पांच जिलों में छात्रों की पर्याप्त संख्या न होने और पूरा पाठ्यक्रम अंग्रेजी में होने के कारण शासन से प्रस्ताव को हरी झंडी नहीं मिल सकी। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि फिलहाल क्लैट की तैयारी कराने की योजना नहीं है। उन्होंने बताया कि क्लैट के लिए गाजियाबाद और लखनऊ में ही सबसे अधिक बच्चे तैयारी कर रहे हैं।

- **प्रदेश भर में क्लैट कोचिंग सेंटरों की कमी को देखते हुए समाज कल्याण विभाग ने प्रस्ताव बनाया था**
- **संपूर्ण पाठ्यक्रम अंग्रेजी में होने के कारण फंस गया पेंच, विभाग के पास छात्रों की संख्या भी कम**
- **अभी गाजियाबाद और लखनऊ में ही ज्यादा बच्चे कर रहे हैं क्लैट की तैयारी**

सफल अभ्यर्थियों का आईसीएआई ने किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आईसीएआई (द इन्स्टीट्यूट ऑफ चार्टेड एकाउन्टेन्ट्स ऑफ इण्डिया) ने गुरुवार को सीए इण्टर एवं सीए फाइनल का परीक्षाफल घोषित किया गया। राजधानी लखनऊ से इस बार 274 विद्यार्थियों ने सीए फाइनल के दोनों ग्रुप में परीक्षा दी। इसमें से 51 छात्र दोनों ग्रुप में और 25 छात्र प्रथम एवं 34 विद्यार्थी द्वितीय ग्रुप में उत्तीर्ण हुए। लखनऊ से सीए. फाइनल में कातिकेय जैन ने सर्वाधिक 375 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, अंकुश जायसवाल ने 374 अंक के साथ दूसरा स्थान, अंशुल सिंह ने 360 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। रितिक कुमार और जयदीप सिंह सलूजा ने 359 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर रहे। वहीं लखनऊ से सीए इण्टर में हर्षित अग्रवाल ने 405 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, ध्रुव गोयल ने 381 अंक प्राप्त किए और दूसरे स्थान पर रहे। वैभव मिश्रा एवं मानसी शर्मा ने 365 अंक प्राप्त कर तीसरा और विनायक ने 362 अंक प्राप्त कर चतुर्थ पोजीशन हासिल की।

सीए इण्टर में इस बार 354 विद्यार्थियों ने दोनों ग्रुप में परीक्षा दी। इसमें से 43 छात्र दोनों ग्रुप में और 68 छात्र प्रथम ग्रुप में एवं 5 विद्यार्थी द्वितीय ग्रुप में उत्तीर्ण हुए। इसके अलावा 708 विद्यार्थी प्रथम ग्रुप में एवं 84 विद्यार्थी द्वितीय ग्रुप में शामिल हुए जिसमें से क्रमशः 128 प्रथम एवं 9 द्वितीय ग्रुप में पास हुए। इसके अलावा 363 विद्यार्थी प्रथम ग्रुप में एवं 208 विद्यार्थी द्वितीय ग्रुप में भाग लिया जिसमें से क्रमशः 97 प्रथम एवं 75 द्वितीय ग्रुप में उत्तीर्ण हुए।

सभी सफल विद्यार्थियों को शाखा के सभापति सीए संतोष मिश्रा द्वारा मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। लखनऊ शाखा द्वारा सभापति मिश्रा के नेतृत्व में लखनऊ कार्यसमिति के अन्य सदस्य सीए अनुराग पाण्डेय, उप सभापति और कोषाध्यक्ष, सीए अंशुल अग्रवाल सचिव, सीए. शंशाक मित्तल सदस्य, सीए आशीष कुमार पाठक पूर्व सभापति, सीए आरएल वाजपेयी - पूर्व सभापित द्वारा सफल विद्यार्थियों को शुभकामनायें दी गई।

सीए फाइनल में सर्वाधिक अंक पाने वाले रितिक कुमार, जयदीप सिंह सलूजा, अंशुल सिंह।

- **द इन्स्टीट्यूट ऑफ चार्टेड एकाउन्टेन्ट्स ऑफ इण्डिया ने किया सीए इण्टर एवं सीए फाइनल का परीक्षाफल घोषित**

बोले मेधावी, पाठ्यक्रम दोहराना आवश्यक

अमृत विचार, लखनऊ : आईसीएआई द्वारा सीए इण्टर एवं सीए फाइनल का परीक्षाफल घोषित किया गया। नतीजों के बाद मेधावियों ने सफलता पाने को लेकर पाठ्यक्रमों को याद करने के साथ दोहराया जाना आवश्यक बताया। जयदीप सिंह मूलत: बिलासपुर के निवासी हैं। इनका कहना है कि उन्होंने पढ़ाई के साथ नौकरी भी की। लेकिन पाठ्यक्रमों को कंठस्थ करना नहीं भूले। बताया कि इन्हें याद करने के साथ दोहराया जाना भी आवश्यक है। कार्तिकेय जैन का कहना है कि कक्षाओं में नियमित सम्मिलित होने से विषयों से जुड़ी तमाम सी समस्याएं हल हो जाती है। इसलिए छात्रों को विद्यालय में नियमित रहना चाहिए। अंशुल सिंह ने बताया कि लक्ष्य निर्धारित करके ही कोई भी तैयारी करनी चाहिए। अन्यथा सफलताओं को पाने में बाधा बनी रहती है।

मुख्यमंत्री आवास जाते अभ्यर्थियों को समझाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

अभ्यर्थियों ने सीएम आवास घेरने का किया प्रयास

कार्यालय संवाददाता

अमृत विचार : जेई भर्ती के अभ्यर्थियों ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास चौराहे के पास प्रदर्शन किया। अभ्यर्थी जेई भर्ती 2018 का अंतिम परिणाम जारी किए जाने और मुख्यमंत्री से मुलाकात कराए जाने की मांग कर रहे थे। अभ्यर्थियों ने अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार नारेबाजी भी की। इस दौरान पुलिस ने उन्हें चौराहे पर ही रोक दिया। अभ्यर्थियों के चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की मुख्यमंत्री के ओएसडी से मुलाकात करवाई गई। अभ्यर्थियों को बाद में बसों में भरकर ईको गार्डेन भेज दिया।

युवा कवि अनुज लुगुन को मिलेगा मलखान सिंह सिसौदिया कविता पुरस्कार

अमृत विचार, लखनऊ : वर्ष 2023 का मलखान सिंह सिसौदिया कविता पुरस्कार अनुज लुगुन को उनके कविता संग्रह अघोषित उलगुलान के लिए दिया जाएगा। यह जानकारी जनवादी लेखक संघ के केन्द्रीय संयुक्त महासचिव नलिन रंजन सिंह और केपी सिंह मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष नमिता सिंह ने संयुक्त रूप से दी। अनुज को यह पुरस्कार आगामी 6 अक्टूबर को लखनऊ में होने वाले समारोह में दिया जाएगा। मलखान सिंह सिसौदिया द्वारा वर्ष 2007 में स्थापित किया गया यह पुरस्कार हर साल किसी युवा कवि को दिया जाता है। अनुज लुगुन से पहले यह पुरस्कार दिनेश कुशवाहा, एकांत श्रीवास्तव, श्रीप्रकाश शुक्ल, शैलेय, अशोक तिवारी, ज्ञान प्रकाश चौबे, संतोष चतुर्वेदी, भरत प्रसाद, शंकरानन्द, बच्चा लाल उन्मेष, विशाल श्रीवास्तव, प्रदीप मिश्र, रमेश प्रजापति, निशांत और संजीव कौशल को दिया जा चुका है।

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?
SINCE 2006
जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!
कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।
दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें
वाचक आयुर्वेद®
आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है

डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266
आलमबाग
पता: शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय- सुबह 10:00 से 02:00 तक
मुंशीपुलिया
पता: 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय- सांय 06:00 से 09:00 तक
रविवार सांय अवकाश

एक नजर

रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला युवक का शव

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर अज्ञात युवक का क्षत विक्षत शव मिला। पुलिस के मुताबिक, गुरुवार को हरौनी रेलवे स्टेशन से कुछ दूर सहिजनपुर गांव के सामने अज्ञात युवक (30) का शव पड़ा होने की सूचना राहगीरों से मिली थी। मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लेकर शिनाख्त की कोशिश की, लेकिन नहीं हो सकी। युवक के शरीर पर गुलाबी रंग की शर्ट और नीले रंग का लोअर है। शव मोर्च्युरी में रखवाया गया है। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में युवक की रात में ट्रेन से गिरकर मौत होना प्रतीत हो रहा है।

चौथे तल से गिरकर मजदूर की मौत

अमृत विचार, लखनऊ : ठाकुरगंज क्षेत्र के बसंतकुंज योजना निवासी मजदूर इसरत (48) की चौथे तल से गिरकर मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, इसरत बुधवार रात को बिल्डिंग के चौथे तल पर सोने गए थे। देर रात अचानक वह चौथे माले से नीचे गिरे। इससे मौके पर ही मौत हो गई। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय के मुताबिक, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने पर कार्रवाई की जाएगी।

तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से चालक की मौत

अमृत विचार, लखनऊ : इंदिरानगर थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात तेज रफ्तार बाइक सवार ने युवक को टक्कर मार दी। घायल को अस्पताल ले जाते समय उसकी रास्ते में ही मौत गई। पुलिस ने गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया। पुलिस के मुताबिक, मूलत: सीतापुर के दौली निवासी सरवन (28) लखनऊ के कल्याणपुर में किराए के मकान में रहकर निज चालक थे। पिता चंद्रभान ने बताया बेटा बुधवार देर रात ड्यूटी खत्म घर वापस लौट रहा था। इंदिरा नगर स्थित खुर्रम नगर चौराहे के पास पैदल रोड पार करते समय बाइक चालक ने टक्कर मार दी। इससे वह उछल कर दूर जा गिरा और गंभीर घायल हो गया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

बाउंड्रीवॉल तोड़कर प्लॉट पर कब्जा, रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, सरोजनीनगर : क्षेत्र में प्लॉट पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरी के मुताबिक, संतकबीर नगर निवासी रमेश चंद्र ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि अमौसी के कुसैला क्षेत्र में उनका प्लॉट है। 25 जून को प्लॉट पर पहुंचे तो बाउंड्रीवाल टूटी मिली। आरोप है कि हिंदू खेड़ा निवासी अयोध्या, पन्ना, अमित और अरविंद कुमार ने बाउंड्रीवाल तोड़कर प्लॉट पर कब्जा कर लिया। इंस्पेक्टर ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

छह महीने पहले रेस्टोरेंट में रची थी चेक चोरी की साजिश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 16.58 करोड़ के दो चेक पर राजेश बाबू ने कराए थे हस्ताक्षर
- गुजरात व मुंबई के खातों में ट्रांसफर होना था रुपया हस्ताक्षर करने वाले की तलाश

अमृत विचार : आयकर कार्यालय से 16.58 करोड़ के दो चेक चोरी की साजिश छह महीने पहले हजरतगंज इलाके के एक रेस्टोरेंट में रची गई थी। वहीं, चेक पर दस्तखत कराने का काम भी राजेश बाबू ने विभागीय कर्मचारी से मिलकर की थी। चेक की धनराशि को गुजरात और मुंबई के बैंक में ट्रांसफर करने की तैयारी हो गई थी। पुलिस को यह सुराग राजेश बाबू और विभाग के दोनों संविदा कर्मचारियों से पूछताछ में मिला।

आयकर कार्यालय से चोरी 16.58 करोड़ के दो चेक चोरी होने के मामले में फिल्म निर्देशक राजेश बाबू की अहम भूमिका थी। उसने ही कार्यालय के चपरासी रंजीत प्रकाश के जरिए चेक चोरी कराए और उसके बाद उन पर फर्जी हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति की भी व्यवस्था की थी। राजेश बाबू ही चेक चोरी का सूत्रधार था। उसने ही गुजरात और मुंबई में कुछ लोगों से संपर्क किया था। वहां पर दो बैंकों के खाते में यह रुपये ट्रांसफर करवाने थे।

तीन घंटे की रिमांड पर लिए गए थे तीन आरोपी : प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक गुरुवार को राजेश बाबू, रंजीत प्रकाश और संजय अग्रवाल को तीन घंटे की रिमांड पर लिया गया था। पुलिस ने पूछताछ की तो कई राज सामने आए। दरअसल राजेश बाबू डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के खाते से 120 करोड़ रुपये यूनियन बैंक आफ इंडिया के खाते से निकाले जाने के मामले में मुख्य आरोपित था। राजेश बाबू इसके पहले नोएडा विकास प्राधिकरण से 200 करोड़ रुपये उड़ाने के मामले में जेल जा चुका है। वहीं, चेक चोरी के मामले में आठ लोग बाद में गिरफ्तार कर भेजे गए। पुलिस ने जब चेक चोरी के आरोपितों से पूछताछ के बाद राजेश बाबू से जेल में बयान लिए तो दोनों में विरोधाभास था। तीनों को एक साथ रिमांड पर लिया। पूछताछ में पता चला कि दोनों चेक के रुपये मुंबई और गुजरात के खातों में रकम ट्रांसफर होनी थी। खातों में रुपये ट्रांसफर होने के आधी रकम गुजरात और मुंबई के लोगों को देनी थी।

दो हिस्सों में बांटी जानी थी रकम

पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में सामने आया कि चोरी चेक से जो रकम भुगतान कराई जानी थी। उसमें आधी रकम राजेश बाबू, रंजीत प्रकाश में बटनी थी। दोनों अपने ग्रुप के सदस्यों को बांटते। पुलिस अब दोनों चेक पर आयकर विभाग के अधिकारी नाम से हस्ताक्षर करने वाले जालसाज समेत नौ अन्य की तलाश में दबिश दे रही है। गिरोह से जुड़े हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति के अलावा अभी दो लोग मुंबई, पांच गुजरात व एक अन्य फरार है। एसीपी हजरतगंज अरविंद वर्मा ने बताया कि तीनों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई थी। गिरोह से संबंधित कुछ अन्य लोगों के बारे में जानकारी मिली है।

छह माह पूर्व रेस्टोरेंट में बनी थी योजना

प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, पूछताछ में पता चला कि चेक चोरी की योजना जनवरी में चाइना बाजार (पुराना तुलसी थिएटर) हजरतगंज में एक नानवेज रेस्टोरेंट में बनी थी। यहीं पर रंजीत प्रकाश के परिचित ने राजेश बाबू से उसकी मुलाकात कराई थी। रंजीत ने राजेश बाबू को बताया था कि वह चेक चोरी कर लेगा पर कैश कराने के लिए उस पर हस्ताक्षर करने के लिए एक व्यक्ति की व्यवस्था करो। इसके अलावा बैंक खातों की जिसमें रुपये ट्रांसफर किए जा सके। इसके बाद राजेश बाबू ने गुजरात, मुंबई और लखनऊ में लोगों जुटाया था।

पालतू कुत्ते ने सात वर्ष के बच्चे आठ बार काटा

अमृत विचार, लखनऊ : पीजीआई इलाके के एक कॉलोनी में पालतू कुत्ते ने सात वर्ष के बच्चे को आठ बार काट लिया। प्रभारी निरीक्षक पीजीआई ब्रजेश तिवारी ने बताया कि कल्ली पश्चिम स्थित जगत खेड़ा के आनंद बिहार कॉलोनी निवासी संजय तिवारी ने बताया कि मोहल्ला निवासी शिवपूजन सिंह ने एक कुत्ता पाल रखा है। वह अक्सर खुला रहता है। बेटा दिव्य (7) घर के बाहर खेल रहा था। कुत्ता अचानक आया और हमला कर दिया। बेटा गिर गया तो पीठ और पैर समेत कई जगहों पर आठ बार काट लिया। संजय ने बताया कि जब वो शिवपूजन के पास शिकायत करने गए तो वो लड़ाई करने लगा और धमकाकर भगा दिया।

मम्मी मैं पढ़ना नहीं चाहता.. लिखकर फंदे से लटका छात्र

गोमतीनगर विस्तार इलाके के खरगापुर की घटना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गोमतीनगर विस्तार स्थित खरगापुर निवासी रामतेज के बेटे ऋषभ (15) का शव बुधवार रात को फंदे से लटका मिला। वह आठवीं का छात्र था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पड़ताल की तो पास में रखे एक कॉपी में सुसाइड नोट मिला। जिसमें लिखा था, 'मम्मी मैं पढ़ना नहीं चाहता।' पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, पिता रामतेज प्लंबर का काम करते हैं। उनका इकलौता बेटा ऋषभ दो वर्ष पहले लखनऊ पढ़ने के लिए आया था। इसके पहले वह ननिहाल बाराबंकी में रहकर पढ़ाई करता था। गोमतीनगर के ही एक नामी स्कूल में बच्चे का दाखिला कराया गया। मां सुनीता ने बताया कि लखनऊ आने के बाद से ही ऋषभ का मन यहां नहीं लगता था। वो ननिहाल रहकर पढ़ाई की बात करता था। बुधवार की रात को सुनीता बाजार गई थी। रामतेज अपने काम पर गए थे। उसी समय ऋषभ ने घर में लगे पंखे के सहारे गमछे से फंदा लगाकर जान दे दिया। सुनीता जब बाजार से वापस आई तो दरवाजा अंदर से बंद था। खिड़की से देखा अंदर कमरे में ऋषभ का शव फंदे से लटका था। वह बेसुध होकर गिर गई।

गोमतीनगर विस्तार इंस्पेक्टर सुधीर अवस्थी ने बताया कि बेटे की अच्छी पढ़ाई के लिए परिजन उसको शहर लाए थे, लेकिन वह यहां पढ़ना नहीं चाहता था। जिसके चलते उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। हर बिंदु पर जांच की जा रही है।

ऋषभ (फाइल फोटो)

- बेटे की अच्छी पढ़ाई के लिए बाराबंकी से लखनऊ लाए थे परिजन

शादी से एक दिन पहले प्रापर्टी डीलर के बेटे ने दी जान

अमृत विचार : गोमतीनगर विस्तार क्षेत्र निवासी प्रापर्टी डीलर के बेटे ने शादी के एक दिन पहले जान दे दी। उसका शव मकान की तीसरी मंजिल की रैलिंग से गुरुवार सुबह लटका मिला। पुलिस के मुताबिक, मकदूमपुर निवासी विशाल यादव (25) बिजली मैकेनिक था। पिता शर्मा लाल यादव का कहना है कि बेटे की शुक्रवार को कुर्सी रोड निवासी युवती से शादी होनी थी। बुधवार देर रात वैवाहिक कार्यक्रम के बाद सब सोने चले गए। गुरुवार तड़के किराएदार उठा तो तीसरी मंजिल की रेलिंग पर साड़ी के फंदे से विशाल का शव लटका दिखा। फिलहाल पुलिस ने विशाल का मोबाइल कब्जे में लिया है। विशाल तीन भाइयों में सबसे छोटा था। पिता शर्मा लाल यादव प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं।

कक्षा 8 की छात्रा का फंदे से लटका मिला शव

लखनऊ/ आलमबाग : कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र में कक्षा 8 की छात्रा आयुषी उर्फ कीर्तिका (14) का शव फंदे से लटका मिला। घटना के समय वह घर पर अकेली थी। छोटा भाई पहुंचा तब घटना पता चली। इंस्पेक्टर पीके सिंह के मुताबिक, अनजान व्यक्ति ने डायल 112 पर कॉल कर आयुषी की संदिग्ध हालात में मौत होने की सूचना दी थी। रात करीब 9 बजे पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पिता शैलेंद्र शर्मा से पूछताछ की। उन्होंने बताया कि वह सुबह दुकान पर चले गये थे। जबकि पत्नी रेखा बड़ी बेटी के साथ एक कॉलेज में दाखिले की बात करने गईं थी। बेटा लड्डू घर से बाहर खेलने गया था। शाम करीब 4 बजे बेटा घर पहुंचा तो बहन को दुपट्टे से लटका देखा। आनन-फानन शैलेंद्र घर पहुंचे तो जीवित होने की उम्मीद में बेटी को फंदे से उतार कर नजदीकी अस्पताल ले गए। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर का कहना है कि जांच में घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल मोहल्लावाले दबी जुबां बता रहे हैं कि शैलेंद्र ने कुछ लोगों से बेटी की छत से गिरने तो किसी से तखत से गिरने से मौत होने की बात कही है।

भाजपा राज्यसभा सदस्य के भाई के बंद मकान से चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

अमृत विचार : इंदिरानगर सेक्टर-21 में भाजपा के राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी के भाई हिमांशु त्रिवेदी का मकान है। चोरों ने बुधवार रात को उनके बंद घर से लाखों रुपये का सामान साफ कर दिया। हिमांशु की पत्नी प्रतिभा ने पुलिस को सूचना दी। एसीपी विकास जायसवाल के मुताबिक एफआईआर दर्ज कर ली गई है। चोरों की तलाश में सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

एसीपी ने बताया कि इंदिरानगर सेक्टर-21 में हिमांशु त्रिवेदी अपने परिवार के साथ रहते थे। 19 मई को वह गोमतीनगर के घर में शिफ्ट हो गए थे। यहां पर ताला बंद था। बीच-बीच में आते-जाते रहते थे। गुरुवार को जब वह और उनकी पत्नी पहुंची तो गेट का ताला टूटा हुआ मिला। साथ ही अंदर रखा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ था। यह देख उन्होंने पुलिस को सूचना दी। चोरी की जानकारी मिलते ही मौके पर डीसीपी, एडीसीपी समेत अन्य अधिकारी पहुंचे। डाग स्क्वायड और फारेंसिक टी म को बुलाया गया। एसीपी ने बताया कि प्रतिभा की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घर से क्या-क्या चोरी हुआ है। इसकी जानकारी दी जा रही है। चोरों की तलाश में तीन टीम को लगाया गया है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा।

घटनास्थल की फोटो। अमृत विचार

- इंदिरानगर में सेक्टर 21 की घटना, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

दो आरोपी गिरफ्तार, डाला बरामद

अमृत विचार, काकोरी : पारा पुलिस ने चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर डाला व सामान बरामद किया है। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार वर्मा के मुताबिक, आरोपियों की पहचान ऋषभ गोस्वामी, अर्पित गोस्वामी उर्फ रितेश निवासी ग्राम सेवई थाना सुशांत गोल्फ सिटी के रूप में हुई है। कब्जे में 1126 रुपये और डाला बरामद हुआ है। बताया कि 10 जुलाई को सुभाष नगर निवासी पीड़ित रामबाबू से ड्राइवर व अन्य ने 30 हजार रुपये व डाला चुरा लिया था। पुलिस ने बताया कि दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

पुलिस की गिरफ्त में दोनों चोर व बरामद डाला।

कंपनी ऑफिस से 58 लाख रुपयों से भरा बैग चोरी

अमृत विचार, सरोजनीनगर : क्षेत्र की ट्रांसपोर्ट कंपनी के ऑफिस से 58 लाख रुपये की नकदी से भरा बैग चोरी होने का मामला सामने आया है। ट्रांसपोर्टर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित घनश्याम ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर में उनका ऑफिस है। मंगलवार को ऑफिस में 58 लाख रुपये की नकदी से भरा बैग रखा था। जिसे अगले दिन प्रवेश तिवारी को हैंडओवर करना था। उन्होंने प्रवेश को 16,39,450 रुपये पहले ही दे दिए थे। बुधवार सुबह घनश्याम ऑफिस पहुंचे तो ट्रॉली बैग समेत 58 लाख रुपये चोरी होने की जानकारी हुई। घनश्याम का कहना है कि रकम ऑफिस में रखकर गए थे। प्रवेश के अलावा लाली, अंकित, अजय, श्याम जी और ड्राइवर शिव शंकर था। इस रकम की जानकारी सिर्फ प्रवेश को थी। इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरी ने बताया कि जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

बुलेट सवार बदमाशों ने ज्वेलर्स से की लूट

अमृत विचार, लखनऊ : सुशांत गोल्फ सिटी थानाक्षेत्र में दिन-दहाड़े बुलेट सवार बदमाशों ने ज्वेलर्स की दुकान से तीन सोने की चेन लेकर भाग गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी।

गोसाईंगंज के सदरपुर बाजार निवासी शिवाकांत सोनी की सुशांत गोल्फ सिटी के खुर्दही बाजार में रवि सर्राफ के नाम से दुकान है। शिवाकांत के मुताबिक, गुरुवार दोपहर करीब डेढ़ बजे वह दुकान में थे। इसी बीच बुलेट सवार दो युवक दुकान के बाहर आए। एक दुकान के अंदर आया दूसरा बुलेट स्टार्ट कर बाहर ही खड़ा था। अंदर आए युवक ने उनसे सोने की चेन दिखाने को कहा। इसके बाद युवक ने एक चेन का वजन करने को कहा। जैसे ही दुकानदार ने एक चेन का वजन करना शुरू किया। इसी बीच युवक वहां सोने की बाकी तीन चेन लेकर भाग निकला। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी अंजनी मिश्र ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है और बदमाशों की तलाश की जा रही है।

सार-संक्षेप

निजी कंपनी के कर्मी का कमरे में फंदे से लटका मिला शव

अमृत विचार, आलमबाग : कृष्णा नगर कोतवाली के डीआरएम पुलिया कनौसी में दोस्तों के साथ रहने वाले निजी कंपनी के कर्मी का फंदे से शव लटका मिलने का मामला सामने आया है। इंस्पेक्टर पीके सिंह के मुताबिक, मूलत: जौनपुर जनपद निवासी सत्यम मिश्रा (26) लखनऊ की एक निजी कंपनी में काम करता था। वह दोस्त मोनू यादव व मुकेश शुक्ला के साथ कनौसी में किराये के कमरे में रहता था। दोनों दोस्त गांव गये थे। बुधवार देर शाम दोस्त लौटे तो सत्यम का शव कमरे में अंगौछा से पंखे के हुक से लटका मिला। दोस्तों की सूचना पर परिजन और पुलिस पहुंची। पूछताछ के बाद गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजन को सौंप दिया।

बाइक चोरी, आरोपी की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद

अमृत विचार, आलमबाग/ काकोरी : मानक नगर क्षेत्र में दिन दहाड़े घर के सामने से बाइक चोरी करने वाले आरोपी की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस के मुताबिक, राम दास खेड़ा में किराये के मकान में रहने वाले आवेंद्र कुमार ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि बुधवार दोपहर घर के सामने गली में खड़ी बाइक चोरी हो गई। फुटेज में दिख रहा है आरोपी देर तक बाइक पर बैठा रहा। मौका मिलते ही बाइक स्टार्ट कर आरोपी भाग निकला। उधर, दुबग्गा क्षेत्र से बाइक चोरी का मामला सामने आया है। डालीगंज निवासी आशिफ ने बताया बाइक से जेहटा कूड़ा चौराहा शराब ठेके के बाहर बाइक खड़ी किये थे। वहां से बाइक चोरी हो गई।

डाला की टक्कर से पत्नी की मौत, पति व दो बच्चे घायल

अमृत विचार, निगोहां : निगोहां के सुदौली मोड़ पर गुरुवार सुबह तेज रफ्तार डाला की टक्कर से बाइक सवार दंपति और दो बच्चे घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, थाना अंतर्गत रामदासपुर निवासी राजेन्द्र प्रसाद अपनी पत्नी प्रीति (25) और दो बच्चों के साथ बुधवार को निगोहां गांव में रह रहीं अपनी बीमार मां सुशीलावती को देखने गये थे। वहां से गुरुवार सुबह बाइक से सुबह करीब 7 बजे सभी वापस रामदासपुर जा रहे थे। रास्ते में सुदौली मोड़ पर लखनऊ से रायबरेली की ओर जा रहे तेज रफ्तार डाले ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी चालक डाला समेत भाग निकला। आसपास के लोगों ने घायलों को नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं प्रीति की ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान प्रीति की मौत हो गई। इंस्पेक्टर ने बताया परिजन की तरफ से प्रार्थना-पत्र मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी।

धू-धू कर जली कार, समय रहते निकले पिता-पुत्र बच गई जान

अमृत विचार, आलमबाग : शार्ट सर्किट से लगी आग से कार आग का गोला बन गई। कार सवार पिता-पुत्र समय रहते उतर गये। इससे जान बच गई। पीजीआई थाना क्षेत्र स्थित सौभाग्यम निवासी प्रदीप शुक्ला गुरुवार शाम पिता को बाराबिरवा नहर चौराहे स्थित अवध अस्पताल में आई 10 कार से डॉक्टर को दिखाने आये थे। वापसी के समय कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र में सिंगार नगर मैट्रो स्टेशन के नीचे कार से धुआं निकलता देख कार से उतर गए। थोड़ी ही देर में कार आग का गोला बन गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने जब तक आग बुझाई। काफी नुकसान हो चुका था। दमकल कर्मियों ने शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई है।

हाईवे पर आलू की बोरियों से भरा ट्रक पलटा, लगा जाम

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी के अयोध्या बाईपास पर गुरुवार सुबह आलू लदा ट्रक ट्राली से टकराकर पलट गया। इससे ट्रक पर लदी आलू की 200 से अधिक बोरियां सड़क पर बिखर गईं। इससे जाम लग गया। ट्रैफिक पुलिस ने हाईड्रा से ट्रक और मजदूरों से आलू की बोरियों हटवाईं। इस बीच पहुंचे ट्रैफिक इंस्पेक्टर गोमती नगर विपिन कुमार पांडेय ने डायवर्जन लागू किया। इसके बाद किसान पथ की तरफ से बाराबंकी जा रही गाड़ियों को माटियारी अंडरपास से डायवर्ट किया गया। इस दौरान करीब एक घंटे जाम की स्थिति बनी रही।

32 वाहनों का हुआ चालान

अमृत विचार, लखनऊ : परिवहन विभाग की ओर से अनफिट स्कूली वाहनों के खिलाफ गुरुवार को भी शहर के कई रूटों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। गुरुवार को चेकिंग अभियान के दौरान बच्चों की सुरक्षा मानकों से खिलवाड़ करने वाले छह स्कूली वाहनों को सीज व 32 वाहनों का चालान काटा गया। पकड़े गए वाहनों में न सीएनजी किट की फिटिंग थी न स्पीड गर्वनर था। फर्स्ट एड और आग से बचाव के उपकरण तक गायब मिले। ऐसे वाहन मालिकों को दोबारा सड़क पर फर्राटा भरने पर वाहन जब्त करने की चेतावनी भी दी गई। वहीं 46 वाहनों की फिटनेस जांची गई। ट्रांसपोर्ट नगर स्थित आरटीओ के फिटनेस सेंटर पर स्कूली वाहनों की जांच के लिए कतार लग रही है। एआरटीओ प्रशासन पी के सिंह ने बताया कि एक हफ्ते पहले 800 अनफिट स्कूली वाहनों को नोटिस भेजी गई थी। इनमें 413 वाहनों की फिटनेस कराई गई।

15 लाख नहीं देने पर दारोगा की बेटी को दिया तीन तलाक

अमृत विचार, लखनऊ : बीएसएफ के दारोगा की बेटी को 15 लाख रुपये दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर तीन तलाक देने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, जैतीखेड़ा निवासी महिला ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया उसका निकाह नवंबर 2021 में प्रतापगढ़ के जोगापुर निवासी फरहान अली से हुआ था। कुछ दिन पहले सास मोमिना ने बहू पर नया ट्रक खरीदने के लिए 15 लाख का इंतजाम करने को कहा। मांग पूरी ना करने पर पीड़िता को पीटा गया। पीड़िता ने बताया 31 दिसंबर 2023 को पति ने फोन पर तीन तलाक दे दिया। पुलिस ने फरहान और मां मोमिना को नामजद किया है।

चार दोस्तों ने छात्रा से मारपीट कर उतारे कपड़े, बनाया वीडियो

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परीक्षा देने संतकबीरनगर से लखनऊ आई थी पीड़िता

अमृत विचार : राजधानी में परीक्षा देने आयी संतकबीर नगर निवासी युवती को पुरुष मित्र के घर पर रुकना भारी पड़ गया। दोस्त ने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर छात्रा को चार घंटे तक बंधक बनाकर पीटा। इसके बाद छात्रा के कपड़े उतार कर अश्लील वीडियो भी बना लिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

इंस्पेक्टर नितीश कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक, जनपद संतकबीर नगर निवासी छात्रा ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि 6 जुलाई को वह पेपर देने लखनऊ आई थी। गुड़बा थाना क्षेत्र के सुलभ आवास निवासी दोस्त वीरेन्द्र मिश्रा के घर रुकी थी। 7 जुलाई को करीब 12 बजे पेपर देने निकल गयी। जब लौटी, तो वीरेन्द्र अपने दोस्त सतेन्द्र, धन्ने और अमन के साथ पार्टी कर रहा था। सभी नशे में धुत थे। इसके चलते छात्रा कमरे में चली गयी।

आरोप है कि कुछ देर बाद वीरेन्द्र कमरे से घसीट कर दूसरे कमरे में ले गया। जहां बिना वजह पिटाई करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने दोस्तों के साथ मिलकर करीब चार घंटे तक उस पर थप्पड़ बरसाए। इसके बाद उसके कपड़े उतरवा कर अश्लील वीडियो बना लिया। घटना के बारे में किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी दी गई। किसी तरह युवती ने आरोपियों के चंगुल से छूट कर पुलिस कंट्रोल रूम पर फोन किया। पुलिसकर्मी पहुंचे तब तक आरोपी भाग निकले थे। इंस्पेक्टर ने बताया कि जांच में मिले तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

डिजिटल अरेस्ट पीड़ितों के खाते में वापस कराए 29.77 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : साइबर क्राइम थाने की टीम के प्रयास से डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी के शिकार दो पीड़ितों के खाते में 29,77,653 रुपये वापस आ गए। जालसाजों ने दोनों पीड़ितों को सीबीआई अधिकारी बन मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में डिजिटल अरेस्ट कर रुपये ठगे थे।

प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार यादव के मुताबिक, इंदिरानगर बी-ब्लॉक निवासी मानवी मेहरोत्रा से जालसाजों ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में अरेस्ट वारंट भेजा। सीबीआई अधिकारी बनकर डिजिटल हाउस अरेस्ट की फर्जी जांच शुरू कर दी। इसके बाद मामले से बचने के लिए रुपये की मांग की। कई बार जालसाजों ने मानवी से 13,73,653 रुपये कई खातों में ट्रांसफर कराए। पीड़िता ने 25 जून को साइबर क्राइम थाने में एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने बैंक से बातचीत कर रुपये वापस पीड़िता के खाते में वापस करा दिया।

इसी तरह जालसाजों ने खुद को सरकारी अस्पताल जेएलएन अजमेर में नेत्र चिकित्सक बनकर मुद्रा व्यापार में निवेश करने पर मुनाफा दिलाने का लालच देकर सौरभ सिंह पटेल से ठगी की। वह लखनऊ में हजरतगंज के जियामऊ मानसनगर में रहते हैं। जालसाजों ने फारेक्स ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म में खाता खोलकर व्यापार करके मुनाफा कमाने का लालच दिया। इसके बाद 20,54,000 रुपये निवेश करा लिए। पीड़ित ने दो मई को साइबर क्राइम थाने में एफआईआर दर्ज कराई। जांच अधिकारी इंस्पेक्टर विनोद सिंह ने रकम को गुरुवार को उनके खाते में वापस करा दिया।

पूर्व मुख्य सचिव के खाते में वापस आएंगे 383 डॉलर

अमृत विचार : पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन के एसबीआई क्रेडिट कार्ड से निकाले गए 383 डॉलर को साइबर क्राइम टीम ने होल्ड करा दिया है। जो कुछ दिन में उनके खाते में ट्रांसफर हो जाएंगे। रिटायर आईएएस के क्रेडिट कार्ड का दुरुपयोग कर अमेरिका के एक ई-वॉलट में डॉलर भेजे गए थे। इंस्पेक्टर साइबर क्राइम सेल सतीश साहू के मुताबिक, रिटायर आईएएस आलोक रंजन के पास 8 जुलाई को अनजान नंबर से कॉल आई थी। फोन करने वाले ने एसबीआई कस्टमर केयर से होने का झांसा देकर करीब 1.9 लाख का बिल बकाया होने की बात बोल उनसे से मोबाइल का 9 नंबर दबाने के लिए कहा। जिसे दबाते ही उनके खाते से डॉलर कट गए थे। इंस्पेक्टर का कहना है कि गोमतीनगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज है।

शादी का झांसा दे युवती से संविदाकर्मी ने किया दुष्कर्म

अमृत विचार, लखनऊ : बाराबंकी निवासी बिजली विभाग के संविदाकर्मी युवक द्वारा चिनहट निवासी युवती से दुष्कर्म के बाद शादी का झांसा देकर कई माह तक शोषण करने का मामला सामने आया है।

इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार चतुर्वेदी के मुताबिक, क्षेत्र निवासी युवती ने बताया कि कुछ माह पूर्व ग्राम धरौरी फतेहपुर, सूरतगंज बाराबंकी निवासी संविदाकर्मी मोतीलाल यादव से उसका परिचय था। उसने कोल्ड ड्रिंक में निशाला पदार्थ मिलाकर दुष्कर्म किया। जब पुलिस से शिकायत की बात कही तो शादी का झांसा देकर शोषण करता रहा। कुछ दिनों बाद पता चला कि उसने दूसरी जगह शादी कर ली है। पीड़िता ने डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप से गुहार लगाई। उनके आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

पत्नी प्रेमी संग मिलकर रच रही थी हत्या की साजिश, एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लिव-इन में रह रही है पत्नी, गोमतीनगर विस्तार पुलिस कर रही जांच

अमृत विचार : पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर पति की हत्या की साजिश रची। इसकी जानकारी होने पर पति ने गोमतीनगर विस्तार थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पीड़ित अरविंद पांडेय ने बताया कि उनकी शादी ज्योति से 9 वर्ष पहले हुई थी। ज्योति गायिका बनना चाहती थी। उसके सपने को पूरा करने के लिए चालक की नौकरी की। पांच लाख रुपये लगाकर स्टूडियो बनवाया। ज्योति प्रसिद्ध हुई तो धर्मेंद्र शुक्ला नाम के व्यक्ति से प्रेम करने लगी। मार्च 2024 में ज्योति सारा सामान लेकर घर से चली गई और धर्मेंद्र के साथ लिव-इन में रहने लगी। अब दोनों मिलकर उसे मारने की साजिश रच रहे। अरविंद ने बताया कि ज्योति को सफल बनाने के लिए अपनी सारी पूंजी लगा दी। अब वह धोखा दे रही है।

शादी के बाद से पत्नी को गायिका बनाने में जुटा : लखनऊ के सफदरबाग लाल कुआं निवासी अरविन्द कुमार पांडेय पेशे से चालक हैं। 2015 में अंबेडकर नगर निवासी ज्योति से शादी हुई थी। शादी के बाद सब कुछ ठीक था। शादी के करीब एक साल के बाद बेटी पैदा हुई। अरविंद को पता चला कि पत्नी गाना गाती है और गायिका बनना चाहती है। अरविंद का गायकी की दुनिया से कोई सरोकार नहीं था। लेकिन वो लोगों से सलाह लेता रहा और पत्नी को स्टार बनाने में जुट गया। अरविंद ने ज्योति के लिए एक म्यूजिक स्टूडियो बनवाने का फैसला लिया। चालक की नौकरी कर 5 लाख जुटाए। कोविड काल में बुद्धेश्वर में किराए पर एक जगह ली। जिसमें 'कोटवा ज्योति' नाम से एक स्टूडियो बनाया। ज्योति ने गाना शुरू किया तो धीरे-धीरे उसकी पहचान बन गई। ज्योति को कई छोटे-मोटे शो भी मिलने लगे। वो गाने के लिए लखनऊ के अलावा दूसरे शहरों में भी जाने लगी।

प्रेमी ने तान दी बंदूक, दी जान से मारने की धमकी : अरविंद ने बताया कि मार्च में ड्यूटी के सिलसिले में बाहर गया था। वहां से वापस आया तो पत्नी सामान लेकर चली गई। तलाश शुरू की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। तीन महीने बाद पता चला कि ज्योति बेटी को लेकर धर्मेंद्र के साथ गोमतीनगर विस्तार इलाके के सुलभ आवास में रहती है। इस पर अरविंद पत्नी से मिलने सुलभ आवास गया। दरवाजा खटखटाया तो बेटी ने दरवाजा खोला। ज्योति से घर वापस चलने को कहा। इस पर धर्मेंद्र से मारपीट हुई। धर्मेंद्र ने अरविंद पर बंदूक तान कर जान से मारने की धमकी दी। अरविंद ने बताया कि धर्मेंद्र की शादी हो चुकी है। उसकी पत्नी व बच्चे पत्रकारपुरम में रहते हैं। आरोप है कि पुलिस से शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अधिकारियों से शिकायत की। इसके बाद गोमतीनगर विस्तार थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। प्रभारी निरीक्षक सुधीर अवस्थी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

म्यूजिक इंडस्ट्री से आने लगे कॉल

अरविंद ने बताया कि ज्योति पांडेय के यूट्यूब चैनल 'कोटवा ज्योति' पर करीब 5.5 हजार सब्सक्राइबर हुए। आवाज अच्छी होने की वजह से कई कॉल म्यूजिक इंडस्ट्री से आने लगे। जिसमें दिल्ली स्थित फटाफट, गोरखपुर का अवधी अड्डा, जनता म्यूजिक जैसे तमाम नाम शामिल हैं। गाने के बाद अच्छी इनकम हुई और नाम भी बढ़ने लगा। इस दौरान ज्योति की मुलाकात संगम धुन के प्रोड्यूसर धर्मेंद्र शुक्ला से हुई। जिनका यूट्यूब पर संगम धुन नाम से चैनल है और 5 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर है।

बढ़ा धर्मेंद्र का आना-जाना

धर्मेंद्र शुक्ला का स्टूडियो पर आना-जाना बढ़ गया। उसने कहा- मेरे पास बड़ा काम है, ज्योति को स्टार बना सकता हूं। धर्मेंद्र की बात से अरविंद खुश हो गए। धर्मेंद्र बार-बार स्टूडियो आता और ज्योति के गानों को अपने चैनल पर प्रमोट करता। धर्मेंद्र शुक्ला खुद को राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संघ का अध्यक्ष बताता था। संगम धुन चैनल से ज्योति और पॉपुलर होने लगी। इस दौरान ज्योति का झुकाव धर्मेंद्र के प्रति हो गया। दोनों एक दूसरे के करीब होते चले गए। ज्योति को रिकॉर्डिंग के बहाने अपने स्टूडियो पर ही रखने लगा।

सार-संक्षेप

इनरव्हील क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

छात्राओं को साइकिल भेंट करतीं क्लब की पदाधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार, लखनऊ : इनरव्हील क्लब बारादरी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह महानगर स्थित एक निजी होटल में आयोजित किया गया। इसमे अध्यक्ष डॉ. मितुल रस्तोगी, उपाध्यक्ष दीपा सिंघल, सचिव सुनीता डेम्बला, कोषाध्यक्ष हेमा गुप्ता, क्लब संवाददाता तनुश्री गुप्ता एवं आईएसओ के पद पर मधु बजाज गुरखानी निर्वाचित हुईं। पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट 312 चेयरपर्सन आशा अग्रवाल की मौजूदगी में शपथ ग्रहण किया। इस मौके पर दयानन्द कॉलेज की छात्राओं को चार साइकिलें व भारतीय मूक बधिर विद्यालय को 15 कुर्सियां भेट की गईं। इस मौके पर विभागीय पत्रिका का विमोचन भी किया गया।

एसकेडी : 10 हजार पौधे लगाने का लिया संकल्प

एसकेडी के निदेशक के जन्मदिवस पर पौधरोपण करते शिक्षक। अमृत विचार

अमृत विचार, लखनऊ : एसकेडी के निदेशक मनीष सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर स्कूल की ओर से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और अन्य कर्मचारियों ने विभिन्न प्रजातियों के 10 हजार पौधे लगाने का संकल्प लिया। निदेशक ने बताया कि पर्यावरण और वायुमंडल को शुद्ध करने के लिए पौधे लगाना अति आवश्यक है, साथ ही ये हमारी जिम्मेदारी भी है।

बशीरतगंज-गणेशगंज वार्ड में बजबजा रहीं नालियां

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम के बशीरतगंज-गणेशगंज वार्ड में नालियां बजबजा रहीं हैं। यहां न तो झाड़ू लगती है न नालियों की सफाई होती है, इसलिए जगह-जगह गंदगी पड़ी हुई है। बारिश के बाद चोक नालियों का गंदा पानी गलियों में पहुंच गया है। इससे लोगों का घरों से पैदल निकलना दूभर है। वार्ड के खजुहा, शास्त्री नगर आदि क्षेत्रों में कूड़ा न उठने से गंदगी है। क्षेत्रीय निवासी जब पार्षद से शिकायत करते हैं तो जवाब मिलता है कि सफाई कर्मचारी बहुत कम हैं। बढ़ाना तो दूर जो थे उनमें से भी कई सेवानिवृत्त हो चुके हैं और कुछ कर्मचारियों का देहांत हो चुका है। नालियों और सड़कों की सफाई नियमित हो पाना मुश्किल है। पार्षद गिरीश गुप्ता नगर निगम कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष भी हैं। उन्होंने बताया कि नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह को पत्र लिखा है। उनके वार्ड में सफाई के लिए स्वीकृत कर्मचारियों में से 19 कम हैं। इससे वार्ड में सफाई व्यवस्था पर बुरा असर पड़ रहा है।

चंद्रावल पंचायत भवन में लगा वृद्धाश्रम स्वास्थ्य शिविर

जांच शिविर में मरीजों को दवा देते डॉक्टर। अमृत विचार

अमृत विचार, लखनऊ : सरोजनीनगर के चंद्रावल स्थित क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. राजकुमार यादव के निर्देशन में गुरुवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, योग वेलनेस सेन्टर की ओर से चंद्रावल स्थित पंचायत भवन में वृद्धावस्था स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय की प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. बबीता केन मौजूद रहे। इस दौरान डॉ. बबीता केन ने जानकारी दी। शिविर में योग प्रशिक्षक रमाशंकर, योग प्रशिक्षिका सुमन भारती और योग सहायक सोनू गौतम ने सभी वृद्ध जनों को आवश्यक योगासनों का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में चंद्रावल ग्राम प्रधान शिव कुमारी और चिकित्सालय के फार्मासिस्ट सुरजन लाल, वार्ड ब्वाय संजीव अग्निहोत्री और सफाई कर्मी रामस्वरूप ने पूरा सहयोग किया।

गुमराही से निकालकर सही मार्ग पर लाना ही मकसदे हुसैन है

चौथी मुहर्रम पर मजलिस में इराक से आए मौलाना कमर हैदर ने की तकरीर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: चौथी मुहर्रम को विभिन्न इमामबाड़ों में मजलिसों का सिलसिला सुबह से देर रात तक जारी रहा। इमामबाड़ा गुफरानमआब में मौलाना कल्बे जवाद ने कहा कि पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब अपने पीछे कुरान और अहलेबैत को आने वाली नस्लों की रहनुमाई के लिए छोड़ गए हैं। मोहम्मद साहब अल्लाह के आखिरी नबी थे, लेकिन कुरान और अहलेबैत की शिक्षाएं रहती दुनिया तक लोगों को रास्ता दिखाती रहेंगी। जो भी इंसान इन दोनों को पकड़े रहेगा वह कभी गुमराह नहीं होगा।

हजरतगंज स्थित सआदत अली खां के मकबरे में मजलिस को खिताब करते हुए इराक से आये मौलाना कमर हैदर ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने कभी अल्लाह की इबादत नहीं छोड़ी। इमाम हुसैन को मानने वालों की यह जिम्मेदारी है कि वह भी कभी इबादत में पीछे न रहें। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन के मानने वालों के अंदर रहम जरूर होगा। वह किसी के लिए दुआ करेगा तो उसे जरूर शिफा मिलेगी। मौलाना ने कहा कि अहलेबैत की यह खासियत थी कि वह हमेशा इबादत में रहे, लेकिन जुल्म के खिलाफ जंग और जरूरतमन्द की मदद के मामले में कभी पीछे नहीं हटे। उन्होंने कहा कि लोगों को गुमराही से निकालकर उन्हें सही रास्ते पर लाना ही मकसदे हुसैन है।

इमामबाड़े में मजलिस को खिताब करते मौलाना मीसम जैदी। अमृत विचार

इमामबाड़ा शाहनजफ में मौलाना अली अब्बास खान ने कहा कि किसी भी निजाम को चलाने के लिए इल्म बहुत जरूरी है। जैसा इल्म होगा वैसा ही निजाम चलेगा। उन्होंने कहा कि जिसके पास इल्म होता है वह अपने अख्तियार भी जानता है।

गोलागंज स्थित मदरसा आलिया में मौलाना सैय्यद राहिब हसन ने मजलिस में कहा कि हजरत इमाम हुसैन कर्बला के मैदान में दीं की हिफाजत के लिए गए थे। हर हुसैनी के लिए जरूरी है कि वह अपने दीन की हिफाजत करे। वह हुसैनी भी रहे और दीनदार भी बने। इमाम से मोहब्बत करने वाला कभी भी हक़ के रास्ते को नहीं छोड़ता है।

अकबरी गेट स्थित इमामबाड़ा तकी साहब में मुहर्रम की चौथी मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना सैफ अब्बास ने कहा कि यह कुरान का हुक्म है कि अल्लाह और उनके रसूल के बताये रास्ते पर ही चलना है। अल्लाह, रसूल और कुरान पर असहमति नहीं होनी चाहिए। ऐसे में जब रसूल ने हजरत अली को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया तो फिर उस पर असहमति का सवाल कहां से उठ सकता है। अंत में उन्होंने हजरत इमाम हुसैन के दोस्त हबीब इब्ने मजाहिर की शहादत बयान की।

इमामबाड़ा आगा बाकर में मौलाना मीसम जैदी ने कहा रसूल के बाद हमने उन हजरत अली को अपना इमाम माना जिनकी अदालत की यह मंजिल थी कि खुद रसूल ने कहा था कि इस कायनात में अली से बेहतर फैसला करने वाला कोई नहीं है।

इमामबाड़ा कसरे हुसैनी में मौलाना मोहम्मद मियां आब्दी ने कहा कि अल्लाह जब किसी के दिल में अहलेबैत की मोहब्बत डालता है तो पहले इस बंदे का इम्तहान लेता है।

इनके अलावा मदरसा नाजमिया में मौलाना हमीदुल हसन, रईस मंजिल में मौलाना तकी रजा, अफजल महल में मौलाना आगा रूही, शिया पीजी कालेज में मौलाना अब्बास नासिर सईद, दरगाह हजरत अब्बास में मौलाना हैदर मेहदी, इमामबाड़ा आगा होम्यो में मौलाना अख्तर अब्बास, इमामबाड़ा जकी अली खां में मौलाना अरशद जाफरी और इमामबाड़ा मकसदे हुसैनी में मौलाना रईस ने मजलिसों को खिताब किया।

..हिचकी के साथ रूह बदन से निकल गई

अमृत विचार, लखनऊ : विक्टोरिया स्ट्रीट स्थित इमामबाड़ा नाजिम साहब में इदारा-ए-तहफ्फुज-ए-मर्सियाख्वानी की ओर से चल रही अहलेबैत की पसंदीदा जाकिरी के तहत चौथी मुहर्रम को औन रिजवी ने मीर बहीद का मर्सिया पेश किया। यह मर्सिया हजरत हुर के हाल पर था। उन्होंने सुनाया : ये सुन के बेक़रार हुआ हुर्रे नामवर, तड़पा मियाने महिये बे आब ख़ाक पर, आसारे नज़ा हो गए रुख पर भी जलवा गर, आंखे फिरा दी पाए शहे दीं पा रखकर, थरराया जिस्म चेहरे की रंगत बदल गई, हिचकी के साथ रूह बदन से निकल गई।

नौजवानों ने किया जंजीरों का मातम

पुराने लखनऊ के दौलतगंज स्थित हसन कालोनी में मौलाना खलीक अहमद जरवली ने मजलिस को खिताब किया। मजलिस के बाद जनाबे जैनब के बच्चों औन व मोहम्मद के ताबूतों व जुलजनाह की जियारत कराई गई। अंजुमन हुसैनी की ओर से आयोजित इस मजलिस के बाद शहर की मातमी अंजुमनों ने नौहाख्वानी व सीनाजनी की। कुछ नौजवानों ने यहां जंजीरों का मातम भी किया।

मोहम्मद के ताबूत का जुलूस आज

हैदरगंज स्थित कर्बला मुंशी फजले हुसैन में पांच मुहर्रम को हजरत जैनब के बेटों औन व मोहम्मद के ताबूत शुक्रवार को निकाले जाएंगे। अंजुमन एनुल अजा की ओर से होने वाले इस कार्यक्रम में मौलाना मिर्जा अनवर मजलिस को खिताब करेंगे।

इमामबाड़ा नाजिम साहब में मरसिया पढ़ते औन रिजवी। अमृत विचार

विधि विवि: मेडल सूची को लेकर उठे सवाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह को लेकर एक दिन शेष है। इसके बावजूद मेडल सूची पर सवाल खड़े किये जा रहे हैं। हालांकि विवि प्रशासन का दावा है कि जो भी सूची जारी की गई उसमें विभागीय प्रक्रिया का अनुसरण किया गया है।

13 जुलाई को विधि विवि में 9 साल बाद दीक्षांत समारोह आयोजित होने जा रहा है। इससे पहले पूर्व छात्र मेडल सूची पर सवाल खड़े कर रहे हैं। मेल से भेजे गए आपत्ति पत्रों में कई ने स्वयं के नाम न आने पर आपत्ति जताई है। इसमें जज सहित कई अन्य प्रशासकीय अधिकारी सम्मिलित हैं। इसको लेकर विवि के प्रवक्ता डॉ. शशांक शेखर का कहना है कि अम्बीशन लॉ इंस्टिट्यूट गोल्ड पुरस्कार में यूपीएससी और राज्य लोक सेवा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सम्मिलित किये गए हैं। इससे पहले उसका विज्ञापन भी जारी किया गया था, जिसमें ये दर्शाया गया था कि कोई पात्रता की सूची में आने वाले अपने साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद मानको के आधार पर ही निर्णय लिये गए हैं। इसमें सिद्धार्थ चतुर्वेदी के नाम गोल्ड है। इसी कड़ी में अर्शदीप सिंह रंधावा, गरिमा नागपाल, अक्षी गिल, प्रज्ञा यादव का नाम सम्मिलित है।

ये हैं चयन के मापदंड

गोल्ड मेडल उन बीएएलएलबी ऑनर्स के छात्रों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने आईएएस एवं यूपीएससी अथवा पीसीएस एवं पीसीएस जे में सफलता प्राप्त की हो। या किसी महत्वपूर्ण शैक्षणिक या अतिरिक्त पाठ्यक्रम में उपलब्धि पाई हो।

किरीट राठौर को जेसीपी लॉ एंड आर्डर का चार्ज

अमृत विचार, लखनऊ: कमिश्नरेट में सयुंक्त पुलिस ला एंड आर्डर (जेसीपी) के पद पर तैनात उपेंद्र कुमार अग्रवाल मेडिकल लीव पर हैं।

ऐसे में जेसीपी का चार्ज डीआईजी किरीट राठौर को दिया गया है। पुलिस के सूत्रों के अनुसार उपेंद्र अग्रवाल लंबे अवकाश पर गए हैं। राजधानी में कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए चार्ज दिया गया है।

उत्पीड़न की रिपोर्ट तैयार करेगा एसोसिएशन

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

अमृत विचार: अनुसूचित जाति अभियंताओं के साथ किए जा रहे उत्पीड़न के खिलाफ पावर ऑफिसर एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल 16 जुलाई को पूर्वांचल, 18 को दक्षिणांचल और 19 को पश्चिमांचल जाकर उनकी समस्याओं की रिपोर्ट तैयार करेगा।

साथ ही एसोसिएशन बिजली कंपनियों का दौरा कर कर्मचारियों के साथ हो रहे भेदभाव पूर्ण रवैये को अपनी रिपोर्ट में शामिल करेगा। गुरुवार को पावर ऑफिसर एसोसिएशन की बैठक में कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कही।

पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन की ओर से अनुसूचित जाति के अभियंताओं के खिलाफ स्थानांतरण नीति के विपरीत जाकर अधिकारियों को शक्ति भवन से बाहर करने में जुटा है। उन्होंने शक्ति भवन में वाणिज्य विंग में तैनात अधिशासी अभियंता और संगठन सदस्य अरविंद गौतम के कॉरपोरेशन की ओर से किए गए स्थानांतरण के खिलाफ उच्च न्यायालय जाकर न्याय प्राप्त करने की बात कही।

पावर ऑफिसर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष पीएम प्रभाकर, महासचिव अनिल, सचिव आरपी ने पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन से मांग की है कि जिन अनुसूचित अभियंताओं का स्थानांतरण गलत हुआ, प्रबंधन इस पर गंभीरता से विचार करके उस पर कार्रवाई की बात कही।

लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित हुई इंटीग्रल यूनिवर्सिटी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : नवीनतम शैक्षिक मानकों और कृषि क्षेत्र में योगदान के लिए इंटीग्रल यूनिवर्सिटी - इंटीग्रल इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल साइंस एंड टेक्नोलॉजी (आईआईएसटी) को एग्रीकल्चर टुडे ग्रुप द्वारा एकेडमिक लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया।

यह अवार्ड इंटीग्रल विवि को शैक्षिक वातावरण को पुनर्जीवित करने और नवाचारों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदान किया गया है। विवि के कोर्डिनेटर मोहम्मद जुबैर ने बताया कि यह अवार्ड दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा दिया गया। सम्मान इंटीग्रल विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. सैयद वसीम अख्तर को मिला है। समारोह के दौरान उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, भारतीय खाद्य और कृषि तथा भारतीय व्यापार तथा कृषि चैम्बर के अध्यक्ष डॉ. एम जे खान, न्यायमूर्ति पी. सत्थासिवम समेत कई अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

इंटीग्रल इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल साइंस एंड टेक्नोलॉजी (आईआईएसटी) को एग्रीकल्चर टुडे ग्रुप ने किया सम्मानित।

कार्यक्रम में ड्रेस कोड में उपस्थित विवि के विदेशी छात्र। अमृत विचार

लविवि में विदेशी छात्रों ने नृत्य-गायन कर दीं प्रस्तुतियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आयाम विश्व छात्र एवं युवा संगठन द्वारा लखनऊ विवि के नवीन परिसर स्थित विश्वकर्मा ऑडिटोरियम में विवि के उत्तीर्ण छात्र एवं शोध विदेशी विद्यार्थियों के लिए ग्रेजुएशन एवं फेयरवेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विदेशी छात्रों द्वारा गायन व नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्व छात्र एवं युवा संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री शुभम गोयल उपस्थित रहे। विश्व छात्र एवं युवा संगठन द्वारा आयोजित की गई ग्रेजुएशन एवं फेयरवेल कार्यक्रम में 12 देशों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग लिया। इसमें तंजानिया, मालवी, युगांडा, श्रीलंका, अफगानिस्तान, मॉरीशस, नेपाल, वियतनाम, थाईलैंड, नामीबिया, इंडोनेशिया तथा बांग्लादेश के विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय छात्र सलाहकार प्रो. आरपी, लखनऊ विवि की डीएसडब्लू प्रो. संगीता साहू, ब्लॉसम फाउंडेशन के निदेशक शशि प्रताप समेत काफी संख्या में शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

बैडमिंटन में अर्णव व अभिनव सेमीफाइनल में

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

अमृत विचार: शीर्ष वरीय मुरादाबाद के अर्णव मदान और सहारनपुर के अभिनव चौधरी ने यूपी अंडर-11 मिनी सब जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में बालक अंडर-11 सिंगल्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली। इस वर्ग के क्वार्टर फाइनल में अणर्व मदान ने ललितपुर के लक्षित राज को 30-17 से और अभिनव चौधरी ने प्रतिंजय अग्रवाल को 30-9 से हराया।

बीबीडी यूपी बैडमिंटन अकादमी में आयोजित चैंपियनशिप के पहले दिन बालिका अंडर-11 सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीय आगरा की आभ्या दीक्षित ने लखनऊ की किमाया सिंह को 30-11 से, गाजियाबाद की छवि प्रभा ने मेरठ की मिताशी चौहान को 30-21 से, हापुड़ की तनिष्का चौधरी ने लखनऊ की अनायिका को 30-25 से और मेरठ की आर्यना चौधरी ने लखनऊ की सान्वी कुमार को 30-26 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

बालक अंडर-11 डबल्स के क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीय गाजियाबाद के प्रतिंजय अग्रवाल और समर्थ ने ललितपुर के लक्षित और सिद्धांत को, मेरठ के शिव और वेदांत ने सुल्तानपुर के अक्षत और शिवांश को 30-15 से, सहारनपुर के अभिनव चौधरी व जसराज बजाज ने प्रयागराज के हार्दिक सिंह व श्लोक पाण्डेय को 30-10 से और दूसरी वरीय झांसी के आर्यवीर सिंह और प्रयायवीर सिंह ने मेरठ के अक्षज प्रधान और समृद्ध त्रिपाठी को 30-29 से हराया।

प्रतियोगिता शुरू होने से पहले खिलाड़ियों से बात करते हुए मुख्य अतिथि। अमृत विचार

सार-संक्षेप

उप्र राज्य ताइक्वांडो चैंपियनशिप आज से

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश के 57 जिलों के 1500 खिलाड़ी 12 जुलाई से शुरू हो रही 40वीं सब जूनियर, 8वीं कैडेट, 42वीं जूनियर और 41वीं सीनियर क्योरगी और आठवीं पूमसे उत्तर प्रदेश राज्य ताइक्वांडो चैंपियनशिप में दांव पर लगे 108 स्वर्ण पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के देखरेख में लखनऊ जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन ओर से आयोजित इस चैंपियनशिप के मुकाबले केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बहुउद्देश्यीय हाल में 12 से 14 जुलाई तक खेले जाएंगे। उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह शैलू की देख-रेख में होने वाली इस चैंपियनशिप के बारे में सचिव राजकुमार ने बताया कि इस तीन दिवसीय चैंपियनशिप के माध्यम से विभिन्न राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए उत्तर प्रदेश की टीमों का चयन किया जाएगा। इस चैंपियनशिप में विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ी कलर बेल्ट और ब्लैक बेल्ट के वर्गो में क्योरगी और पूमसे में दांव पर लगे 108 स्वर्ण, 108 रजत और 216 कांस्य पदकों के लिए चुनौती पेश करेंगे। इस चैंपियनशिप की शुरुआत मुख्य अतिथि ब्रजेश पाठक की ओर से की जाएगी।

तैराकी चैंपियनशिप में छात्रों ने जीते 6 स्वर्ण पदक

पदक मिलने के बाद खुशी मनाते खिलाड़ी। अमृत विचार

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मॉंटेसिरी स्कूल राजेन्द्र नगर प्रथम कैंपस के छात्रों ने डिस्ट्रिक्ट सब-जूनियर एवं जूनियर अक्वाटिक स्विमिंग चैम्पियनशिप में 6 गोल्ड मेडल, 5 सिल्वर मेडल एवं 5 ब्रांज मेडल समेत 16 मेडल जीते है। इस चैम्पियनशिप में छात्र अयान यादव ने 3 गोल्ड मेडल एवं 1 सिल्वर मेडल, शिव जायसवाल ने 2 गोल्ड मेडल एवं 2 सिल्वर मेडल, शिवी तिवारी ने 1 गोल्ड मेडल एवं 1 सिल्वर मेडल, भाव्या पाण्डेय ने 1 गोल्ड मेडल, अग्रिमा कौशल ने 2 ब्रांज मेडल, उदिशा सिंह ने 1 सिल्वर मेडल एवं 2 ब्रांज मेडल एवं आराध्या बाजपेयी ने 1 ब्रांज मेडल जीता है।

एलडीए क्लब बी और न्यू ब्वॉयज क्लब को जीत से पूरे अंक

अमृत विचार, लखनऊ : एलडीए क्लब बी और न्यू ब्वॉयज क्लब ने लखनऊ फुटबॉल लीग में गुरुवार को खेले गए मैचों में प्रतिद्वंदियों के खिलाफ संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की। चौक स्टेडियम पर पहले मैच में एलडीए क्लब बी ने आरए ब्वॉयज क्लब को 1-0 से हराया। एलडीए बी से रक्षित ने प्रतिद्वंदी के डिफेंस को भेदते हुए 21वें मिनट में गोल दागा। इसके बाद दोनों टीमें काफी मशक्कत के बाद भी गोल नहीं कर सकी। वहीं दिन के दूसरे मैच में न्यू ब्वॉयज क्लब ने डीसीए क्लब के खिलाफ 1-0 से जीत दर्ज की। मैच में दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों ने एक-दूसरे के डिफेंस में सेंध लगाने के कई प्रयास किए। इसी बीच न्यू ब्वॉयज से शशांक ने 28वें मिनट में गेंद को गोल पोस्ट में डालते हुए टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी। जो अंत तक कायम रही। लीग में शुक्रवार को एलडीए क्लब ए बनाम यूपी पुलिस और स्पोर्ट्स कॉलेज बनाम कॉल्विन क्लब के बीच मैच खेले जायेंगे।

विश्व जनसंख्या दिवस | परिवार नियोजन कार्यक्रम प्रत्येक दम्पति को अपने परिवार की खुशहाली के लिए करता है सशक्त

परिवार नियोजन का संदेश देने रवाना हुए सारथी वाहन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा आईईए सभागार अलीगंज में कार्यक्रम आयोजित हुआ। अपर निदेशक लखनऊ मंडल डॉ. जीपी गुप्ता और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज अग्रवाल द्वारा परिवार नियोजन जागरूकता वाहन सारथी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस मौके पर संगोष्ठी का भी आयोजन हुआ।

आईईए सभागार में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते डॉ. जीपी गुप्ता ने कहा कि परिवार नियोजन कार्यक्रम प्रत्येक दम्पति को अपने परिवार की खुशहाली के लिए सशक्त करता है। परिवार नियोजन द्वारा मातृ मृत्यु 30 फीसद तथा एवं शिशु मृत्य 10 फीसद तक रोकी जा सकती है। डॉ. मनोज ने कहा कि इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस विकसित भारत की नई पहचान-परिवार नियोजन हर दम्पति की शान थीम के साथ मनाया जा रहा है। इसके तहत 11 से 24 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरता पखवारा मनाया जायेगा जिसमें लोगों को परिवार नियोजन सम्बन्धी जानकारी के साथ ही परिवार नियोजन साधन भी मुहैया कराये जायेंगे।

सारथी वाहन को हरी झंडी दिखाते अपर निदेशक लखनऊ मंडल सीएमओ व अन्य।

लोहिया संस्थान में हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में सामुदायिक चिकित्सा विभाग विज्ञान ने गुरुवार को शहरी स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र उजरियांव में ज्ञानवर्धक और संवादात्मक कार्यक्रमों की श्रृंखला के साथ विश्व जनसंख्या दिवस मनाया। कार्यक्रम में वाद-विवाद प्रतियोगिता, ज्ञानवर्धक वार्ता और एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता शामिल थी। समारोह का उद्घाटन आशा और एएनएम कार्यकर्ताओं द्वारा गणमान्य व्यक्तियों को विकास और स्थिरता के प्रतीक पौधे देकर किया गया। आरएमएलआईएमएस के जूनियर ग्रेड सामुदायिक चिकित्सा की प्रोफेसर डॉ. बीना सचान ने विश्व जनसंख्या दिवस के महत्व और जनसंख्या चुनौतियों से निपटने में स्वास्थ्य पेशेवरों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए भाषण के साथ समारोह की शुरुआत की। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पीयूष करीवाला ने सार्वजनिक स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे पर जनसंख्या विस्फोट के प्रभाव और सतत विकास की आवश्यकता पर चर्चा की। डॉ. विनीता शुक्ला ने जनसंख्या वृद्धि के जनसांख्यिकीय रुझानों और अनियंत्रित संभावित सामाजिक-आर्थिक प्रभावों पर अंतर्दृष्टि साझा की। शहरी पीएचसी उजरियांव की चिकित्सा अधिकारी डॉ. पद्मजा रानी ने समुदाय में परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के लिए आशा और एएनएम को संबोधित करते हुए अपने विचार साझा किए।

तीन दिन में पूरी करें नए कनेक्शन के लिए कागजी कार्रवाई

अमृत विचार,लखनऊ : ट्रांसगोमती मुख्य अभियंता बीके सिंह ने गुरुवार को जानकीपुरम कार्यालय में अफसरों को नए कनेक्शन के लिए तीन दिनों के भीतर सभी कागजी कार्यवाही पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रीपेड मीटरों के रीचार्ज में होने वाली दिक्कतों को दूर करने के लिए आदेश भी दिया। उन्होंने उपकेंद्र अधिकारियों से कनेक्शन, बकाये और अनुरक्षण कार्य की जानकारी ली। उन्होंने बकायेदारों से वसूली के लिए क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाने के लिए भी कहा। इसके अलावा गलत बिलों के समायोजन के लिए अधिकारियों को देर रात तक कार्य करने के लिए कहा।

वादे हवा-हवाई, जलमग्न हुए गांव, फसलें चौपट

जन प्रतिनिधियों ने बाढ़ से मुक्त करने का किया था वादा लेकिन आज भी समस्या जस की तस

संवाददाता, बख्शी का तालाब

अमृत विचार : बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र अंतर्गत गोमती नदी के किनारे बसे लासा, दुघरा, बहादुरपुर, सुलतानपुर समेत अन्य कई गांवों में शासन व जनप्रतिनिधियों की ओर से जो वादे किए गए थे। अगर उन्हें पूरा किया जाता तो आज बाढ़ की विभीषिका से जूझना न पड़ता। इन वायदों में प्रमुख था गोमती के 500 मीटर तक के तट को पक्का करना। इस बार बाढ़ ने खरीफ की फसल चौपट कर दी और रबी की फसल उगाने की चिंता किसानों को सता रही है।

सुलतानपुर गांव के पूर्व प्रधान दौलतराम, जमखनवां के रमेश त्रिपाठी, अकड़रिया खुर्द गांव के राम प्रकाश, बाल किशुन, राममोहन, जगत ने बताया कि 1998, 2003 तथा 2004-2006 में आयी बाढ़ के समय शासन-प्रशासन, पूर्व मंत्रियों व जनप्रतिनिधियों ने बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया था। राहत सामग्री देने के साथ-साथ बाढ़ की विभीषिका से सदैव के लिए मुक्त करने का वायदा भी किया था। लेकिन आज तक उन वादों को पूरा नहीं किया गया।

स्थानीय लोगों ने कहा कि जनप्रतिनिधि बाढ़ के दौरान लम्बे-चौड़े वादे करते हैं पर बाढ़ समाप्त होते ही वे पीछे मुड़कर भी नहीं झांकते। बाढ़ में किसानों की हजारों बीघे फसल नष्ट हो जाती है। इसके अलावा सैकड़ों लोगों को बेघर होना पड़ता है। इस बार आयी बाढ़ से लोगों को यही चिंता सता रही है कि कहीं इस बार भी खरीफ की हजारों बीघा फसल नष्ट न हो जाए। आने वाली रबी की फसल की बुवाई किसान कैसे करेगा।

बाढ़ पीड़ितों ने बताया कि जब तक इन गांवों की सड़कों को ऊंचा नहीं किया जाएगा, तब तक ये गांव गोमती नदी के पानी से डूबने से नहीं बच सकते। सरकारी इमदाद इन लोगों के लिए ऊंट के मुंह में जीरा ही साबित होगा।

बाढ़ के पानी से अवरुद्ध हुए गांव के मुख्य मार्ग से निकलती महिलाएं। अमृत विचार

बेसिक शिक्षा अधिकारी के पद को लेकर विवाद, महानिदेशक के पास पहुंचा मामला

संवाददाता, लखनऊ

- पूर्व बीएसए विजय प्रताप सिंह पर वर्तमान बीएसए को चार्ज नहीं देने का आरोप

अमृत विचार: तबादले के बाद भी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रहे विजय प्रताप सिंह अपने पद का मोह नहीं छोड़ पा रहे हैं। यही कारण है कि कई दिन बीतने के बाद भी नव नियुक्त बीएसए को अभी तक औपचारिक तौर पर चार्ज नहीं सौंपा है। जिले में शिक्षकों के बीच भ्रम की स्थिति बनी हुई है, शिक्षक आपस में चर्चा कर रहे हैं कि आखिर हमारा असली बीएसए कौन है। ऐसे में वर्तमान बीएसए रतन कीर्ति ने अब शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा को पत्र लेकर समस्या का हल निकाले जाने की मांग की है। वहीं दूसरी ओर अब यह मामला पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बना हुआ है। फिलहाल अब इसका निर्णय शिक्षा महानिदेशक को करना है। दरअसल, उत्तर प्रदेश में तबादला नीति के तहत बेसिक शिक्षा विभाग में बेसिक शिक्षा 30 बीएसए के तबादले किए गए हैं। इसमें हरदोई के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह का स्थानांतरण हरदोई से माध्यमिक शिक्षा निदेशालय कर दिया गया वहीं, हरदोई में रतन कीर्ति को नई तैनाती दी गई और उन्होंने ज्वाइन किया। सरकारी नंबर और विभागीय गाड़ी नए बीएसए को नहीं दिया गया। अब हरदोई की नई बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा डीजी बेसिक शिक्षा को पत्र लिख पूर्व बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह की शिकायत की गई लिखा गया कि विजय सिंह द्वारा विभागीय दायित्वों को सौंपने में सहयोग नहीं किया गया है फिलहाल शिक्षा विभाग के दो अधिकारियों के विवाद में पूरे हरदोई जिले के सभी विद्यालयों में शिक्षा प्रभावित है।

दुकानों की नाप लेने पहुंचे अधिकारियों को दुकानदारों ने किया वापस

संवाददाता, सरोजनीनगर

अमृत विचार: सरोजनीनगर में कानपुर रोड चौड़ीकरण की जद में आ रही दुकानों का बिना नक्शा लिए गुरुवार को अपने हिसाब से नाप करने पहुंचे एनएचएआई अधिकारियों/कर्मचारियों का विरोध करते हुए दुकानदारों ने उन्हें बैरंग वापस कर दिया।

उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में विरोध कर रहे व्यापारियों का कहना था कि करीब डेढ़ वर्ष पहले उन्हें एनएचएआई द्वारा नोटिस तो दी गई, लेकिन कई दुकानदारों को अभी तक मुआवजे की धनराशि तक नहीं दी गई है। उनका कहना था कि अगर एनएचएआई अधिकारी उन्हें नक्शा दिखाकर उनके सामने दुकान की नाप करें तो दुकानदार संतुष्ट हो जाएं। साथ ही जिन लोगों की दुकानों का मुआवजा नहीं मिला है, उन्हें मुआवजा भी दे दिया जाए तो दुकानदार खुद ही अपने हिसाब से अपनी दुकानों को तोड़ लेंगे।

व्यापारियों ने आरोप लगाया कि अधिकारी यह सब कुछ करने के बजाय अपने हिसाब से दुकान की नाप कर खुद तोड़ने पर अड़े हैं जो व्यापारियों को बर्दाश्त नहीं। व्यापारियों ने बताया कि इस मामले को लेकर व्यापारी नेता ओमप्रकाश शर्मा और एयरपोर्ट आदर्श व्यापार मंडल अध्यक्ष पवन तिवारी ने एसडीएम सरोजनीनगर से इसकी शिकायत की और उनके सामने दुकानदारों की पीड़ा रखी। जिस पर एसडीम सरोजनीनगर ने शुक्रवार को पूर्वाहन 11 अपने कार्यालय में एनएचएआई अधिकारियों, व्यापारियों और राजस्व कर्मियों को बुलाकर मीटिंग में सभी सुझाव देने की बात कहते हुए जायज समस्याओं का निस्तारण करने का आश्वासन दिया है। फिलहाल दुकानदारों के विरोध के चलते एनएचएआई अधिकारियों को दुकानों की बिना नाप किए ही बैरंग वापस लौटना पड़ा।

सफाई में मिली लापरवाही तो नपेंगे अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश मंडलायुक्त ने दिए। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में संक्रामक रोगों का खतरा होता है। ऐसे में सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई तो रोग फैल सकते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि कहीं भी सफाई व्यवस्था में लापरवाही सामने आई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई होगी।

मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने ग्राम विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग और दिव्यांग कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा की। पंचायती राज के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को शतप्रतिशत आच्छादित किया जाए। वित्तीय वर्ष 2022-23 में ओडीएफ प्लस के लिए चयनित ग्रामों में आरआरसी निर्माण/संचालन लखनऊ में निर्धारित लक्ष्य 41 पूरा कर लिया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में ओडीएफ प्लस के लिए चयनित ग्रामों में आरआरसी निर्माण/संचालन लखनऊ में लक्ष्य 254 के सापेक्ष 235 पूरा है और 61 संचालित कर दिया है। मंडल में 3432 के सापेक्ष 2367 कार्य पूरे है। समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित वित्तीय वर्ष 2023-24 मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, पेंशन योजना में शतप्रतिशत मिली।

- योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर लाभार्थियों को किया जाए आच्छादित

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से संबंधित अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न श्रेणी के दिव्यांगों को उसकी आवश्यकता के के लिए 10 हजार रुपये की सीमा तक के कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण जैसे ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, वाकिंग स्टिक, नेत्रहीन छड़ी, कान की मशीन, बैसाखी आदि निःशुल्क दिए जा रहे हैं। मंडलायुक्त ने अल्ट्रासाउंड के दौरान भ्रूण लिग निर्धारण की जानकारी देने वाले संबंधित सेंटरों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान संयुक्त विकास आयुक्त केके सिंह आदि मौजूद रहे।

दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में चिह्नित करें ब्लैक स्पॉट्स

अमृत विचार , लखनऊ : सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर ब्लैक स्पाट्स चिह्नित करने के आदेश दिए हैं। साथ ही, दुर्घटनाएं रोकने के लिए कार्य योजना तैयार कर 30 जुलाई तक रिपोर्ट देने को कहा है। मंडलायुक्त ने आरटीओ, ट्रैफिक पुलिस, लोक निर्माण विभाग और स्थानीय प्रशासन को दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में ब्लैक स्पाट्स चिह्नित करने को कहा है। ब्लैक स्पाट्स चिह्नित करने के बाद उक्त टीम की ओर से निराकरण के उपाय का विवरण तैयार कर कार्य योजना बनाई गई। टीम को यह बताना होगा कि कहां साइनेज लगने हैं। साथ ही बताना होगा कि सड़क चौड़ीकरण, अतिक्रमण हटाना, सड़क की मरम्मत करना, डिवाइडरों का निर्माण, स्ट्रीट लाइट लगवाना व ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था कहां करनी है। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक कार्ययोजना की समीक्षा कर 30 जुलाई तक रिपोर्ट देंगे। कार्य योजना के अनुसार, संबंधित विभागों के अधिकारियों को ब्लैक स्पॉट्स के निदान के लिए निर्देशित किया जाएगा और काम प्राथमिकता के आधार पर कराना होगा।

मुसाहेबगंज में वाटर लाइन लीकेज की मरम्मत शुरू

संवाददाता लखनऊ

- सड़क किनारे गड्ढे को दो ट्राली मिट्टी डालकर भरा

अमृत विचार : नगर निगम जोन छह के मुसाहेबगंज में वाटर लाइन में लीकेज का काम गुरुवार को शुरू हो गया। इसके अलावा सड़क के किनारे खुले में बने कूड़ा घर के बाहर गड्ढे को नगर निगम ने दो ट्राली मिट्टी डालकर भर दिया।

मुसाहेबगंज क्षेत्र में जगह-जगह वाटर लाइन में लीकेज से पानी की बर्बादी हो रही थी। इससे सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे हो गए थे। पड़ाव घर के पास सड़क के किनारे गड्ढा हो जाने से वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे थे। क्षेत्रीय निवासियों की शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही थी। इन समस्याओं को अमृत विचार ने गुरुवार के अंक में मुसाहेबगंज में हर 20 फिट पर वाटर लाइन में लीकेज शीर्षक से प्रमुखता से प्रकाशित किया। इसका असर यह हुआ कि गुरुवार की सुबह ही जलकल विभाग ने वाटर लाइन की मरम्मत का काम शुरू कर दिया। कूड़ा घर के पास वाटर लाइन में लीकेज सही हो गया। क्षेत्र की समस्याओं का निस्तारण होने पर क्षेत्रीय निवासियों ने अमृत विचार का आभार जताया है।

मार्ग प्रकाश विभाग को हादसे का इंतजार : नगर निगम के मार्ग प्रकाश विभाग के अधिकारियों की आंखें अभी नहीं खुली हैं। उन्हें किसी हादसे का इंतजार है। मुसाहेबगंज के एक मात्र बड़े पार्क में एक हाईमास्क लाइट लगी है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, सीतापुर

पत्रांक– 2067/ई–टेण्डर नोटिस/2024–25 दिनांक–03.07.2024

ई–निविदा सूचना

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग, सीतापुर द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में रजिस्टर्ड श्रेणी–ए, बी, सी, डी, ठेकेदारों से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी भी अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने के नियमों से अवगत हो लें।

क्र0 सं0	जनपद	कार्य का नाम	आंकलित धनराशि (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा शुल्क (रू0)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभि0 का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	मुख्य अभि0 का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	सीतापुर	विकास खण्ड लहरपुर के विभिन्न ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य।	8.00	0.80	860.00	31.03.2025	प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, सीतापुर	अधीक्षण अभियन्ता, सीतापुर/खीरी वृत्त, लो.नि.वि. सीतापुर	मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ
2	सीतापुर	विकास खण्ड बेहटा के विभिन्न ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य।	8.00	0.80	860.00	31.03.2025			
3	सीतापुर	विकास खण्ड रेउसा के विभिन्न ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य।	8.00	0.80	860.00	31.03.2025			
4	सीतापुर	विकास खण्ड सकरन के विभिन्न ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य।	8.00	0.80	860.00	31.03.2025			
5	सीतापुर	विकास खण्ड रामपुर मथुरा के विभिन्न ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य।	8.00	0.80	860.00	31.03.2025			

बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें सभी करो को जोड़ते हुये तथा जी0एस0टी0 करों को छोड़ते हुये लगाई गयी है। बिड डाक्यूमेंट की धनराशि (निविदा शुल्क) कॉलम–6 के अनुसार केवल नेट–बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन यू0पी0 ई0–टेण्डर पोर्टल खाता में देय होगा। निविदा शुल्क की धनराशि की वापसी नहीं की जायेगी। बिड डाक्यूमेंट से सम्बन्धित धरोहर धनराशि कॉलम–5 के अनुसार केवल नेट–बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन यू0पी0 ई0–टेण्डर पोर्टल खाता में देय होगा।
निविदा आनलाइन दिनांक 22.07.2024 से डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 02.08.2024 की अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 02.08.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे खोली जायेगीं। शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78–2–2018/42 आई0टी0/2017 (22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्ते http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

UP – 217168
दिनांक– 08/07/2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(एम0के0 वर्मा)
अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, सीतापुर

उमस से फिर बढ़ी बिजली की मांग

अमृत विचार, लखनऊ : कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार गुरुवार को प्रदेश में 26,748 मेगावाट अधिकतम बिजली मांग दर्ज हुई, जबकि पिछले दिनों बारिश के कारण मांग घटकर 22 हजार मेगावाट तक पहुंच गई थी। बिजली कटौती के कारण गांवों व बुंदेलखंड क्षेत्र के लोग त्रस्त हैं। कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि गर्मी व उमस के कारण बिजली की मांग फिर बढ़ गई है। एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली लेकर मांग को पूरा किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में पिछले दो दिनों से हो रही भीषण उमस के कारण लोग परेशान हैं। इसलिए लोगों में बिजली आपूर्ति की मांग बढ़ी है।

शहरी क्षेत्रों को हराभरा बनाने को 70 करोड़ रुपये सलाना खर्च करेगी सरकार

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार : शहरी क्षेत्रों में हरियाली बढ़ाने के लिए नगर विकास विभाग ने उपवन योजना की शुरुआत की है। योजना का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के शहरों को हरे-भरे क्षेत्र में बदलना है जो आने वाली पीढ़ियों सेहतमंद बनाए और को प्रेरित भी करे। योजना के लिए 70 करोड़ रुपये का वार्षिक बजट आवंटित किया गया है। यह बजट विभिन्न नगरीय निकायों के बीच उनकी आवश्यकताओं और क्षमताओं के आधार पर वितरित किया जाएगा। नगर निगमों को उनके परियोजनाओं के पैमाने और हरित क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुसार 1.5 करोड़ रुपये से 5 करोड़ रुपये के बीच प्राप्त होंगे। नगर पालिकाओं को 50 लाख से 1.5 करोड़ रु. की धनराशि मिलेगी, जबकि नगर पंचायतों को 50 लाख रु. की राशि प्रदान की जाएगी। योजना के कार्यान्वयन की देखरेख के लिए स्थानीय निकाय स्तर पर एक समिति का गठन किया जाएगा। नगर निगम निकायों में, नगर आयुक्त समिति का नेतृत्व करेंगे, जबकि पालिका और पंचायत स्तर पर, जिला मजिस्ट्रेट नेतृत्व करेंगे।

विज्ञापन एजेंसियों को आज नोटिस जारी करेगा निगम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : कार्यालय संवाददाता लखनऊ नगर निगम विज्ञापन एजेंसियों को शुक्रवार को नोटिस जारी करेगा। प्रचार विभाग ने इसकी तैयारी कर ली है।

नोटिस में लिखा है कि एलडीए और आवास विकास से अनापत्ति प्रमाणपत्र मिलने के बाद ही विज्ञापन एजेंसियां होर्डिंग्स और प्रचार सामग्री लगा सकती हैं। बिना अनुमति के विज्ञापन एजेंसियों ने जो अवैध होर्डिंग्स लगा रखी हैं उन्हें तत्काल हटा लें। अन्यथा नगर निगम खुद सभी होर्डिंग्स हटाएगा। इसकी जिम्मेदारी विज्ञापन एजेंसियों और भवन स्वामियों की होगी। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने गुरुवार को प्रचार विभाग के अधिकारियों को यह निर्देश दिए हैं।

अभियान चलाकर चार यूनिपोल हटाए : अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के निर्देश पर प्रचार विभाग ने अवैध होर्डिंग्स और यूनिपोल के विरूद्ध अभियान चलाया। जिसमें जोन आठ के तेलीबाग चौराहे से कल्ली पश्चिम तक निजी भवन और भूमि पर लगे चार यूनिपोल को जब्त कर लिया।

एलडीए और आवास विकास को भेजा पत्र

नगर निगम की उपविधि में निजी भवनों की छतों और भूमि पर होर्डिंग्स और यूनिपोल लगाने के लिए एलडीए और आवास विकास से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेना अनिवार्य है। गुरुवार को नगर निगम के प्रचार विभाग ने लखनऊ विकास प्राधिकरण और आवास विकास को पत्र जारी किया है। जिसमें विज्ञापन एजेंसियों द्वारा लगायी गयीं होर्डिंग्स का निरीक्षण करके अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करने का अनुरोध किया गया है। विद्युत पोल से चार कियास्क, 30 समपैक और पांच राजनीतिक दलों की होर्डिंग्स हटायीं।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, कायमगंज, फर्रुखाबाद

पत्रांक– 400/न.पा.प.का/2024–25 दिनांक 09.07.2024

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बेबी गुप्ता पत्नी विपिन गुप्ता निवासी मोहल्ला लोकमन ने पंजीकृत विक्रय के आधार पर भवन संख्या 228/36–N101 मोहल्ला बगिया मंगूलाल पर निशा पत्नी रामवीर के स्थान पर/जुज भाग पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है। जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामांतरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के तीस दिनों के अंदर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। समयाविधि के पश्चात प्राप्त किसी भी आपत्ति पर बिचार नहीं किया जाएगा और पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अंतर्गत अध्यासी (मात्र करो की बसूली हेतु स्वामित्व के संबंध नहीं) के रूप से दर्ज किए जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी
न.पा.प. कायमगंज, फर्रुखाबाद

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, आलमबाग लखनऊ–226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

क्रम संख्या	निविदा संख्या	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	अंतिम तिथि
01.	GEM/2024/B/5129047	Supply & Commissioning of Fork Lifter with Accessories Capacity 5 Ton as per attached technical specification Make- Godrej, Voltas & ACE.	4 Nos	12.08.2024

निविदा शर्तें :– 1. विस्तृत जानकारी GEM वेबसाइट यानी https://gem.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। टेंडर नोटिस संख्या– GEM/2024/B/5129047 दिनांक: 11.07.2024 2109/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अव्वल ईंट आई 8 हजार से नीचे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- भट्ठों पर काम करने वाले श्रमिक गए घर, ईंट के बड़े खरीदार बाजार से गायब

अमृत विचार : बरसात आ गई है। ऐसे में भवन निर्माण कार्यों पर ब्रेक लग गया है। भट्ठों पर काम करने वाले श्रमिकों ने जहां अपने घरों का रुख कर लिया है। वहीं, ईंट के बडे. खरीदार भी बाजार से गायब हैं। लिहाजा ईंट का भाव करीब तीन माह पहले की तुलना में काफी कम हो गया है। एक हजार अव्वल ईंट वाला ट्रक 9 हजार रुपये से घटकर 8 हजार से नीचे आ गया है। नंबर 2 और नंबर 3 यानी पीली ईंट के भाव में भी कमी दर्ज की गई है।

लखनऊ ब्रिक एवं क्लिन एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश मोदी ने बताया कि बारिश के मौसम में नए काम बंद हो जाते हैं। श्रमिक अपने गांवों की ओर रवाना हो जाते हैं। इस दौरान लोग घरों के अंदर का काम आगे बढ़ाते हैं। जिसमें ईंट का दखल लगभग खत्म हो जाता है। खपत काफी कम हो जाती है। इससे रेट में अंतर आता है। करीब 1,000 से 1,200 रुपये का अंतर ईंट के भाव में आया है।

अप्रैल माह के पहले ईंट के रेट

अव्वल–8,500 से 9,000 –7,800 से 8,000
नंबर–2 –7,500 से 8,000 –6,800 से 7,000
नंबर–3 या पीली ईंट– 4,500 से 4,800 –4,000 से 4,200

एआई से अवैध खनन के परिवहन पर लगा अंकुश

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर अवैध खनन का परिवहन रोकने में तकनीकी इस्तेमाल करने का असर दिखना शुरू हो गया है। भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग द्वारा मानव रहित एआई और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) आधारित चेक गेट की स्थापना से बीते सवा दो साल में अबतक 24 हजार से अधिक मामलों में एआई, आईओटी और एम चेक ऐप के माध्यम से इन्फोर्समेंट की कार्रवाई को अंजाम दिया जा चुका है। वहीं इस दौरान 316 करोड़ से अधिक का शमन शुल्क भी वसूला गया है। भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के 25 जिलों में प्रमुख मार्गों पर 55 मानव रहित एआई एवं आईओटी आधारित चेक गेट स्थापित किए गए हैं। इन चेक गेट पर लगे हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर के माध्यम से यहां से होकर गुजरने वाले खनिज वाहनों के परिवहन प्रपत्रों की वैधानिकता की जांच रियल टाइम बेसिस पर हो जा रहा है। ये चेकगेट हॉटस्पॉट लोकेशन पर लगाए गये हैं।

कार्यालय नगर पंचायत मूसानगर कानपुर देहात

पत्रांक– 58 / एन.पी.एम/2024–25 दिनांक: 11/07/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पंचायत मूसानगर में पी0एम0 स्वनिधि योजना के अन्तर्गत सामाजिक आर्थिक रूपरेखा (Socio Economic Profiling of PM Svanidhi Beneficaries) की प्रोफाइलिंग हेतु कार्य में दक्ष संस्था / फर्मो से ऑफ लाइन विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदायें दिनांक 19/07/2024 को इस कार्यालय में समय 03:00 बजे तक आमंत्रित की जातीं हैं, जो उसी दिन उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधिकारी द्वारा नगर पंचायत मूसानगर में खोली जायेंगी एवं निविदा प्रपत्र सूचना प्रकाशन के दिनांक 11/07/2024 से नगर पंचायत मूसानगर में निर्धारित मूल्य जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। अवकाश होने की स्थिति में उक्त निविदा की कार्यवाही अगले कार्यदिवस पर पूर्ण की जायेगी।

क्र.सं.	कार्य सामग्री का विवरण	धनराशि जी0 एस0टी0 सहित	धरोहर धनराशि	निविदा शुल्क जी0एस0टी0 सहित	अवधि
1	पी0एम0 स्वनिधि योजना के लाभार्थियों एवं उनके परिवारों की आर्थिक रूपरेखा, आवास अन्य सम्पत्ति स्वास्थ्य योजनाओं से आच्छादन विकलांगता की स्थिति, शिक्षा कौशल रोजगार इत्यादि तथा अन्य प्रासंगिक क्षेत्रों से सम्बन्धित सूचनाओं का सर्वे कार्य–IEC Activities like installation of hordings banners ect. Mobilization of vendors. imparting of training to data collectors Payment of data Collectors Local of Transport. Any other expenditure Related to the programme etc.	300000.00	30000/–	354.00	06 माह

निविदा हेतु शर्ते–
1– सशर्त/कटिंग / ओवरराइटिंग निविदा मान्य नहीं होगी और स्वत: निरिस्त समझी जायेगी। 2– रु0 10 के एकल गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर निविदादाताओं का न तो कोई आपराधिक रिकार्ड है और न ही किसी गैर सरकारी संस्था में पंजीकृत है। 3– उपरोक्त कार्य कराये जाने हेतु दक्ष संस्था को अनुभव प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा। 4– निविदा प्रपत्र के साथ उपरोक्त कार्य हेतु प्रतिशत धरोहर धनराशि, एन.एस.सी./एफ.डी.आर. के रूप में अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत मूसानगर में बन्धक करनी अनिवार्य होगी। 5– अनुबन्ध हेतु शासन द्वारा निर्धारित दर पर स्टाम्प पेपर कर करना अनिवार्य होगा। 6– सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी एवं किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार समक्ष अधिकारी नगर पंचायत मूसानगर के पास सुरक्षित होगा। 7– भविष्य में न्यायालय के आदेशों के क्रम में अतिरिक्त स्टाम्प पेपर फर्म/ठेकेदार द्वारा देय होगा। 8– भुगतान हेतु प्रेषित बिल से नियमानुसार करों की कटौतियों के उपरान्त ही भुगतान किया जायेगा। 9– शासन/निदेशालय द्वारा दिये गये सभी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत मूसानगर कानपुर देहात

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड–अयोध्या

पत्रांक:–738/न.नि.ख.अयो./अधि0अभि0/ टेण्डर /2024–25/ दिनांक 05 जुलाई, 2024

अल्पकालीन निविदा संख्या–03/अधि0अभि0/2024–25

महामहिम राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा 2100 नवीन राजकीय नलकूप निर्माण परियोजना (सामान्य/विशेष घटक) के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु मुहरबंद पृथक–पृथक अल्पकालीन निविदाएं उत्तर प्रदेश सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से दिनांक 24.07.2024 को पूर्वाह्न 11.30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। मुहरबंद निविदाएं दिनांक 24.07.2024 को प्रातः 11.30 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड अयोध्या के कार्यालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाली जा सकती हैं। प्राप्त निविदाएं दिनांक 24.07.2024 को उपस्थित निविदादाताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष अपराह्न 02.00 बजे से अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड अयोध्या के कार्यालय में खोली जायेंगी। निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के अनुपस्थित होने पर, निविदा खुलने के समय में कोई भी परिवर्तन किया जाना सम्भव नहीं होगा। निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनांक 15.07.2024 पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक 23.07.2024 को अपराह्न 5.00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में निर्धारित मूल्य भुगतान कर प्राप्त की जा सकती है। कार्यो के सम्बन्ध मे विशेष शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध करायी जायेंगी।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	मात्रा (नग)	कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (रू0 में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य+ जी0एस0टी0 (रू0 में) + स्टेश्नरी	कार्य को पूर्ण करने की अवधि	पंजीकृत श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
Lot No. 01	Supply and carriage of pea gravel 2.00mm to 3.35 mm size from Lalkuan to Dist. Ayodhya store of TWCD Ayodhya including cost of royalty, loading, unloading and stacking at store excluding G.S.T.	125 घन मीटर	9.43	19000.00	225.00 + GST (नियमानुसार) + 500.00	120 दिवस	"B" अथवा उच्च श्रेणी
Lot No. 02	Supply and carriage of pea gravel 2.00mm to 3.35 mm size from Lalkuan to Dist. Barabanki store of TWCD Ayodhya including cost of royalty, loading, unloading and stacking at store excluding G.S.T.	125 घन मीटर	8.90	18000.00	225.00 + GST (नियमानुसार) + 500.00	120 दिवस	"B" अथवा उच्च श्रेणी
Lot No. 03	Supply and carriage of pea gravel 2.00mm to 3.35 mm size from Lalkuan to Dist. Amethi store of TWCD Ayodhya including cost of royalty, loading, unloading and stacking at store excluding G.S.T.	125 घन मीटर	9.48	19000.00	225.00 + GST (नियमानुसार) + 500.00	120 दिवस	"B" अथवा उच्च श्रेणी
Lot No. 04	Supply and carriage of pea gravel 2.00mm to 3.35 mm size from Lalkuan to Dist. Sultanpur store of TWCD Ayodhya including cost of royalty, loading, unloading and stacking at store excluding G.S.T.	125 घन मीटर	9.47	19000.00	225.00 + GST (नियमानुसार) + 500.00	120 दिवस	"B" अथवा उच्च श्रेणी
Lot No. 05	Supply and carriage of pea gravel 2.00mm to 3.35 mm size from Lalkuan to Dist. Gonda store of TWCD Ayodhya including cost of royalty, loading, unloading and stacking at store excluding G.S.T.	125 घन मीटर	9.18	19000.00	225.00 + GST (नियमानुसार) + 500.00	120 दिवस	"B" अथवा उच्च श्रेणी

निविदा से सम्बंधित अधिक जानकारी अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड अयोध्या के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है।

UP – 217252
दिनांक– 09/07/2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता
नलकूप निर्माण खण्ड–अयोध्या

देर रात तक पोस्टमार्टम, घरों तक पहुंचाए गए शव

तीन शवों का गुरुवार को कराया गया पोस्टमार्टम, एक घायल केजीएमयू रेफर, बाकी हुए डिस्चार्ज, पोस्टमार्टम हाउस में रही अफरा तफरी

उन्नाव हादसा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर दूध के टैंकर में पीछे से घुसी डबल डेकर स्लीपर बस में 18 लोगों की हुई मौत के बाद चार डाक्टरों की टीम ने रात ढाई बजे तक 15 शवों का पोस्टमार्टम कर परिजनों के सुपुर्द किया। जिन्हें उनके घर तक भेजने की व्यवस्था की गई। गुरुवार सुबह परिजनों के पहुंचने पर तीन अन्य शवों का पोस्टमार्टम हुआ। इसके बाद उनके भी शव घर तक भेजे गए।

लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बुधवार को हुए भीषण सड़क हादसे में 18 लोगों की मौत के बाद कोहराम मच गया था। दिवंगतों में सभी बिहार प्रांत के लोग थे। इनमें अधिकांश रोजी-रोटी के सिलसिले में दिल्ली व इसके आसपास के शहरों में जाने के लिए निकले थे। शासन के निर्देश पर पोस्टमार्टम के लिए डा. आशुतोष वार्ष्णेय, डा. विकास सचान, डा. रवि सचान व डा. ब्रज कुमार की ड्यूटी लगाई गई थी।

रात ढाई बजे तक 15 शवों के पोस्टमार्टम हुए। जिन्हें प्रशासन ने एंबुलेंस से उनके घरों को भिजवाया। परिजनों के आने पर गुरुवार को तीन शवों का पोस्टमार्टम कर उन्हे एंबुलेंस से उनके घर भेजा गया। वहीं घायल हुए 19 यात्रियों में 14 को जिला अस्पताल रेफर किया गया था। वहीं सात घायलों को लखनऊ ट्रामा सेंटर और एक को कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर किया गया था। जिला अस्पताल में एक ही परिवार के चार सदस्यों सहित छह का इलाज चल रहा था। गुरुवार को घायलों में बिहार प्रांत के शिवहर के थाना तरियानी के मौलागंज निवासी सद्दाम (35), थाना आमिरखान के गांव सिगौरी निवासी शबाना (40), उनकी बेटी नगमा (20), बहू चांदनी (22) और नौ माह की पौत्री सनाया की हालत में सुधार होने पर छुट्टी देकर घर भेजा गया। एक घायल बिट्टू के दाएं पैर में फ्रेक्चर और बाएं में चोट होने पर केजीएमयू भेजा गया है। प्रशासन ने घायलों को उनके घर पहुंचाने के लिए एसी बस की व्यवस्था कराई। डीएम गौरांग राठी, एडीएम न्यायिक विकास कुमार, तहसीलदार अविनाश चौधरी, एआरटीओ मौजूद रहे। नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक विमल द्विवेदी ने रास्ते के लिए भोजन, जूस व पानी की व्यवस्था कराई। कांग्रेस महिला विंग की मध्य जोन की अध्यक्ष व लखनऊ नगर निगम में कांग्रेस पार्षद दल की नेता ममता चौधरी ने भी घायलों का हालचाल लेकर उन्हें फल वितरित किए।

घायलों को घर भिजवाते डीएम गौरांग राठी। अमृत विचार

मरीज को ढांढस बंधाती कांग्रेस नेत्री ममता चौधरी। अमृत विचार

नौशाद आलम।

मो. मुर्तजा।

- दूध के टैंकर व बस में हुई भिड़ंत में 18 की गई थी जान

नौशाद मजदूरी व मुर्तजा दिल्ली में करता था सिलाई का काम

उन्नाव। हादसे में जान गंवाने वाले बिहार प्रांत के गांव रामपुर केशव जिला शिवहर निवासी मो. मुर्तजा (50) दिल्ली में मजदूरी करते थे। बड़े बेटे मो. शहनवाज ने कहा उसकी मौत की खबर से मां इशरत खातून घर पर बेहाल हैं। वहीं बिहार के नया गांव डुमरी निवासी नौशाद आलम (38) दिल्ली में वेस्टेन कपड़े की सिलाई करते थे।

बस में देरी देख अपने साधन से चले गए दिवंगतों के परिजन

उन्नाव। जिला प्रशासन ने गुरुवार को तीनों शवों को एसी एंबुलेंस से भिजवा दिया था। जगह की कमी के चलते तीनों के एक-एक परिजन ही बैठ पाए। घायलों को ले जाने वाली बस से उन्हें भी भेजने की व्यवस्था की गई थी। लेकिन, देर लगने की बात कह वह निजी साधन से चले गए।

सार-संक्षेप

रेल राज्यमंत्री ने वित्त मंत्री से की मुलाकात

वित्तमंत्री से मुलाकात करते रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू।

संवाददाता, नई दिल्ली, अमृत विचार : केंद्रीय रेल और खाद्य प्रसंस्करण राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात कर पंजाब से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। बुधवार देर रात बैठक में बिट्टू ने वित्त मंत्री से अमृतसर, फिरोजपुर, गुरदासपुर व तरनतारन के लिए विशेष प्रोत्साहन की मांग की। मंत्री ने वित्त मंत्री को बताया कि प्रमुख क्रेडिट लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी स्कीम को फिर से शुरू किया जाना चाहिए। बिट्टू ने पंजाब से खाद्य वस्तुओं के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए अमृतसर के श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास रेफ्रिजरेशन यूनिट का संचालन शुरू करने की भी मांग की।

जादू के जरिये परिवार नियोजन के प्रति किया जागरूक

आमजन को परिवार नियोजन के बारे में जागरूक करते जादूगर राकेश श्रीवास्तव।

संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार : मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में 11 से 24 जुलाई तक चलने वाले जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े की शुरुआत अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी सचानजी द्वारा की गयी। इसमें प्रदेश के मशहूर जादूगर राकेश श्रीवास्तव ने अपने रोचक जादू कार्यक्रम के जरिए हंसते-हंसाते लोगों को परिवार नियोजन के बारे में जागरूक किया। सबसे पहले जादूगर ने कागज से माला बनाकर मुख्य अतिथि को पहनायी फिर खाली डिब्बे से ही परिवार नियोजन के साधनों को निकालकर उपस्थिति जनसमूह को उसके प्रयोग के लिए जागरूक किया। साथ ही मां का दूध बच्चे के लिए अमृत है का जादू भी प्रस्तुत किया।

राम मंदिर में 200 जादूगर बनाएंगे विश्व रिकॉर्ड

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : राम मंदिर में 200 से अधिक नामचीन जादूगर एक साथ प्रदर्शन कर वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करने जा रहे है, जिसमें बांग्लादेश, श्रीलंका और नेपाल के भी जादूगर हिस्सा लेने के लिए पहुंच रहे हैं। भारतीय जादू कला ट्रस्ट के तत्वावधान में जादूगरों का समागम 13 और 14 जुलाई को रामघाट क्षेत्र स्थित मंत्राप मंडपम में आयोजित होने जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य भारत को विकसित करना, समाज में फैले जादू के विषयक अन्धविश्वास को दूर करना है।

हरदोई में करंट से मां और बेटे की मौत

संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार : पंखे में अचानक करंट उतर आने से किशोर उसकी चपेट में आ गया, इसका पता होते ही नहा रही उसकी मां अपने बेटे को बचाने दौड़ी, नतीजतन उन दोनों की करंट की चपेट में आने से वहीं पर दर्दनाक मौत हो गई। इस तरह का हादसा गुरुवार की सुबह बेनीगंज कोतवाली के शुक्लापुर में होना बताया गया है। एक साथ दो-दो मौतें होने से घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेते हुए हादसे की जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि बेनीगंज कोतवाली के शुक्लापुर निवासी नरेन्द्र शुक्ला के परिवार में 40 वर्षीय पत्नी रजनी के अलावा दो बेटे 15 वर्षीय अंकुल शुक्ला और 13 वर्षीय सूरज शुक्ला था। सूरज परमाई लाल जूनियर हाई स्कूल बक्सापुर में पढ़ाई करता था। गुरुवार की सुबह नरेन्द्र और अंकुल घर कही बाहर गए हुए थे, घर में सूरज और उसकी मां रजनी थी।

आप सांसद संजय सिंह का समर्पण, जमानत

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः आम आदमी पार्टी के सांसद संजय के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में गुरुवार को अपने अधिवक्ता रुद्रप्रताप सिंह मदन के जरिए आत्मसमर्पण कर दिया। विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने उनकी जमानत मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है।

विशेष लोक अभियोजक वैभव पांडेय के मुताबिक आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह, मकसूद अंसारी, सलीम अंसारी, जगदीश यादव, मकसूद, सुकई, धर्मराज, जीशान, शाहबाज, सिकंदर, जलील व अजय के खिलाफ 13 अप्रैल 2021 को बंधुआ कला थाने के हसनपुर में आचार संहिता की उल्लंघन के आरोप में तत्कालीन एसओ प्रवीण कुमार यादव ने केस दर्ज किया था। केस में अन्य आरोपी जमानत करा चुके हैं।

इसौली विधायक ताहिर के मामले में सुनवाई 20 को

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र कोतवाली नगर के पांचो पीरन निवासी इसौली विधायक मोहम्मद ताहिर खान को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने तलब किया था। मामले में उनके वकील अब्बास अहमद खान ने विधायक के बीमार होने के कारण मौके का प्रार्थना पत्र विशेष कोर्ट में दिया। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 20 जुलाई की तारीख नियत की है। इसौली विधायक ताहिर खान पर तत्कालीन प्रभारी अधिकारी वन विभाग दरोगा मुकेश कुमार ने 3 फरवरी 2000 की घटना में आपराधिक बल प्रयोग, अपमानित करने, सरकारी कामकाज में बाधा व वन विभाग अधिनियम के तहत केस दर्ज कराया था।

भ्रष्टाचार के आरोप में ईओ निलंबित

नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा का मामला

मसौधा, अयोध्या

अमृत विचार : शासन ने नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा के अधिशासी अधिकारी (ईओ) इंद्र प्रताप को गुरुवार को निलंबित कर जिलाधिकारी कार्यालय से अटैच कर दिया है। साथ ही विकास के नाम पर हुए खर्च को लेकर जांच के आदेश दिए हैं।

दो जुलाई को मिर्जापुर निमोली गांव के सामने भदरसा-सोहावल तहसील मार्ग के किनारे नगर पंचायत द्वारा इंटरलॉकिंग मार्ग बनाने की तैयारी थी। मार्ग की पटाई के लिए बगल में स्थित भाजपा सभासद रामकरन मौर्य के खेत से जेसीबी लगाकर मिट्टी खोदाई कर मार्ग की पटाई की जा रही थी। रामकरन ने विरोध जता पूराकलंदर पुलिस को तहरीर दे दी। पुलिस ने जेसीबी को कब्जे में ले लिया और आरोपियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मामला बढ़ता देख 7 जुलाई को खेत की खोदाई से पीड़ित भाजपा सभासद समेत अन्य सभासदों के साथ वार्ता के दौरान अधिशासी अधिकारी से नोकझोंक हो गई। ईओ इंद्र प्रताप ने पीड़ित भाजपा सभासदों समेत सात के विरुद्ध दलित उत्पीड़न अधिनियम सहित अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करा दिया। पीड़ित सभासदों ने भी मामले की शिकायत जिला प्रशासन से करते हुए मुख्यमंत्री के पटल तक पहुंचा दिया। शासन स्तर पर बीते साल नगर पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार व जिम्मेदारों द्वारा विकास के नाम पर सरकारी धन में अनियमितता के गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत की गई। इस पर शासन ने गुरुवार को कार्रवाई की है।

- शासन ने विकास के नाम पर हुए खर्च की भी जांच के दिए आदेश

> वित्तीय अनियमितता सहित अधिशासी अधिकारी के क्रियाकलापों के विरुद्ध भाजपा सभासदों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए शासन ने ईओ इंद्र प्रताप को निलंबित कर जिलाधिकारी कार्यालय से संबद्ध किया है। विकास के नाम पर करोड़ों खर्च की जांच के आदेश दिए गए हैं।
> **-अशोक सैनी**, एसडीएम सोहावल

बालिका को आम तोड़ने पर पीटा, मौत

पूराबाजार, अयोध्या, अमृत विचार : महाराजगंज थाना क्षेत्र में पिटाई से एक बालिका की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी दंपति पर गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। सरायराशी निवासी बजरंगी का कहना है घर पर बड़ी पुत्री नंदिनी और गुंजा यादव थी। गुंजा गांव में ही घर के पास ईंट का टुकड़ा फेंककर पेड़ से आम तोड़ने की कोशिश कर रही थी। इसकी जानकारी होते ही अनीता व उसके पति वहां पहुंचे और गुंजा की पिटाई कर दी।

यात्री सुविधाओं में सुधार पर जोर

संवाददाता, नई दिल्ली

अमृत विचार। रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने बड़ौदा हाउस में उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की गयी। उन्होंने उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक परियोजना और ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल लिंक परियोजना की समीक्षा की। उन्होंने ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लिंक परियोजना के निर्माण कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने बताया कि ऋषिकेश- कर्णप्रयाग रेल लिंक परियोजना से तीर्थस्थलों तक पहुंच सुगम हो जाएगी।

महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने उत्तर रेलवे में चल रही विभिन्न परियोजनाओं के बारे में अवगत कराया। बिट्टू ने निर्देश दिया कि संरक्षा, समय पालनबद्धता मुख्य प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं में सुधार और ट्रेनों के सुरक्षित संचालन पर जोर दिया।

रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा करते रेल राज्यमंत्री व जीएम उत्तर रेलवे।

2027 के विस चुनाव में सपा की बनेगी सरकार : शिवपाल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। जिला पंचायत सभागार में समजावादी पार्टी की शिवपाल सिंह यादव ने भाजपा सरकार को सभी मोर्चों पर विफल बताते हुए कहा कि 2027 में उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार बनेगी। कार्यकर्ता अफवाहों से दूर रहते हुए पीडीए की मजबूती के अभियान में जुटे रहें।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता अब इस सरकार से तंग आ चुकी है। गरीबी, बेरोजगारी से आजिज युवा और बेहाल किसान अब प्रदेश में सत्ता परिवर्तन चाहते हैं। विधानसभा सीटों पर होने जा रहे उपचुनाव में भाजपा को पता चल जाएगा कि उनके साथ अब जनता का विश्वास नहीं है। उन्होंने कहा कि समाज का हर वर्ग भाजपा सरकार में परेशान है।

कोई भी परीक्षा कराने में सरकार सक्षम नहीं हो पा रही है। सिर्फ खोखली घोषणाओं और झूठ का सहारा लेकर जनता को गुमराह किया जा रहा है। सांसद आदित्य यादव अंकुर, आर्यन यादव, पूर्वमंत्री रामसेवक यादव, श्रीकृष्ण यादव, अशोक यादव, सांसद जितेंद्र दोहरे, पूर्व सांसद राम सिंह, जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, विधायक राघवेंद्र गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल यादव, राजीव यादव, सुनील यादव, महामंत्री वीरू भदौरिया, पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, ध्रुव यादव चीनी, अनुज यादव, हरिओम यादव, चेयरमैन अजय यादव, पूर्व चेयरमैन फुरकान अहमद, लाखन सिंह, केपी शाक्य, ब्रजेन्द्र यादव, उदयभान सिंह, अल्ताफ हुसैन, आनंद यादव टंटी, विक्की गुप्ता मौजूद रहे।

कार्यकर्ताओं की बैठक में भाग लेते शिवपाल सिंह यादव व रामसेवक यादव।

वर्ग पहेली-128

बाएं से दाएं

2.1. एक-दूसरे को देखने की क्रिया 2. आंखों से देखने की अवस्था 3. साक्षात्कार, दर्शन।

4.1. उत्तर भारत की एक प्रसिद्ध धार्मिक एवं सांस्कृतिक नगरी जिसे वाराणसी अथवा बनारस के नाम से भी जाना जाता है।

6.1. मासिक वेतन, पगार, तनख़्वाह 2. वज़ीफ़ा, वृत्ति।

8.1. एक प्रकार का लाल रंग।

9. स्पर्श, छुअन। -करना

ऊपर से नीचे

1.1. विदेश का निवासी, परदेशी, (फ़ॉरेनर) 2. विदेश से आकर रहने वाला व्यक्ति।

3.1. देवालय

5.1. फल के अंदर का कोमल खाद्य अंश 2. मींगी, गिरी 3. खोपड़ी का सार भाग, भेजा।

7.1. गृहिणी, गृहस्वामिनी 2. एक छंद।



वर्ग पहेली -127 का हल

				1 बा	ट	
	2 बा		3 सु			
4 पुं	ग		ड़			5 बे
	वा		6 क	फ़	श	
7 मु	न	ह	ना		ऊ	
				8 झ	री	
9 ता	म	सि	क			

सुडोकू -41

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	1		8		6	3	9	
9			2					6
	2			7		5		
	8		6		9	4		
	3						1	
		7	1		4		2	
		4		6			7	
8					7			9
	7	1	5		2		6	

सुडोकू -40 का हल

4	5	8	9	1	7	6	3	2
9	2	3	5	6	8	7	1	4
7	6	1	4	2	3	8	9	5
5	3	4	1	8	6	2	7	9
2	7	9	3	4	5	1	8	6
1	8	6	7	9	2	5	4	3
3	9	7	2	5	1	4	6	8
8	1	2	6	3	4	9	5	7
6	4	5	8	7	9	3	2	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 जुलाई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-षष्ठी 12.32 तक तत्पश्चात सप्तमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 16.09 तक तत्पश्चात हस्त।

मेष — आज सामाजिक क्रियाकलापों के प्रति रुचि बढ़ेगी। घर परिवार में मांगलिक व धार्मिक कार्य संपन्न हो सकते हैं। सरकारी क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों को संघर्ष करना पड़ेगा। कोर्ट कचहरी के मामले में सफलता मिलेगी। युवा वर्ग को रोजगार प्राप्त होगा।

वृष — आज आप अपनी क्रोध एवं वाणी पर संयम रखें। खेल जगत से जुड़े लोगों को कड़ा संघर्ष करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में अधिक परिश्रम करने पर स्थित में सुधार होगा। अपनी कार्यशैली में सकारात्मक परिवर्तन करने का प्रयास करें।

मिथुन — आज नौकरी में उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन एवं सानिध्य प्राप्त होगा। बौद्धिक कार्यों से जुड़े लोगों को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त होगी। आपकी जिम्मेदारी बढ़ सकती है। किसी आवश्यक कार्यवश यात्रा करनी पड़ सकती है। संघर्ष करने से भाग्य साथ देगा।

कर्क — आज कार्यक्षेत्र में आपको नवीन जिम्मेदारी मिल सकती है, जिससे आपका प्रभाव पड़ेगा। महत्वपूर्ण कार्यों में धीरे-धीरे प्रगति होगी। सामाजिक क्रियाकलापों के प्रति सक्रियता बढ़ेगी। सरकारी, गैर सरकारी क्षेत्र में कार्यरत लोगों को लाभ उन्नति के अवसर प्राप्त हो सकते हैं।

सिंह — आज कार्यक्षेत्र में अपने धैर्य को कम न होने दें। हाथ में ली हुई जिम्मेदारी को अच्छे से पूरा करें। आपके उचित कार्यों को आप पर लोगों का भरोसा बढ़ेगा, जिससे भविष्य में लाभ होगा। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है।

कन्या — आज किसी नए व्यक्ति से मित्रता होगी। नौकरी में पदोन्नति के संकेत मिल रहे हैं। बनते कार्यों में रुकावटें सकती है। अपने धैर्य को कम न होने दें। सामाजिक गतिविधियों में अभिरुचि बढ़ेगी। अपने व्यवहार में लचीलापन लाने की कोशिश करें।

तुला — आज कार्यक्षेत्र में सहयोगियों के साथ तालमेल बनाकर चलें। कार्यों में विघ्न बाधाएं आएंगे। अपनी व्यक्तिगत समस्याओं के प्रति अधिक जागरूक रहने की आवश्यकता रहेगी। गुप्त शत्रु हानि पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

वृश्चिक — आज पहले से सोचे समझे कार्यों में व्यर्थ की देरी हो सकती है। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता के संकेत प्राप्त होंगे। मान सम्मान में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में आ रही विघ्न बाधाएं कम होगी। विस्तार की योजना बनेगी। इस संबंध में सकारात्मक संकेत प्राप्त होंगे।

धनु — आज विरोधी पक्ष आपकी गतिविधियों पर ध्यान रखेंगे। वह गुप्त रूप से हानि पहुंचा सकते हैं। सुरक्षा में लगे सुरक्षाकर्मियों को अपने साहस एवं पराक्रम के बल पर कोई महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगेगी। पहले से चली आ रही समस्या कम होगी।

मकर — आज दिन की शुरुआत किसी शुभ समाचार के साथ होगी। किसी मांगलिक कार्यक्रम में आमंत्रित किया जा सकता है। सगे संबंधियों के द्वारा सहयोग प्राप्त होगा। समाज में नए लोगों से जान पहचान बढ़ेगी। नौकरी करने वाले लोगों की परेशानियां बढ़ सकती हैं।

कुंभ — आज का दिन आपके लिए सामान्य रूप से लाभ एवं उन्नति दायक रहेगा। किसी भी प्रकार से अपने धैर्य को बनाए रखें। व्यापार में कोई भी बड़ा निर्णय सोच विचार कर लें। नौकरी में जिम्मेदारी मिलेगी, जिससे आपके प्रभाव में वृद्धि होगी।

मीन — आज आप अपने पराक्रम से उन्नति करने में सफल होंगे। बहुराष्ट्रीय कंपनियों में कार्यरत लोगों को अपने बॉस से प्रशंसा, सम्मान प्राप्त होगा। किसी भी प्रकार से अपने धैर्य को कम न होने दे। नवीन व्यापार शुरू करेंगे। नौकरी ढूंढने का प्रयास करेंगे।

आज की फिल्में

इंद्रा द टाइगर
सुबह : 09.51

पुकार
रात : 07.00

उड़ता पंजाब
सुबह : 10.29

ऊंचाई
रात : 08.00

घोस्टबस्टर्स
सुबह : 09.46

2012
रात : 09.00

स्पाइडर
सुबह : 09.28

डी ब्लॉक
रात : 08.00

राजा हिंदुस्तानी
सुबह : 11.29

डियर जिंदगी
शाम : 05.58

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

जोक्स ऑफ द डे

दांत का डॉक्टर- आपका दांत निकालना पड़ेगा, क्योंकि ये सड़ चुका है।
राजू- हां तो कितने पैसे लगेंगे ?
दांत का डॉक्टर- बस 500 रुपये लगेंगे।
राजू- 50 रुपये ले लो और थोड़ा सा ढीला कर दो, निकाल तो मैं खुद लूंगा।

डॉक्टर - आपके पैर खराब हो गए हैं।
लड़की - क्या ये सही नहीं होंगे?
डॉक्टर - नहीं इनको काटना पड़ेगा।
लड़की - ओह! नो अब मैं अब मैं क्या करुंगी?
डॉक्टर- धीरज रखिए।
लड़की - अरे मुझे उसकी टेंशन नहीं है। मैंने कल ही नया सैंडल खरीदा है और उस दुकान पर लिखा था- "बिका माल वापस नहीं होगा"...

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यदि सन्तं सेवति यद्यसन्तं तपस्विनं यदि वा स्तेनमेव।
वासो यथा रङ्गवशं प्रयाति तथा स तेषां वशमभ्युपैति॥

कपड़े को जिस रंग में रंगा जाए, उस पर वैसा ही रंग चढ़ जाता है, इसी प्रकार सज्जन के साथ रहने पर सज्जनता, चोर के साथ रहने पर चोरी तथा तपस्वी के साथ रहने पर तपश्चर्या का रंग चढ़ जाता है।

संपादकीय

सफल कूटनीति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हाल की रूस यात्रा सफल कूटनीति के उदाहरण के रूप में याद रखी जाएगी। भारत-रूस के शीर्ष नेताओं की मुलाकात और बातचीत पर अमेरिका समेत नाटो के 32 सदस्य देशों की भी निगाहें टिकी थीं। यात्रा का सबको सही संदेश मिला है। महत्वपूर्ण है कि अमेरिका ने भारत-रूस संबंधों पर कहा है कि इसका असर भारत-अमेरिका संबंधों पर नहीं पड़ेगा। रूस के चीन और पाकिस्तान के साथ घनिष्ठ संबंध हैं, जिन्होंने पिछले कुछ वर्षों में भारत के लिए कई भू-राजनीतिक मुद्दों का कारण बना दिया है। इसलिए प्रधानमंत्री की इस यात्रा के पीछे जहां द्विपक्षीय रिश्तों को संदेहों और अविश्वासों से मुक्त करने की बात थी, वहीं अंतर्राष्ट्रीय हलकों में यह स्पष्ट संदेश भेजना था कि भारत को किसी तरह के दबाव के जरिए झुकाना संभव नहीं है। शीत युद्ध के दौरान, भारत और सोवियत संघ के बीच एक मज़बूत रणनीतिक, सैन्य, आर्थिक और राजनयिक संबंध थे। सोवियत संघ के विघटन के बाद, रूस को भारत के साथ अपने घनिष्ठ संबंध विरासत में मिले, जिसके परिणामस्वरूप दोनों देशों ने एक विशेष सामरिक संबंध साझा किया। इसके अलावा रूस संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह की स्थायी सदस्यता के लिए भारत की उम्मीदवारी का समर्थन करता है। बहरहाल दोनों नेताओं ने 2030 तक द्विपक्षीय कारोबार 100 अरब डॉलर से अधिक करने का लक्ष्य तय किया है। फिलहाल यह कारोबार 65 अरब डॉलर का है। एक बार फिर से साबित हो गया है कि युद्ध के खिलाफ और शांति के पक्ष में भारत का रूख एकदम स्पष्ट है। प्रधानमंत्री मोदी ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ बातचीत में कहा कि युद्ध के मैदान से कोई हल नहीं निकलता।

यात्रा के दौरान दोनों देशों में सहयोग बढ़ाने के समझौते हुए। रूस ने भारत को आश्वस्त किया है कि जो प्रौद्योगिकी उसे दी जाएगी, वह अन्य किसी देश के साथ साझा नहीं की जाएगी। अब प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन मॉस्को में 17वीं बार मिले हैं। प्रधानमंत्री 10 साल के कार्यकाल में 6 बार रूस गए हैं और पुतिन 4 बार भारत आए हैं। बातचीत से ही शांति, स्थिरता के रास्ते खुलते हैं। बदलते वैश्विक हालातों में रूस के राष्ट्रपति पुतिन को भारत की ज़रूरत है और भारत चाहता है कि पुतिन चीन के साथ रिश्तों को बेहतर बनाने में भारत की मदद करे। अमेरिका और यूरोपीय देशों के (यानी नाटो के) खिलाफ सिर्फ़ चीन-रूस और भारत मिलकर एक बड़ी ताक़त के रूप में सामने आते हैं। यह एक अच्छी रणनीति है।

परिवार नियोजन यात्राः निर्णायक क्षण और चुनौतियां

जगत प्रकाश नड्डा
केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री

जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के प्रति रवैया : भारत में मिलेनियल महिलाएं छोटे परिवारों को चुन रही हैं। ऐसे प्रत्येक परिवार में औसतन केवल दो बच्चे होते हैं। यह प्रवृत्ति पिछले दशक में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाती है,जिसके दौरान प्रजनन आयु (15 से 49 वर्ष) की आधी से अधिक महिलाओं (57 प्रतिशत) ने आधुनिक गर्भनिरोधकों का सक्रिय रूप से उपयोग किया है।

विश्व जनसंख्या दिवस पर,हम परिवार नियोजन के क्षेत्र में भारत की अविश्वसनीय यात्रा पर गौर करते हैं। हम अपनी सफलताओं का उत्सव मनाते हैं, आशाओं से भरे भविष्य की कामना करते हैं और आगे आने वाली चुनौतियों से निपटने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। जैसा कि मई 2024 में जनसंख्या विकास पर संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीपीडी) के 30 वें सम्मेलन में संकल्प व्यक्त किया गया है,भारत ने न केवल आईसीपीडी के एजेंडे को मजबूत नेतृत्व प्रदान किया है,बल्कि बेहतर परिवार नियोजन सेवाओं और नाटकीय रूप से बेहतर स्वास्थ्य संबंधी नतीजों,विशेष रूप से मातृ और बाल स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार के जरिए जमीनी स्तर पर जबरदस्त प्रगति का प्रदर्शन किया है।

जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के प्रति रवैयाः भारत में मिलेनियल महिलाएं छोटे परिवारों को चुन रही हैं। ऐसे प्रत्येक परिवार में औसतन केवल दो बच्चे होते हैं। यह प्रवृत्ति पिछले दशक में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाती है,जिसके दौरान प्रजनन आयु (15 से 49 वर्ष) की आधी से अधिक महिलाओं (57 प्रतिशत) ने आधुनिक गर्भनिरोधकों का सक्रिय रूप से उपयोग किया है। गर्भनिरोधकों का यह व्यापक उपयोग भारत के परिवार नियोजन कार्यक्रम की सफलता को दर्शाता है। हालांकि परिवार नियोजन का आशय केवल गर्भनिरोधकों से कहीं आगे है। यह महिलाओं, परिवारों और समुदायों के स्वास्थ्य एवं कल्याण का अभिन्न अंग है। यह महिलाओं, लड़कियों एवं युवाओं को अधिकार और विकल्प प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाता है।

राष्ट्रीय जनसंख्या और स्वास्थ्य संबंधी नीतियां परिवार नियोजन की अधूरी रह गई उस जरूरत को पूरा करने की आवश्यकता पर बल देती हैं,जिसे वैसी महिलाओं के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है,जो बच्चे नहीं चाहती हैं या बच्चे को जन्म देने में देरी करना चाहती हैं,लेकिन गर्भनिरोधक का कोई भी तरीका नहीं अपना रही हैं। इस कार्यक्रम ने 2012 में प्रजनन, मातृ, नवजात, बाल और किशोर स्वास्थ्य (आरएमएनसीएच+ए) दृष्टिकोण के संस्थागतकरण के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की,साथ ही परिवार नियोजन 2020 और अब परिवार नियोजन 2030

> राष्ट्रीय जनसंख्या और स्वास्थ्य संबंधी नीतियां परिवार नियोजन की अधूरी रह गई उस जरूरत को पूरा करने की आवश्यकता पर बल देती हैं,जिसे वैसी महिलाओं के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है,जो बच्चे नहीं चाहती हैं या बच्चे को जन्म देने में देरी करना चाहती हैं,लेकिन गर्भनिरोधक का कोई भी तरीका नहीं अपना रही हैं।

के माध्यम से परिवार नियोजन पर वैश्विक स्तर पर जोर दिया गया। इसने निरंतर जागरूकता बढ़ाने, सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देने, सूचना और सेवाओं की सुलभता में सुधार करने, गर्भनिरोधक विकल्पों की सीमा का विस्तार करने, अंतिम छोर तक दी जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता संबंधी आश्वासन सुनिश्चित करने और उच्च प्रजनन क्षमता वाले क्षेत्रों में नई रणनीतियों को लागू करने पर ध्यान केंद्रित किया है।

किसी देश की प्रगति और विकास जनसंख्या के आयामों से जुड़ा हुआ है। भारत पहले ही राष्ट्रीय स्तर पर प्रजनन क्षमता के प्रतिस्थापन स्तर (टीएफआर 2.0) को प्राप्त कर चुका है और एनएफएचएस-5 (2019-21) के अनुसार 31 राज्य/केंद्र शासित प्रदेश पहले ही यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं,जो इसकी यात्रा की सफलता की कहानी है। भारतीय राज्यों की जनसांख्यिकीय विविधता दुनिया में अनूठी है और परिवार नियोजन की रणनीतियों को इसके अनुरूप ही ढाला गया गया है। सुलभ गर्भनिरोधक विकल्पों की सीमा को व्यापक बनाने के साथ-साथ,यह रणनीति विवाह की आयु,पहले जन्म की आयु और लड़कियों की शैक्षिक प्राप्ति जैसे सामाजिक मुद्दों पर भी महत्वपूर्ण रूप से विचार करती है। ये कारक परिवार नियोजन के लिए एक समग्र दृष्टिकोण बनाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं,जो राष्ट्र की विविध आवश्यकताओं को पूरा करता है। मिशन परिवार विकास (एमपीवी): परिवार नियोजन में बदलावः भारत सरकार के प्रमुख परिवार नियोजन कार्यक्रमों में से एक,मिशन परिवार विकास को 2016 में सात राज्यों (बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और असम) के उच्च प्रजनन दर वाले 146 जिलों में गर्भनिरोधक और परिवार नियोजन सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने के लिए शुरू किया गया था।

यह व्यापक अभियानों के माध्यम से परिवार नियोजन सेवाओं के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण पर आधारित था। इसके तहत, सारथी वाहनों (वाहन के जरिए जागरूकता),युवा महिलाओं के लिए गर्भनिरोधकों तक पहुंच की सुविधा में सामाजिक बाधाओं को दूर करने के लिए सास-बहू सम्मेलनों का आयोजन और नवविवाहित जोड़ों को परिवार नियोजन और जिम्मेदार माता-पिता की प्रथाओं के बारे में जागरूक बनाने के लिए नई पहल किट प्रदान करने जैसे विभिन्न कार्यक्रमों को शामिल किया गया था। एमपीवी जिलों में आधुनिक गर्भनिरोधकों के उपयोग में इन बेहतर परिणामों के कारण सरकार ने 2021 में इस कार्यक्रम को सात राज्यों के सभी जिलों और छह पूर्वोत्तर राज्यों में विस्तार करने का निर्णय लिया।

राष्ट्रीय परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत विकल्पों का विस्तारः जनसंख्या की बदलती जनसांख्यिकी और जरूरतों के अनुरूप,वित्तीय वर्ष 2016-17 में गर्भनिरोधक विकल्पों का विस्तार किया गया। वर्तमान में राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम कंडोम, अंतर्गर्भाशयी गर्भनिरोधक उपकरण, मुंह से ली जाने वाली गोलियां, एमपीए इंजेक्शन समेत विभिन्न प्रकार के प्रतिवर्ती आधुनिक गर्भनिरोधक प्रदान करता है। 10 राज्यों में, जिनमें से प्रत्येक में दो जिले शामिल हैं, उपत्वचीय प्रत्यारोपण और त्वचा के नीचे दिया जाने वाला इंजेक्शन (अंतरा-एससी) शुरुआती चरण में हैं,जिसकी आने वाले वर्षों में पूरे भारत में विस्तार की योजना है। कार्रवाई का आह्वानः विश्व जनसंख्या दिवस 2024 का विषय है "मां और बच्चे के स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए गर्भावस्था का स्वस्थ समय और अंतराल।" हम अपने राज्य समकक्षों के प्रयासों और हमारे स्वास्थ्य कार्यबल,जिसमें एएनएम, आशा और अन्य जमीनी स्तर के कार्यकर्ता शामिल हैं,के अथक समर्पण को स्वीकार करते हैं,जो महत्वपूर्ण जानकारी और सेवाएं देने में सबसे आगे हैं। दुनिया के युवाओं, किशोरों, महिलाओं और बच्चों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हमारे देश में रहता है,जो हमें जनसांख्यिकीय लाभांश का अनूठा उपहार देता है,साथ ही हमारे लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण में निवेश करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता को रेखांकित करता है।

गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं और गर्भनिरोधकों की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुंच महत्वपूर्ण है। सरकार पहुंच से संबंधित बाधाओं,गर्भनिरोधक विधियों के बारे में गलत धारणाओं,जरूरतमंदों के बीच जागरूकता की कमी, भौगोलिक और आर्थिक चुनौतियों और प्रतिबंधात्मक सामाजिक व सांस्कृतिक मानदंडों को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से परिवार नियोजन सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। डिजिटल दुनिया के तेज विकास को देखते हुए,सरकार हमारे विजन को इससे जोड़ने और प्रसारित करने के अवसर का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है।

परिवार नियोजन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सभी हितधारकों के सहयोग और समर्पण की आवश्यकता है। गर्भनिरोधक विधियों की सीमा का विस्तार करके हमारे युवाओं के प्रजनन स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना आवश्यक है। इसके अलावा, भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश को सतत विकास, शहरीकरण और प्रवास की जटिलताओं का समाधान करना चाहिए। इन कारकों को हमारी नीतियों में एकीकृत करना यह सुनिश्चित करता है कि जनसांख्यिकीय वृद्धि समाज के सभी वर्गों के लिए एक स्थायी भविष्य और समावेशी समृद्धि के रूप में सामने आए। विश्व जनसंख्या दिवस पर हम सभी भारत भर के वंचित और कमजोर समुदायों पर विशेष ध्यान देने के साथ एक उज्ज्वल और स्वस्थ भविष्य बनाने का संकल्प लें। आइए हम एक ऐसे भविष्य के लिए प्रयास करें,जहां हमारा जनसांख्यिकीय लाभांश पूरी तरह से साकार हो,जहां प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच की सुविधा हो और जहां हमारे लोगों का स्वास्थ्य और कल्याण हमारे राष्ट्र की प्रगति व समृद्धि का आधार हो। हम सब मिलकर इस विजन को हकीकत बना सकते हैं।

प्रसंगवश

शेषन की स्पष्टवादिता

वनों का घटता आकार,हरे पेड़ों की अंधाधुंध कटान और पर्यावरण पर उसके खतरनाक प्रभाव, हर सरकार की चिंताओं में शामिल रहे हैं। इन दिनों प्रधानमंत्री नरेंद मोदी की अपील 'एक पेड़ मां के नाम' पर पौधरोपण का देशव्यापी अभियान चल रहा है। राज्य सरकारें, पर्यावरण से जुड़े संगठनों-संस्थाओं के साथ ही तमाम नागरिक भी इस अभियान में दिलचस्पी ले रहे हैं। लक्ष्य है देश की आबादी के समतुल्य 140 करोड़ पौधरोपण का।

प्रधानमंत्री रहते राजीव गांधी ने भी पौधरोपण की दिशा में कुछ सार्थक करने की सोची थी। टेलीविजन पर प्रधानमंत्री के तौर पर अपने पहले भाषण में उन्होंने घोषणा की थी कि सरकार हर साल पचास लाख हेक्टेयर भूमि पर पौधरोपण करेगी। यह अच्छी मंशा से लिया गया एक बड़ा निर्णय था,लेकिन घोषणा के पहले जमीनी सच्चाइयां नहीं परखे जाने की भूल ने इसे अंजाम पर नहीं पहुंचने दिया। इस प्रसंग को एक दूसरे संदर्भ में भी याद किया जाना चाहिए। टीएन शेषन तब वन सचिव थे। वही शेषन जिन्हें मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर अपनी यादगार भूमिका के लिए हर चुनाव के मौके पर याद किया जाता है। असलियत में एक आईएएस अधिकारी के तौर पर अपनी हर पोस्टिंग में शेषन ने बड़ी लकीर खींची।



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

प्रधानमंत्री का पद ग्रहण करने के बाद राजीव गांधी ने कृषि विभाग से अलग करके एक नए विभाग वन एवं वन्यजीव का गठन किया था। वन क्षेत्रों का लगातार घटता आकार और उसका पर्यावरण और वन्य जीवों पर बढ़ता दुष्प्रभाव सरकार और समाज के लिए चिंता का विषय था। राजीव गांधी ने इस संकट से उबरने के लिए कई कदम उठाए। अलग विभाग के जरिए वे इससे जुड़ी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन की उम्मीद करते थे। उन्होंने वन विभाग के इंस्पेक्टर जनरल के पद को तरक्की देकर केंद्र के विशेष सचिव का दर्जा दिया। तेज तर्रार आईएएस अधिकारी टीएन शेषन को नए विभाग का सचिव बनाया गया। राजीव गांधी ने इस विभाग को अपने अधीन रखा। प्रधानमंत्री के तौर पर टीवी पर अपने पहले भाषण में उन्होंने कहा था," देश में वन सिकुड़ और नष्ट हो रहे हैं। इससे मौसम में बदलाव और तापमान बढ़ने का खतरा बढ़ रहा है। इस खतरे से निपटने के लिए सरकार जरूरी कदम उठाएगी। हर साल पचास लाख हेक्टेयर भूमि में सरकार पौधरोपण कराएगी।" राजीव गांधी की इस महत्वाकांक्षी घोषणा से वन विभाग के सचिव शेषन अनजान थे। शेषन ने हिसाब लगाया। एक हेक्टेयर भूमि के लिए लगभग दो हजार पौध की आवश्यकता होगी। इनके पनपने और संरक्षण की भी जरूरत रहेगी। खाली भूमि के साथ ही इतनी बड़ी संख्या में पौध की उपलब्धता की भी चुनौती थी,लेकिन प्रधानमंत्री सार्वजनिक घोषणा कर चुके थे। अब उससे पीछे हटने की गुंजाइश नहीं थी,लेकिन यह भी सच था कि घोषणा हवा में थी। उसे अंजाम देने के लिए संबंधित विभाग की न ही कोई तैयारी थी और न ही जरूरी संसाधन।

संसद में योजना के क्रियान्वयन से जुड़े एक सवाल का जवाब देने के पहले अधिकारियों की बैठक में राजीव गांधी ने प्रश्न किया कि मिस्टर शेषन आपका विभाग प्रतिवर्ष पचास लाख हेक्टेयर भूमि में पौधरोपण के लिए क्या कर रहा है? शेषन के दो टूक जवाब से बैठक में सन्नाटा छा गया," हमें स्कीम के बारे में कुछ नहीं पता। हर साल पचास लाख हेक्टेयर भूमि में पौधरोपण की घोषणा आप ने की है।" बगल में बैठे एक अन्य सचिव शेषन की शर्ट खींचकर फुसफुसा कर चुप रहने का संकेत देने लगे।

बेलाग शेषन ने जोर से प्रतिवाद किया,"क्यों चुप रहूं? मैं कोई गलत बात नहीं कह रहा हूं। मैं तथ्य सामने रख रहा हूं। एक हेक्टेयर अर्थात ढाई एकड़। टारगेट हासिल करने के लिए हमें 125 लाख एकड़ निष्प्रयोज्य भूमि की जरूरत होगी। एक हेक्टेयर में लगभग दो हजार पौध रोप सकते हैं। पचास लाख हेक्टेयर भूमि के लिए एक हजार करोड़ पौध की प्रति वर्ष आवश्यकता होगी। एक पौध की ढाई रुपए की लागत के हिसाब से 2500 करोड़ रुपए की आवश्यकता होगी। इसके अलावा इन्हें पानी देने, लेबर और जुड़े अन्य खर्चों के लिए अतिरिक्त धन की जरूरत होगी। फिलहाल विभाग को इस योजना के लिए कोई धन उपलब्ध नहीं कराया गया है।" धैर्य से शेषन को सुन रहे राजीव गांधी की टिप्पणी थी, " आप बहुत स्पष्टवादी हैं।" शेषन ने विनम्रता के साथ दोहराया कि "आपकी योजना को हतोत्साहित नहीं कर रहा हूं,लेकिन बताने का प्रयास कर रहा हूं कि इस बड़े काम का व्यावहारिकता में क्रियान्वयन कितना कठिन है।"

शासन-प्रशासन में सुधार की संभावना



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

> बात यहां आकर टूटती है कि ऊपर पहली श्रेणी के लोगों को पहुंचाएंगे कैसे? वैसे देश में बहुत बड़े-बड़े दिमाग इस दिशा में लगे हुए हैं। हमेशा लगे रहते हैं। सारा हो-हल्ला, सारी धमाचौकड़ी इसी के नाम पर चल रही है। देखिए, शायद ये कभी सफल हो जाएं और कोई समाधान निकल आए। आखिर इतिहास के अनेक दौर में स्वर्णकाल का जिक्र आता है न? फिलहाल रास्ता यही है और कठिन है,लेकिन इधर-उधर भटकने से तो बेहतर है कठिन रास्ते पर चलने की तदबीर में जुटे रहें।

स्वाभाविक है कि अपने चारो ओर अकर्मण्यता, ढिलाई, विचलन, स्वार्थपरता और भ्रष्टाचार का बोलबाला देखकर मनुष्य अतिशय निराश हो जाता है। सोचता है इतनी व्यापक विकृति में प्रभावी सुधार की कोई गुंजाइश नहीं। वह पीछे मुड़कर देखता है तो अपने जीवनकाल में ही साल दर साल गिरावट महसूस करता है। उसे लगता है, आगे भी विकृति बढ़ती जाएगी। कोई उपाय न देखकर वह भी बहती गंगा में हाथ धोने उतर पड़ता है।

पुराणों में चतुर्युग की अवधारणा निराधार भले हो,मनुष्य के मनोविज्ञान से बहुत मेल खाती है। इस अवधारणा के अनुसार काल की गति हमेशा पतन की ओर उन्मुख होती है। सतयुग, त्रेता, द्वापर, कलियुग, कलियुग के अंत में कल्कि अवतार, फिर सीधे सतयुग। कल्पांत में प्रलय के बाद भी शुरुआत सतयुग से ही होनी है। सृष्टि के पूरे दौर में काल को पतनोन्मुख ही रहना है। गलत या सही, अधिकांश लोग ऐसा ही महसूस भी करते हैं। बूढ़ों की याद में उनका बचपन स्वर्ण काल था, फिर लगातार गिरावट। पीढ़ियों का संघर्ष इसी मनोविज्ञान से आता है। अपनी जवानी में एक से एक खुराफात कर चुके बूढ़े भी नई पीढ़ी के जवानों को नैतिक रूप से गिरा हुआ घोषित करते रहते हैं और उनके चाल-चलन को लेकर उपदेश देते सुने जाते हैं।

व्यापक स्तर पर सुधार कठिन तो है किंतु असंभव नहीं। मोटे तौर पर मनुष्यों की तीन श्रेणियां होती हैं,हमेशा रहेंगी। एक, वे जो कभी पथभ्रष्ट नहीं होंगे,कुछ भी हो जाए। दो,वे जो कभी नहीं सुधरेंगे,कुछ भी हो जाए और तीन,वही जो देखादेखी वाले,बहती गंगा में हाथ धोने वाले हैं। बहुसंख्यक वही होते हैं और वे माहौल देखकर इधर से उधर पाला बदलते रहते हैं। वे कानून से डरते हैं, आदतन उसके उल्लंघन की ओर प्रवृत्त नहीं होते। जब देखते हैं कि दूसरा उल्लंघन करके मजे ले रहा है तो उनकी भी ललक जाग उठती है। उनके लिए माहौल बना देना ही पर्याप्त है।

राज्य पहली श्रेणी,जो कभी पथभ्रष्ट नहीं होंगे,का जितना अधिक से अधिक उपयोग सार्वजनिक उत्तरदायित्व के लिए कर सके, उतना ही राज्य का और सबका भला होगा। दूसरी श्रेणी,जो कभी नहीं सुधरेंगे, के लिए कानूनी बंदिशें और सख्त व निश्चित दंड-व्यवस्था के अलावा और कोई उपाय नहीं। वे जितना ही सलाखों के भीतर रहें,समाज के लिए उतना ही बेहतर। समाज को अपनी सुख-शांति के लिए उन्हें बैठाकर खिलाने के अलावा और कोई चारा नहीं सलाखों के भीतर रहकर वे कुछ कर दें तो उनकी इनायत। तीसरी श्रेणी, बहती गंगा में हाथ धोने वाले बहुसंख्यक? राज्य की सफलता का सारा दारोमदार इस पर है कि वह इस श्रेणी के लोगों को विचलन से कितना बचा पाता है। ऊपर से नीचे तक माहौल बनाकर उनके विचलन को कम किया जा सकता है। राज्य को और सब भूलकर अपनी सारी ऊर्जा इसी पर लगानी है। विचारधारा कोई भी लाइए, उसके अमल में मानव स्वभाव पर आधारित यह मूल समस्या बनी ही रहनी है,लेकिन यह जितना आसान दिखता है उतना है नहीं। समस्या यह कि जब विकृति इतनी व्यापक हो तो सुधार की धारा ऊपर से नीचे की ओर ही प्रवाहित हो सकती है। निर्भर इस पर करेगा कि ऊपर के लोग पहली श्रेणी के हैं या दूसरी के या तीसरी के।

बात यहां आकर टूटती है कि ऊपर पहली श्रेणी के लोगों को पहुंचाएंगे कैसे? वैसे देश में बहुत बड़े-बड़े दिमाग इस दिशा में लगे हुए हैं। हमेशा लगे रहते हैं। सारा हो-हल्ला, सारी धमाचौकड़ी इसी के नाम पर चल रही है। देखिए, शायद ये कभी सफल हो जाएं और कोई समाधान निकल आए। आखिर इतिहास के अनेक दौर में स्वर्णकाल का जिक्र आता है न? फिलहाल रास्ता यही है और कठिन है,लेकिन इधर-उधर भटकने से तो बेहतर है कठिन रास्ते पर चलने की तदबीर में जुटे रहें। हथौड़ी की चोट पर चोट जारी रहे तो ताले को किसी न किसी दिन खुल ही जाना है।

सोशल फोरम

मानवता के विरुद्ध

जिस दिन बाजार ने पानी को, चिकित्सा को और शिक्षा को मुनाफे की संस्कृति के हवाले कर दिया उस दिन सभ्यता पर बाजार की निर्णायक जीत हुई थी। सभ्यता आगे बढ़ने की चीज है और जो सभ्यता मानवता के साथ जितना कदमताल करते आगे बढ़ती है वह उतनी प्रगतिशील मानी जाती है। बाजार और मानवता एक दूसरे के विरुद्ध हैं,क्योंकि मुनाफे की संस्कृति में सबसे अधिक उपेक्षित अगर कोई चीज होती है तो वह मानवता ही है। इन अर्थों में देखें तो हमारी सभ्यता नवउदारवाद के चंगुल में फंसने के बाद प्रतिगामी हुई है।

डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

तकनीक के अद्भुत अविश्वसनीय विकास ने जो उपलब्धियां हासिल की,बाजार ने उन पर भी कब्जा कर लिया। बाजार के बड़े खिलाड़ी तकनीक के प्रभु बन गए। नतीजा,दुनिया की बड़ी निर्धन आबादी तकनीक के लाभार्थियों में सबसे निचले पायदान पर है। भारत इस मामले में अग्रणी है कि यहां दुनिया की सबसे अधिक आर्थिक और सामाजिक विषमता व्याप्त है। सामाजिक विषमता से तो लड़ाइयां चलती रहती हैं,लेकिन आर्थिक विषमता के विरुद्ध कोई दमदार आंदोलन कहीं नजर नहीं आता। बढ़ती आर्थिक विषमता एक बड़े वर्ग को तकनीकी और आर्थिक विकास की मुख्यधारा से हाशिए पर रखती है। हाशिए पर की आबादी अच्छी चिकित्सा और अच्छी शिक्षा से महरूम है तो यही तो सभ्यता की विफलता है।

विगत ढाई-तीन दशकों से पानी के प्रदूषण को लेकर इतनी चिंता व्यक्त की गई और "मिनरल वाटर" का इतना महिमा मंडन किया गया कि अब प्लास्टिक में बंद पानी की बीस रुपए वाली बोतल हमारे जीवन का हिस्सा बन चुकी है। किसी ढाबे में खाने बैठो,बिना पूछे वेटर पानी की एक बोतल लाकर रख देगा। बिल में पानी की कीमत भी जोड़ ली जाएगी। पानी का बाजार निर्मित करने के लिए न जाने कितने जतन किए हैं बाजार के खिलाड़ियों ने। अब वे सारे जतन रंग दिखा रहे हैं। हमने अपनी सभ्यता की विकास यात्रा में यही मुकाम हासिल किया। **-फेसबुक वॉल से**

उन्नाव बस दुर्घटना से सबक लेने का समय



डॉ. चंद्र गोपाल पांडेय
अयोध्या

> हताहतों की संख्या में वृद्धि का सबसे बड़ा कारण समय से उपचार न मिलना भी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस दुर्घटना की प्रारंभिक जांच में 20 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार की बात सामने आना बहुत ही गंभीर बात है। चालक का नशे में होना कोढ़ में खाज है।

बुधवार को सुबह तड़के 5:15 बजे लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर घटित सड़क हादसे से समय रहते सबक लेने की जरूरत है, अन्यथा सड़के रक्तरंजित होती रहेंगी। इस दुर्घटना का दृश्य इस कदर वीभत्स व हृदयविदारक था कि सहायता कार्य में लगा सिपाही सड़क पर बिखरी लाशों को देख नहीं सका और बेहोश हो गया। अंततः उसे चिकित्सालय भेजना पड़ा। उन्नाव जिले के बांगरमऊ क्षेत्र में एक्सप्रेस वे पर हुई इस दुर्घटना में 18 लोग हताहत हुए हैं। बस शिवहर (बिहार) से दिल्ली जा रही थी। प्रारंभिक जानकारी में दुर्घटना की वजह तेज रफ्तार (ओवर स्पीड) है।

डबल डेकर बस ने आगे चल रहे दूध के टैंकर को ओवर टेक करने के प्रयास में टक्कर मारी है। चिंताजनक बात यह है कि हादसा उस एक्सप्रेस वे पर हुआ है,जहां तेज रफ्तार को मापने के लिए इलेक्ट्रॉनिक यंत्र लगे हैं और जुर्माना के रूप में दंड की व्यवस्था है। फिर भी चालक बेखौफ हैं। वैसे सड़कों पर दुर्घटना किसी भी गाड़ी से कभी भी घटित हो सकती है और होती भी है, लेकिन डबल डेकर बसें लड़ने और पलटने में कहीं आगे दिख रही हैं। इसी वर्ष मई माह में झांसी-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यात्रियों से भरी डबल डेकर बस पुलिया से टकराकर पलटी थी। चौगड्डा (फतेहपुर) से सूरत (गुजरात) जा रही इस बस के पलटने से कम से कम 14 यात्री गंभीर रूप से घायल हुए थे।

अप्रैल माह में बरेली से जयपुर जा रही डबल डेकर बस बदायूं जिले में ट्रक से भिड़ गई थी। इस दुर्घटना में दो यात्रियों की मृत्यु व 27 घायल हुए थे। इधर अयोध्या जिले की सीमा में डबल डेकर बस पलट चुकी है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के एक तकनीकी अधिकारी के अनुसार डबल डेकर बसों के पलटने का मुख्य कारण गुरुत्व केंद्र (सेंटर ऑफ ग्रेविटी) का संतुलन प्रभावित होना है। इन बसों की छत पर बड़ी मात्रा में सामानों को लादकर ढुलाई करने से समस्या आती है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में हर साल लगभग डेढ़ लाख लोग सड़क हादसों में अपनी जान गंवाते हैं। यह स्थिति तब है जब भारत में विश्व के लगभग 10 प्रतिशत ही वाहन हैं। इस तरह सड़क हादसों में जान से हाथ धोने वाले एक चौथाई भारत से हैं। सड़क दुर्घटना के प्रमुख कारणों में तेज रफ्तार,नशे में गाड़ी चलाना, लगातार ड्राइविंग,नींद आना,यातायात नियमों का उल्लंघन, खस्ताहाल सड़क,अतिक्रमण और गाड़ियों की खराब हालत है।

हताहतों की संख्या में वृद्धि का सबसे बड़ा कारण समय से उपचार न मिलना भी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस दुर्घटना की प्रारंभिक जांच में 20 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार की बात सामने आना बहुत ही गंभीर बात है। चालक का नशे में होना कोढ़ में खाज है। बस के पंजीकरण में नियमों की अनदेखी और फिटनेस को लेकर भी उंगलियां उठ रही हैं। इसके लिए परिवहन विभाग अपनी (गैर) जिम्मेदारी से बच नहीं सकता। इस हादसे में दुर्घटना के लगभग सभी महत्वपूर्ण कारण दिख रहे हैं। दिल्ली से सुदूर कई प्रांतों के रिमोट एरिया तक निजी बसों के संचालन का एक मजबूत ढांचा बन चुका है,लेकिन परिवहन नियमों व सड़क सुरक्षा के मानकों का पालन कराने के नाम पर कोई तंत्र सक्रिय दिख नहीं रहा है। कम से कम उन्नाव की दुर्घटना शासन प्रशासन सबकी आंख खोलने के लिए पर्याप्त है।

तीन कानूनों में परिवर्तन के मायने

नए भारतीय आपराधिक कानून 1 जुलाई से लागू हो गए हैं। अंग्रेजों के जमाने के भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और साक्ष्य अधिनियम अब समाप्त हो गए हैं। ऐसा माना जा रहा हे कि उनके लागू होने से मानवाधिकार सुरक्षित होंगे और अपराधियों पर शिकंजा कसा जा सकेगा।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

ऑनलाइन ही चोरी हुए सामान की रिपोर्ट लिखाई जा सकेगी। महिला मायके या ससुराल में हुए उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज करा सकेगी। नए कानूनों में महिलाओं बच्चों और बुजुर्गों के संरक्षण को प्राथमिकता दी गई है। पुलिस को तत्परता से चार्जशीट या एफआर लगानी होगी। पुलिस जो भी कारवाई करेगी,उसकी सूचना वादी या उसके रिश्तेदार को देनी होगी,जिससे जल्दी सजा का आधार तैयार हो सकेगा। सरकार का मानना है इनके लागू होने से समाज पर सकारात्मक असर पड़ेगा। कुछ मामलों में पुलिस के अधिकार कम हो जाएंगे। धारा 35 (7) के अनुसार ऐसे अपराध जिनमें 3 साल या उससे कम की सजा का प्रावधान है,उनमें आरोपी की गिरफ्तारी के पहले डीएसपी की अनुमति लेनी होगी। वहीं यदि आरोपी की उम्र 60 साल या उससे अधिक है तो भी गिरफ्तारी के लिए यह नियम लागू होगा। वहीं दूसरी तरफ प्रतिष्ठित अधिवक्ताओं के अपने संदेह भी है, जिनका मानना है कि प्रेक्टिस करने वाले अधिवक्ताओं की बिना राय लिए बनाए गए यह कानून विवाद पैदा करेंगे,जिनको दूर किया जाना जरूरी है।

दूसरी तरफ सभी ट्रेड यूनियंस ने इनको खारिज करते हुए इनको रद करने की मांग की है। ट्रेड यूनियन का मानना है नए कानून पुलिस अधिकारियों को अधिक शक्ति देने वाले होंगे। ट्रेड यूनियन का यह भी मानना है कि यह कानून उस समय पास किए गए जब विपक्ष के 146 निलंबित थे और इन पर विशेष चर्चा भी नहीं की गई। कानूनों में परिवर्तन तो सतत प्रक्रिया है। यह तो आने वाले समय में ही पता चल सकेगा का कि नए कानून आम आदमी के कितने हित में होंगे?

इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी फेज-2 में इस अनोखे विवाह के साक्षी बने 250 लोग, बैंड-बाजे के साथ झूमते हुए पहुंचे बराती, उपहार देकर और गले लगाकर दिया आशीर्वाद

पाने को प्रेम कहे जग की रीत...प्रेम का अर्थ समझायेगी हर्षिका-कान्हा की प्रीत

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : भगवान श्रीकृष्ण भक्तों से कहते हैं कि प्रेम का मतलब पाना नहीं होता, बल्कि उसमें खोना होता है। इस बात को चरितार्थ किया है हर्षिका ने। गुरुवार को 250 लोग इस बात के गवाह भी बने। शहर के उदय लालपुर इलाके के इंद्रप्रस्थ कॉलोनी फेज-2 में सुबह साढ़े दस बजे बैंड-बाजे के साथ बाराती झूमते हुए पूरन चंद्र पंत के आवास पर पहुंचे, जहां कान्हा का स्वागत हुआ और फिर शुरू हुई शादी की रस्में।

हर्षिका ने प्रभु श्रीकृष्ण की प्रतिमा के साथ सात फेरे लिए, उन्हें वरमाला पहनाई और अपनी मांग में सिंदूर भरा। विवाह संपन्न कराने वाले पंडितों के मंत्रोच्चारण से वहां मौजूद हर व्यक्ति का हृदय एक अजीब सी खुशी से सरोबार रहा। शाम पांच बजे सारी रस्मों के साथ विवाह संपन्न हुआ। हर्षिका के चेहरे की खुशी देखते ही बन रही थी। अपने कान्हा की मूरत को गोद में लेकर निहारती उसकी आंखें मानों मूर्ति के सजीव होने का प्रमाण दे रही थीं। नाते-रिश्तेदार, आस पड़ोस के लोगों ने शादी को भव्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। जहां युवा डीजे पर थिरक रहे थे, वहीं महिलाओं की टोली मंगल गीत गा रही थीं। इस अनोखी शादी के बारे में जिसने भी सुना वह पता पूछते हुए समारोह स्थल तक पहुंच गया। किसी ने गुप्त दान दिया तो कोई हर्षिका के लिए उपहार लेकर आया था। कई लोग ऐसे भी थे जो आए तो हर्षिका को उसके नए दांप्तय जीवन की बधाई देने थे पर वर के रूप में प्रभु श्रीकृष्ण की प्रतिमा देख हर्षिका के चरण तक स्पर्श किए और उसे गले लगाकर आशीर्वाद दिया।

फिलहाल हर्षिका को जिंदगी का हमसफर मिल गया है, उसने ऐसा जीवन साथी चुना है जो उसकी शारीरिक लाचारी के बारे में उसे कभी सोचने नहीं देगा और जिंदगी में नया रंग तो भरेगा ही बल्कि अनंत प्रेम की गहराई तक लेकर जाएगा।

हल्द्वानी के उदय लालपुर इलाके के इंद्रप्रस्थ कॉलोनी फेज-1 में गुरुवार को हर्षिका ने प्रभु श्रीकृष्ण से विवाह रचाया। विवाह समारोह के करीब 250 लोग साक्षी बने। मंत्रोच्चारण के बीच हर्षिका ने श्रीकृष्ण की प्रतिमा के साथ सात फेरे लिए और उन्हें वरमाला पहनाकर अपनी मांग में उनके नाम का सिंदूर भरा। इस अनोखे विवाह कार्यक्रम की सूचना जिसे भी मिली वह कार्यक्रम में शामिल होने पहुंच गया। अमृत विचार

अब खुलकर करुंगी कान्हा से बात...

जब हर्षिका से पूछा गया कि अब तो वृंदावन जाना पड़ेगा मायका छोड़कर तो वह मुस्कुरा कर बोली हां जाऊंगी पर अब तो मेरे कान्हा मेरे साथ रहेंगे। कहीं भी जाऊं वो साथ ही रहेंगे। बोली-अब तो दिन-रात खुलकर कान्हा जी से बात कर पाऊंगी बिना किसी संकोच के।

महिलाएं बोलीं, देवताओं ने दिया आशीर्वाद

जैसे ही जयमाला का कार्यक्रम संपन्न हुआ और फेरों की तैयारी होने लगी ठीक उसी दौरान बारिश हो गई। करीब 20 मिनट तक हुई बारिश से माहौल खुशनुमा हो गया। इस बीच कुछ महिलाएं ये कहते सुनाई दी कि ये तो शगुन है देवताओं का। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए हर्षिका को आशीर्वाद दिया है। प्रीतिभोज शुरू होते ही बारिश बंद हो गई और लोगों ने तसल्ली से भोजन किया।

अमृत विचार अखबार लेकर शादी में पहुंचे बुजुर्ग

धनपुरी पंचायत घर निवासी चंदन बंसल, नंदू मौर्या और हल्दूपोखरा निवासी हरीश चंद्र गुप्ता भी हर्षिका के विवाह समारोह में शामिल हुए। वह अमृत विचार समाचार पत्र की प्रति हाथ में पकड़कर जयमाला स्थल पर पहुंचे और लोगों से पूछने लगे कि क्या वह सही जगह पहुंचे हैं जो इस अखबार में छपा है। लोगों ने बताया कि हां वे लोग सही जगह पहुंचे हैं। इस पर चंदन बंसल ने अपनी जेब से एक लिफाफा निकाला और दहेज लिख रहे बुजुर्ग के हाथ में थमाया। उन्होंने रजिस्टर में नाम न लिखने की बात कहते हुए कहा कि गुप्त दान है नाम रहने दीजिए।

धर्म परिवर्तन से इनकार करने पर महिला की हत्या करने वाले आरोपी को नहीं मिली राहत

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने धर्मांतरण से इनकार करने पर एक हिंदू महिला की बेरहमी से हत्या करने वाले आरोपी को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि ट्रायल कोर्ट ने सह-आरोपी की जमानत याचिका पर विचार करते समय सम्पूर्ण तथ्यों का पूरी तरह से विश्लेषण नहीं किया, विशेषकर हाईकोर्ट के जनवरी 2023 के आदेश का हवाला दिया गया, जिसमें सह-आरोपी को जमानत देने से इनकार किया गया था। उक्त आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ ने अपराध की गंभीरता पर विचार कर आरोपी शोएब अख्तर की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया।

मामले के अनुसार मृतका पर विवाह के बाद आरोपी व सह-आरोपी एजाज अहमद ने धर्म-परिवर्तन का दबाव बनाया। पीड़िता के इनकार करने पर दोनों ने मिलकर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी। सितम्बर 2020 को नाले के पास से पीड़िता का सिर कटा शव मिला। जांच के बाद अपराध सिद्ध होने पर दोनों आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत पुलिस स्टेशन चोपन, सोनभद्र में प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

एक नजर

बाढ़ का असर : बरेली से रोजा के बीच धीमी गति से गुजारीं ट्रेनें

अमृत विचार, बरेली : भारी बारिश के बाद रेलवे ट्रैक किनारे, पुलों और पुलियों पर अभी जलभराव है। इसकी वजह से गुरुवार को मुरादाबाद रेल मंडल के बरेली-रोजा मार्ग पर ट्रेनों को कॉशन देकर धीमी गति से गुजारा गया। मंडल रेल प्रबंधक राजकुमार सिंह ने रोजा-बरेली रेलखंड का निरीक्षण किया। विशेष निरीक्षण यान से उन्होंने सुबह बरेली जंक्शन से निरीक्षण शुरू किया। वह रसुइया, पीतांबरपुर, बिलपुर आदि का निरीक्षण करते हुए रोजा पहुंचे और जगह-जगह हुए जलभराव की स्थिति को देखा। सुरक्षा के मद्देनजर संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने रोजा में चल रहे नॉन इंटरलॉकिंग कार्यों को भी देखा। उनके साथ एडीआरएम (इंफ्रा) एसपी तिवारी, सीनियर डीसीएम (फ्रेट) ऋचा शर्मा, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (ओपी) अंशु कुमार वर्मा, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य) सचिन कुमार, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण) जन्मजेय उपाध्याय, वरिष्ठ मंडल यांत्रिकी अभियंता (कैरिज एवं वैगन) अनिल कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

अभियुक्त के खिलाफ सरकार के आदेश को रूढ़िवादी बता कर किया रद

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 79 वर्षीय अभि.युक्त को समय से पहले रिहाई का लाभ न देने के प्रदेश सरकार के आदेश को रद करते हुए कहा कि आक्षेपित आदेश एक रूढ़िवादी और व्यक्तिगत विश्लेषण की कमी वाला आदेश है, जिसे प्रदेश सरकार की ओर से लगभग हर मामले में बिना सोचे- समझे पारित किया जाता है, जैसा कि वर्तमान मामले में हुआ है।

यह आदेश यूपी परिवीक्षा पर कैदियों की रिहाई अधिनियम, 1938 की धारा 2 के उद्देश्यों के विरुद्ध और रशीदुल जाफर उर्फ छोटा के मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के विरुद्ध पारित किया गया है। दूसरे शब्दों में कहा जा सकता है कि प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन किया है। साथ ही कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि याची, जिसकी उम्र 79 वर्ष है और जिसने छूट के साथ 25 वर्ष से अधिक की सजा काट ली है, साथ ही उसने कोई सामाजिक अपराध नहीं किया है और अधिक उम्र हो जाने के कारण याची की ओर से भविष्य में भी अपराध की पुनरावृत्ति होने की कोई संभावना नहीं है।

ऐसे में सरकार की ओर से याची का आवेदन खारिज करना न्यायसंगत नहीं है। अतः न्यायमूर्ति सिद्धार्थ व न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी की खंडपीठ ने सरकार को 6 सप्ताह के भीतर समय से पहले रिहाई के लिए मुन्ना की याचिका पर नए सिरे से निर्णय लेने का निर्देश दिया है।

79 वर्षीय अभियुक्त के समय से पहले रिहाई का मामला

'आक्षेपित आदेश एक रूढ़िवादी और व्यक्तिगत विश्लेषण की कमी वाला आदेश है, जिसे प्रदेश सरकार की ओर से लगभग हर मामले में बिना सोचे-समझे पारित किया जाता है, जैसा कि वर्तमान मामले में हुआ है'

- हाईकोर्ट

कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों को स्पष्ट करते हुए बताया कि समय से पहले रिहाई पर प्रदेश सरकार को कई निर्देश जारी किए गए हैं, जिसमें पात्र कैदियों के आवेदनों को प्राथमिकता देने के साथ ही उन्हें लाभकारी नीति का लाभ देने पर भी जोर दिया गया है। दरअसल, याची के खिलाफ अप्रैल 1980 में आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत पुलिस स्टेशन सादाबाद, हाथरस में मामला दर्ज करवाया गया था। फरवरी 1999 में हाईकोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा की पुष्टि कर दी। याची ने छूट सहित 25 वर्ष जेल में रहने के बाद सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की, जहां से जनवरी 2018 में उसे जमानत मिल गई जबकि उसके अच्छे आचरण के बावजूद प्रदेश सरकार ने मई 2017 में समय से पहले रिहाई के लिए उसके आवेदन को इस आधार पर खारिज कर दिया कि याची को समय से पहले रिहाई देने से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में गलत संदेश जाएगा। इसके अलावा, चूंकि याची की शारीरिक और मानसिक स्थिति ठीक है, इसलिए वह अधिनियम, 1938 के लाभ का हकदार नहीं है। सरकार के उक्त आदेश को चुनौती देते हुए याची ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया, जिसमें उन्हें हाईकोर्ट में सरकार के आदेश को चुनौती देने के लिए कहा गया। अंत में कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार सरकार को नए सिरे से निर्णय लेने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई आगामी 2 सितंबर 2024 को सुनिश्चित की गई है।

आज भी न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे अधिवक्ता

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने अधिवक्ताओं के प्रति न्यायाधीशों के व्यवहार व कोर्ट की परम्पराओं और प्रथाओं का पालन न करने सहित विभिन्न मुद्दों पर शुक्रवार को भी न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया है। गुरुवार की दोपहर 12 बजे एसोसिएशन की कार्यकारिणी समिति की बैठक नए पदाधिकारियों के कक्ष में वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन महासचिव विक्रांत पांडेय ने किया।

बैठक के दौरान मुख्य न्यायाधीश डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ के बयान का हवाला देते हुए निर्णय लिया गया कि अधिवक्ता अब न्यायाधीशों को माई लॉर्ड या योर लॉर्डशिप जैसे संबोधनों से संबोधित नहीं करेंगे, बल्कि बहस के दौरान सर कहेंगे।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

सार-संक्षेप

एकतरफा प्रेम में की युवती के पिता की हत्या

अमृत विचार, एटा/मारहरा : मारहरा थाना क्षेत्र के ग्राम मीरापुर में माया प्रकाश (45) पुत्र नौबत सिंह की पुत्री की शुक्रवार को बरात आनी थी। पड़ोसी आकाश उससे एक तरफा प्रेम करता था और शादी करना चाहता था। माया प्रकाश उससे पुत्री की शादी को तैयार नहीं था। उसने दूसरी जगह पुत्री की शादी तय कर दी। शुक्रवार को बरात आनी थी। घर में शादी का माहौल था। गुस्साए आकाश ने बुधवार देर रात माया प्रकाश की गला काटकर हत्या कर दी और फरार हो गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय कुशवाहा सूचना पर गांव पहुंचे और जांच पड़ताल कर शीघ्र ही हत्यारे की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। कुछ समय बाद मुठभेड़ में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, तमंचा व कारतूस बरामद किया गया है।

मंडल में सिर्फ 11,378 किसानों ने ही कराया फसल बीमा

अमृत विचार, बरेली : मंडल में प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत अभी तक सिर्फ 11378 किसानों ने ही बीमा कराया है और सिर्फ 20 दिन शेष रह गए हैं। संयुक्त कृषि निदेशक डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि मंडल में फसल बीमा की जिम्मेदारी इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को दी गई है। किसानों के लिए अधिसूचित फसलों का प्रीमियम दो और औद्यानिक फसलों पर पांच फीसदी है। इस वर्ष की फसलों का बीमा 31 जुलाई तक कराया जा सकता है। पिछले वर्ष मंडल में 50,266 किसानों ने फसल का बीमा कराया था। इनमें से 2014 किसानों को 97,55,507 रुपये की क्षतिपूर्ति वितरित की गई थी। इस वर्ष 5 जुलाई तक 11,378 किसानों ने बीमा कराया है। इसे बढ़ाने के प्रयास के लिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है।

राणा की जमानत पर 20 को सुनवाई

विधि संवाददाता, बरेली : इज्जत नगर थाना क्षेत्र में प्लॉट पर कब्जे के लिए हुए गोलीकांड के मुख्य आरोपी राजीव राणा और आशीष की जमानत अर्जी जिला जज की अदालत में पेश की गई। अदालत ने सुनवाई को 20 जुलाई की तिथि निर्धारित की है। इससे पहले सीजेएम कोर्ट ने दोनों आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। वहीं दूसरे गुट के आदित्य उपाध्याय और उसके पुत्र अभिराज की जमानत अर्जी उनके वकील की गैर मौजूदगी (अदम पैरवी) में खारिज हो गई।

विवेचक को पड़ी डांट, साक्ष्य पेश करने के लिए एक दिन की दी मोहलत

विधि संवाददाता, बरेली : सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुनर्विवेचना जारी होने का हवाला देते हुए अभियोजन की ओर से सुनवाई के लिए अगली तिथि नियत करने की अर्जी अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय रवि कुमार दिवाकर ने खारिज कर दी। विवेचक की फटकार लगाते हुए कहा कि अदालतें ऐसा करने लगीं तो अभियोजन के हाथों का खिलौना बन जाएंगी। अदालत ने अभियोजन को साक्ष्य पेश करने के लिए एक दिन की मोहलत देते हुए शुक्रवार को फिर सुनवाई करने का आदेश सुनाया है। थाना शीशगढ़ में इसी वर्ष दर्ज हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में श्रवण कुमार आदि के खिलाफ सुनवाई के दौरान सरकारी वकील ने अगली तिथि देने की मांग करते हुए अदालत में अर्जी दाखिल की कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर इस मामले की दोबारा विवेचना इंस्पेक्टर बहेड़ी प्रवीण कुमार सोलंकी ने की थी जिससे संबंधित दस्तावेज फाइल में शामिल होने रह गए हैं। अभियोजन की अर्जी का मुल्जिम के वकील ने यह कहकर विरोध किया कि अभियुक्त जेल में बंद हैं और सिर्फ दोबारा विवेचना होने के कारण किसी भी आगे की अग्रिम प्रोसिडिंग को स्वत: स्टे नहीं माना जा सकता।

10 हजार रुपये रिश्वत लेते चौकी इंचार्ज को पकड़ा

अमृत विचार, सहसवान : युवक को जेल भेजने की धमकी देकर 10 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए दरोगा को एंटी करप्शन टीम ने गिरफ्तार कर लिया। मुजरिया थाने में उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी गयी। जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव अंबियापुर निवासी कुछ लोगों ने गांव के मनोज कुमार यादव के खिलाफ आईजी से शिकायत की थी कि वह दबंगई दिखाता है और आए दिन मारपीट करता है। आईजी के आदेश पर सीओ सहसवान कर्मवीर सिंह ने मामले की जांच शुरू की। इस बात की जानकारी दानपुर के चौकी इंचार्ज धर्मवीर सिंह को हो गई। उसने एक सप्ताह पहले मनोज को बुलाकर आईजी से शिकायत के बारे में जानकारी दे जेल भेजने की धमकी दी और 20 हजार रुपये रिश्वत मांगी। इसके बाद बार-बार बुलाकर धमकाने लगा। परेशान मनोज ने मंगलवार को बरेली की एंटी करप्शन टीम को जानकारी दी। गुरुवार को ट्रैप टीम के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह टीम के साथ जरीफनगर पहुंचे। उन्होंने मनोज को रुपये देकर पुलिस चौकी भेजा, लेकिन चौकी इंचार्ज नहीं मिले। बाद में 10 हजार रुपये रिश्वत लेते एंटी करप्शन टीम ने चौकी इंचार्ज को पकड़ लिया और मुजरिया थाने ले आई।

छेड़छाड़ के आरोपी को खंभे से बांधकर पीटा, मौत

अमृत विचार, गजरौला (पीलीभीत): गजरौला थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला बुधवार शाम को खेत पर जा रही थी। गांव के ही अनिल उर्फ छोटे ने उससे छेड़छाड़ की। महिला के शोर मचाने पर खेत पर काम कर रहे रिश्तेदार आ गए तो अनिल भाग गया। महिला के परिवार वालों ने देर शाम उसे पकड़ लिया और खंभे से बांधकर पिटाई की। इसके बाद उसे घसीटते हुए पुलिस चौकी ले जा रहे थे, लेकिन गांव के बाहर पहुंचते ही अनिल की मौत हो गई। इस पर महिला के परिजन शव छोड़कर भाग गए। ग्राम प्रधान ने रात को पुलिस को सूचना दी। पुलिस के अनुसार, जिस युवक की पीटकर हत्या की गई, वह पूर्व में भी छेड़छाड़ और दुष्कर्म के मामले में जेल जा चुका है। उस पर 10 मुकदमे दर्ज थे।

वैधानिक सीमा में अपील दाखिल करने में अधिवक्ता की निष्क्रियता के लिए वादी जिम्मेदार नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले पर विचार करते हुए निष्कर्ष निकाला कि वैधानिक सीमा अवधि के भीतर अपील दाखिल करने में अधिवक्ता की ओर से दिखाई गई निष्क्रियता के लिए वादी को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। मामले के अनुसार अपील कर्ताओं ने एक वसीयतनामा मुकदमे में एकल न्यायाधीश की ओर से पारित आदेश के खिलाफ एक विशेष अपील दाखिल की। इसके बाद अपीलकर्ताओं द्वारा विलंब माफी के लिए हलफनामे में तर्क दिया गया कि जब अपील तैयार की गई थी तो उप्र. बार काउंसिल ने हड़ताल की घोषणा की थी और उसके बाद अपीलकर्ताओं के अधिवक्ता अपने बीमार रिश्तेदार की देखभाल के लिए गांव चले गए थे।

कोर्ट ने हलफनामे के साथ संलग्न फोटो सत्यापन को देखने पर पाया कि अपील अगस्त 2023 में ही तैयार हो गई थी, लेकिन अधिवक्ता द्वारा इसे दाखिल नहीं किया गया। कोर्ट ने विपक्षियों के अधिवक्ता द्वारा दाखिल जवाबी हलफनामे में प्रस्तुत आदेशों के आधार पर अपीलकर्ताओं के अधिवक्ता की कहानी पर विश्वास न करते हुए कहा कि अपीलकर्ता ने स्पष्ट रूप से अधिवक्ता की कहानी पर विश्वास करते हुए विलंब की माफी मांगने वाले आवेदन के समर्थन में हलफनामा दाखिल किया।

अपीलकर्ता विवेकशील व्यक्ति थे, जिन्होंने समय-सीमा के भीतर अपील दाखिल करने के लिए अधिवक्ता पर भरोसा किया, जब उन्हें उनके अधिवक्ता की निष्क्रियता के बारे में कोर्ट द्वारा बताया गया तो उन्होंने तत्काल अपना अधिवक्ता बदल दिया और सभी तथ्यों का खुलासा करते हुए एक नया हलफनामा दाखिल किया। अतः यह नहीं कहा जा सकता कि उन्होंने कोर्ट को गुमराह करने की कोशिश की। अंत में मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने रानी रेवती देवी रवि प्रताप न्यास द्वारा अपील दाखिल करने में 105 दिनों की देरी को माफ करते हुए कहा कि अपीलकर्ता किसी भी तरह से लापरवाह नहीं था। अतः वह देरी के लिए माफी मांगने का अधिकार रखता है। उसके अधिवक्ता की चूक के लिए उसे जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है।

बीएनएसएस में कॉर्पोरेट निकायों पर समन तामील करने के नियमों को कोर्ट ने किया स्पष्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 63 (कॉर्पोरेट निकायों और सोसाइटियों पर समन की तामील) और 1 जुलाई 2024 से लागू भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 65 के प्रावधानों की तुलना करते हुए कहा कि धारा 65 में यह प्रावधान है कि किसी कंपनी या निगम के खिलाफ समन की तामील कंपनी के प्रबंधक, सचिव और अन्य अधिकारियों के अलावा निदेशक के माध्यम से भी की जा सकती है, जबकि सीआरपीसी की धारा 63 में 'निदेशक' शब्द नहीं था।

कोर्ट ने आगे कहा कि नए कानून के अनुसार, यह भी प्रावधान किया गया है कि अगर कंपनी के लिए समन कंपनी के निदेशक, प्रबंधक या अन्य अधिकारी को संबोधित करते हुए पंजीकृत डाक के माध्यम से भेजा जाता है तो उसे भी तामील माना जाएगा, जबकि सीआरपीसी में निगम के मुख्य अधिकारी को पंजीकृत डाक के माध्यम से भेजे गए समन को ही तामील माना जाता था। उक्त टिप्पणी अरुण कुमार सिंह देशवाल की एकल पीठ ने मेसर्स पार्थस टैक्सटाइल्स के एक भागीदार के खिलाफ नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट और आईपीसी की धारा 420 के तहत कार्यवाही को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करते हुए की। भागीदार के खिलाफ समन आदेश और गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। कोर्ट के समक्ष प्रश्न था कि जब किसी फर्म की ओर से जारी चेक बाउंस हो जाता है और डिमांड नोटिस के बावजूद फर्म राशि के भुगतान में विफल रहती है तो फर्म या उसके साझेदार को समन जारी करना आवश्यक है। उपरोक्त प्रश्न पर विचार करते हुए कोर्ट ने पाया कि पंजीकृत फर्म की ओर से जारी किए गए चेक के बाउंस होने पर पहला दायित्व फर्म का होता है और उसका साझेदार होने के नाते संबंधित अधिकारी भी उत्तरदायी हो सकते हैं, लेकिन वर्तमान मामले में साझेदार को फर्म के साथ आरोपी के रूप में शामिल नहीं किया गया था। इस आधार पर कोर्ट ने याचिका को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए फर्म के साझेदार के खिलाफ जारी समन आदेश और गैर-जमानती वारंट को रद कर दिया।

डिप्टी एसपी प्रशिक्षुओं ने जानीं फोरेंसिक की बारीकियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 90वें बैच के डिप्टी एसपी प्रशिक्षुओं को लेकर आयोजित हुआ कार्यक्रम

अमृत विचार : उप्र स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस में गुरुवार को 90वें बैच के डिप्टी एसपी प्रशिक्षुओं ने फोरेंसिक साइंस के महत्व एवं बारीकियों को जाना। संस्थान के अपर निदेशक राजीव मल्होत्रा ने बताया कि प्रान्तीय पुलिस सेवा के 90वें बैच के डिप्टी एसपी प्रशिक्षु अधिकारियों का प्रशिक्षण शेड्यूल निर्धारित किया गया था, इसलिए प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए यूपीएसआईएफएस संस्थान में फॉरेंसिक साइंस से संबंधित विषयों के व्याख्यान सत्र आयोजित किये गये थे।

इस अवसर पर अपर निदेशक राजीव मल्होत्रा ने बीट प्रणाली और हिस्ट्रीशीटर संबंधित कार्यवाही पर प्रकाश डाला। उन्होंने डिप्ट एसपी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए बताया कि हमें परंपरागत पुलिसिंग पर भी ध्यान देना चाहिए। पुलिस अधीक्षक डॉ. सतीश कुमार ने साइबर क्राइम के बारे में प्रशिक्षु अधिकारियों को विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की। उन्होंने आईटी एक्ट के मुकदमों में कार्यवाही के संबंध में कहा, चेन आफ कस्टडी, हैस वैल्यू और साक्ष्य संकलन में नियमों की बारीकियों को गंभीरता से जानना जरूरी है, अन्यथा बाद में कोर्ट की प्रक्रिया में कठिनाई आ सकती है। डॉ. नीरज राय ने प्रशिक्षु अधिकारियों को डीएनए के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने डीएनए पर किए गए कई केस स्टडी को भी बारीकी से समझाया। उप निदेशक चिरंजीव मुखर्जी ने अपने सेवा काल के अनुभवों को साझा करते हुए प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि जीवन में हमेशा अव्वल बनने की कोशिश करना चाहिए। आम रहने पर जिन्दगी चल सकती है, पुलिसिंग नहीं। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी अतुल यादव, जनसम्पर्क अधिकारी संतोष तिवारी, डॉ. रोशन सिंह, डॉ. सौरभ यादव, डॉ. पोरवी सिंह, प्रतिसार निरीक्षक सतीश सचान, उप निरीक्षक प्रभाकर सागर सहित संस्थान के अन्य शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

एक नजर

आठ शहरों में अप्रैल-जून में मकानों की बिक्री में 6% गिरावट: प्रॉपटाइगर

नई दिल्ली। देश के शीर्ष आठ शहरों में मकानों की बिक्री में अप्रैल-जून में पिछली तिमाही की तुलना में छह प्रतिशत की गिरावट आई है। आवासीय ब्रोकरेज फर्म प्रॉपटाइगर ने बृहस्पतिवार को आवासीय मांग और आपूर्ति के तिमाही आंकड़े जारी किए। प्रॉपटाइगर आरईए इंडिया का हिस्सा है। आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जून की अवधि में आवासीय बिक्री छह प्रतिशत घटकर 1,13,768 इकाई रह गई, जबकि इससे पहले जनवरी-मार्च तिमाही में यह 120,642 इकाई थी। हालांकि, अप्रैल-जून में आवासीय बिक्री 42 प्रतिशत बढ़ी, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में 80,245 इकाईयां बिकी थीं। आरईए इंडिया के समूह समूह मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) विकास वधावन ने कहा, आम चुनाव के कारण अप्रैल-जून में मकानों की मांग में कमी आई।

टीसीएस की आय 12040 करोड़ रुपये पहुंची

मुंबई। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी कंपनी टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही 12040 करोड़ रुपए की शुद्ध आय अर्जित की है जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही की 11074 करोड़ रुपए की आय से 8.7 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के निदेशक मंडल की आज बैठक के बाद जारी वित्तीय लेखाजोखा में यह जानकारी दी गई है। उसने कहा कि जून 2024 में समाप्त तिमाही में उसका राजस्व 62613 करोड़ रुपए रहा है जो जून 2023 में समाप्त तिमाही के 59381 करोड़ रुपए की तुलना में 5.4 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के निदेशक मंडल ने प्रति शेयर 10 रुपए का अंतरिम लाभांश देने का प्रस्ताव किया है। कंपनी ने कहा कि पहली तिमाही में उसने 5452 नए कर्मचारी जोड़े हैं और कुल कर्मचारियों की संख्या 606998 हो गई है।

तिमाही नतीजों से पहले बाजार में मुनाफावसूली

सेंसेक्स 27.43 अंक और निफ्टी 8.50 अंक की मामूली गिरावट के साथ हुआ बंद

मुंबई, एजेंसी



स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को उतार-चढ़ाव के बीच बीएसई सेंसेक्स 27 अंक के मामूली नुकसान में रहा। निवेशकों ने कंपनियों के जून तिमाही के नतीजों से पहले प्रमुख कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली की। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 27.43 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 79,897.34 अंक पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में इसमें अच्छी तेजी थी और यह 245.32 अंक चढ़कर दिन के उच्चतम स्तर 80,170.09 अंक तक चला गया था। लेकिन बाद में प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से यह नीचे आया और एक समय 460.39 अंक तक लुढ़क गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 8.50 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 24,315.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 24,402.65 अंक तक गया और नीचे में 24,193.75 अंक तक आया।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, दोनों मानक सूचकांक में कारोबार सीमित दायरे में रहा। कंपनियों के पहली तिमाही के वित्तीय परिणामों से पहले बाजार शेयरों के उच्च मूल्यांकन को युक्तिसंगत ठहराने को संघर्ष करता दिख रहा है। कंपनियों के तिमाही परिणाम कुछ हल्का रहने का अनुमान है। सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, सन फार्मा, नेस्ले, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। लाभ में रहने वाले शेयरों में आईटीसी, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स और टाइटन शामिल हैं। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का शेयर कंपनी के नतीजों से पहले 0.33 प्रतिशत चढ़ा। कंपनी ने बाजार बंद होने के बाद परिणाम जारी किया। कंपनी का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 8.7 प्रतिशत बढ़कर 12,040 करोड़ रुपये रहा है।

एनबीएफसी को प्राप्त ऋण का स्तर दो लाख करोड़ से ऊपर

मुंबई, एजेंसी

- वार्षिक आधार पर इसमें 22.0 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी

केयरएज रेटिंग्स की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार म्युचुअल फंडों की ओर से गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को दिया गया कर्ज लगातार मई में दूसरे महीने में दो लाख करोड़ रुपये से ऊपर बना रहा। गुरुवार को जारी इस रिपोर्ट के अनुसार म्युचुअल फंडों को एनबीएफसी को दिया गया कर्ज और उधार मई 2024 में 2.09 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया जो अप्रैल की तुलना में 0.5 प्रतिशत अधिक है। वार्षिक आधार पर इसमें 22.0 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी।

रिपोर्ट के अनुसार इस निवेश में कमर्शियल पेपर (सीपी) में निवेश और कॉर्पोरेट ऋण के रूप में दिया गया कर्ज भी शामिल है। मई में म्युचुअल फंडों के ओर से दिए गए कुल कर्ज में एनबीएफसी को मिले कर्ज का हिस्सा बढ़ कर 13.3 प्रतिशत रहा। मई 2023 में यह 12.7 प्रतिशत था। हालांकि, इसमें अप्रैल 2024 के 13.4 प्रतिशत की तुलना में हल्की कमी रही। रिपोर्ट के अनुसार म्युचुअल फंड का एनबीएफसी के सीपी में निवेश लगातार छह महीने से एक लाख करोड़ के ऊपर चल रहा है। मई में यह 1.15 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर था। इससे पहले मई 2019 में इन क्षेत्रों में सीपी के जरिए कर्ज के सौदों का यह स्तर देखा गया था। केयरएज रेटिंग्स की इस रिपोर्ट के अनुसार मई 2024 में एनबीएफसी में बैंकों का कर्ज के रूप में लगी राशि 15.6 लाख करोड़ रुपये थी, जो एक साल पहले से 16.0 प्रतिशत अधिक है।

पहली तिमाही में जीईएम से खरीद 1.24 लाख करोड़ रुपये के पार

नई दिल्ली। सरकार के ई-खरीद पोर्टल जीईएम के जरिये 2024-25 की पहली तिमाही में वस्तुओं व सेवाओं की खरीद 1.24 लाख करोड़ रुपये को पार कर गई है। खरीद की यही गति बने रहने से जीईएम चालू वित्त वर्ष 2024-25 के अंत तक दुनिया का सबसे बड़ा मंच बन जाएगा। सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को यह बात की। केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों तथा विभागों द्वारा वस्तुओं व सेवाओं की ऑनलाइन खरीद के लिए सरकारी ई-मार्केट (जीईएम) मंच की शुरुआत नौ अगस्त, 2016 को की गई थी। जीईएम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) प्रशांत कुमार सिंह ने पत्रकारों से कहा, जीईएम ने पहली (अप्रैल-जून) तिमाही के अंत में 1,24,761 लाख करोड़ रुपये का सकल व्यापारिक मूल्य दर्ज किया।

4जी का दायरा बढ़ाना प्राथमिकता : संचार मंत्री

इंदौर (मध्यप्रदेश)। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि मोबाइल फोन देश के 70 से 80 फीसद इलाके तक पहुंच चुका है और 4जी नेटवर्क का दायरा बढ़ाना उनकी प्राथमिकताओं में शुमार है। सिंधिया ने इंदौर में संवाददाताओं से कहा, देश के 70 से 80 प्रतिशत इलाके में मोबाइल फोन पहुंच चुका है और फिलहाल ऐसे 120 करोड़ उपकरण इस्तेमाल किए जा रहे हैं। अब हमारी प्राथमिकता है कि देश में 4जी नेटवर्क का दायरा बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि भारत ने विश्व में पहली बार स्वदेशी तकनीक से 4जी स्टेक बनाया है।

विझिंजम बंदरगाह पहुंचा चीन का जहाज

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

चीन का मालवाहक जहाज 'सैन फर्नांडो' गुरुवार को केरल के विझिंजम इंटरनेशनल सीपोर्ट लिमिटेड (वीआईएसएल) बंदरगाह पहुंचा। भारत के सबसे बड़े ट्रांसशिपमेंट बंदरगाह पर पहली बार इस तरह के जहाज की आमद हुई है। तीन सौ मीटर लंबा मालवाहक जहाज सैन फर्नांडो शुक्रवार को वीआईएसएल में 1,900 कंटेनर उतारेगा और मुख्यमंत्री पिनराई विजयन बंदरगाह के परिचालन के पहले चरण की शुरुआत करेंगे। इस विशाल जहाज से बड़े कंटेनरों को अन्य जहाजों में लादा जाएगा और इसके बाद इन्हें देश के विभिन्न बंदरगाहों में पहुंचाया जाएगा।

उद्घाटन समारोह में केंद्रीय पोत परिवहन मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, केंद्र और राज्य के मंत्री, अधिकारी और आम जनता सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। विजयन ने गुरुवार को एक फेसबुक पोस्ट में कहा, सपना साकार होने वाला है। पहला जहाज केरल के विझिंजम बंदरगाह पर पहुंच रहा है। केरल की ओर से सैन फर्नांडो का आधिकारिक तौर पर स्वागत किया जाएगा।

अब अमेजन पे के जरिये खरीदें दिल्ली मेट्रो का क्यूआर टिकट

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो के यात्री अब ऑनलाइन भुगतान मंच अमेजन पे के जरिये अपने मोबाइल फोन पर क्यूआर टिकट ले सकते हैं। इसके लिए दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने अमेजन पे के साथ साझेदारी की गुरुवार को घोषणा की। इसके लिए ग्राहक को अमेजन पे टैब के तहत दिल्ली मेट्रो क्यूआर टिकट का विकल्प चुनना होगा। फिर उन्हें कहां से और कहां तक जाने वाले स्टेशनों का चयन करना होगा। वे ऑनलाइन भुगतान कर अपने मोबाइल फोन पर फौरन ही क्यूआर टिकट हासिल कर सकते हैं।

लंबित मांगों को लेकर फिर शुरू करेंगे आंदोलन : एसकेएम

नयी दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री मोदी तथा राहुल गांधी को एक ज्ञापन सौंपेगा मोर्चा

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने गुरुवार को ऐलान किया कि वह न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और कृषि ऋण माफी सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर फिर से आंदोलन शुरू करेगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को एक ज्ञापन सौंपेगा। वर्ष 2020-21 के किसान आंदोलन का नेतृत्व करने वाले एसकेएम ने अपनी आम सभा की बैठक के एक दिन बाद यह घोषणा की। इस बार शायद संगठन दिल्ली कूच नहीं करेगा।

संगठन के नेताओं ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और राज्यसभा तथा लोकसभा के सदस्यों से मुलाकात करने तथा मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपने के लिए 16 से 18 जुलाई के बीच का समय मांगा जाएगा। फिर से दिल्ली कूच करने के बारे में पूछने पर एसकेएम नेताओं ने कहा कि इस बार वे देशव्यापी विरोध प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

राष्ट्रीय

एक नजर

फिरोजपुर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर हेरोइन का पैकेट बरामद किया गया

फिरोजपुर। पंजाब के फिरोजपुर में भारत-पकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास एक खेत से बृहस्पतिवार को हेरोइन का पैकेट बरामद किया गया है। बीएसएफ एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बीएसएफ के जवानों ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास किल्चे गांव में तलाशी अभियान शुरू किया। बीएसएफ अधिकारी ने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान उन्हें एक पैकेट बरामद हुआ जिनमें 570 ग्राम हेरोइन थी। अधिकारी ने बताया कि पैकेट पीले रंग के टेप में लपेटा गया था और उसमें एक धातु की गोलाकार चीज भी लगी हुई थी।

हिमाचल में भूस्खलन के कारण 12 सड़कें बंद

शिमला। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के भरमौर क्षेत्र में गुरुवार को भूस्खलन के कारण मणिमहेश डल झील का मार्ग बाधित हो गया। गोइ नाला और दोनाली के बीच हुए भूस्खलन का 19 सेकंड का वीडियो एक यात्री ने सोशल मीडिया पर डाला है। मणिमहेश यात्रा 17 अगस्त से शुरू होकर 15 सितंबर तक चलती है लेकिन श्रद्धालु और पर्यटक इस अवधि के अलावा भी यात्रा करते हैं। प्रशासन ने लोगों से इस मार्ग का उपयोग न करने को कहा है तथा इस मार्ग पर सूचना बोर्ड भी लगा दिए हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने बताया कि पिछले सप्ताह हुई बारिश के बाद 12 सड़कों (शिमला में पांच, मंडी में चार और कांगड़ा में तीन) पर वाहनों का आवागमन बंद है।

बंदरगाह से प्रतिबंधित रसायनों की खेप जब्त की

चेन्नई। सुरक्षा एजेंसियों ने तमिलनाडु के एक बंदरगाह पर चीन से पाकिस्तान जा रही एक खेप जब्त की है, जिसमें आंसू गैस और दंगा नियंत्रण एजेंट के लिए इस्तेमाल होने वाले अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंधित रसायन हैं। अधिकारियों के मुताबिक, पाकिस्तान कथित तौर पर चीन की मदद से आक्रामक रासायनिक और जैविक युद्ध कार्यक्रम पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि चीनी कंपनी चेंग्दू शिचेन ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड ने रावलपिंडी स्थित रक्षा आपूर्तिकर्ता रोहेल एंटरप्राइजेज को ऑर्थो-क्लोरो बेंजिलिडीन मैलोनोनाइट्राइल की एक खेप भेजी थी। अधिकारियों ने कहा कि 2560 किलोग्राम वजनी खेप को 25 किलोग्राम के 103 ड्रमों में रखा गया था और 18 अप्रैल, 2024 को चीन के शंघाई बंदरगाह पर मालवाहक जहाज ह्युडई शंघाई में लादा गया था।

हरियाणा विस चुनाव के लिए इनेलो-बसपा का गठबंधन

इनेलो नेता अभय चौटाला बनेंगे मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार

चंडीगढ़, एजेंसी

- बसपा 37 जबकि बाकी की सीटों पर इनेलो चुनाव लड़ेगी

इंडियन नेशनल लोक दल (इनेलो) ने इस साल के अंत में होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए अपने पूर्व सहयोगी दल बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से फिर से हाथ मिलाने का फैसला किया है। दोनों दलों के नेताओं ने गुरुवार को यह घोषणा की। गठबंधन के नेताओं ने इनेलो नेता अभय चौटाला को अपना मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाने का भी फैसला किया है। दोनों दलों के बीच हुए सीटों के बंटवारे के तहत हरियाणा में 90 विधानसभा सीटों में से बसपा 37 पर चुनाव लड़ेगी जबकि बाकी की सीटों पर इनेलो चुनाव लड़ेगी।

चंडीगढ़ के बाहरी इलाके नयागांव में बसपा के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अभय चौटाला ने कहा कि यह गठबंधन स्वार्थी हितों पर आधारित नहीं है बल्कि लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है। चौटाला ने कहा, हरियाणा में हमने आगामी विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ने का फैसला किया है। आज, आम जनता ने भाजपा को सत्ता से बेदखल करने और कांग्रेस को सत्ता से दूर रखने का मन बना लिया है।

बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद ने कहा कि हाल में बसपा सुप्रीमो मायावती और अभय चौटाला ने गठबंधन के संबंध में एक लंबी बैठक की थी। उन्होंने कहा, उस बैठक में यह तय किया गया कि हरियाणा में 90 विधानसभा सीटों में से बसपा 37 सीटों पर चुनाव लड़ेगी जबकि बाकी की सीटों पर इनेलो चुनाव लड़ेगी।

ईडी ने कोलकाता में छापेमारी की, 2.98 करोड़ रुपये जब्त

नयी दिल्ली। ईडी ने निवेशकों के 24,000 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत कोलकाता की एक सहकारी समिति और सहारा समूह के खिलाफ छापेमारी कर लगभग तीन करोड़ रुपये की नकदी जब्त की है। संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि कोलकाता, लखनऊ और मुंबई में हमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के खिलाफ छापेमारी की गई। हालांकि, यह नहीं बताया गया कि ये छापेमारी कब की गई। निदेशालय ने कहा, सहकारी समिति ने एक करोड़ से अधिक निवेशकों और जमाकर्ताओं से उच्च लाभ का वादा करके 24,000 करोड़ रुपये से अधिक एकत्र किए।

राष्ट्र प्रथम को जीवन का उद्देश्य बताया

नयी दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने प्रशिक्षु अधिकारियों से साथ चलने का आह्वान किया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) 2022 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों से मुलाकात की और राष्ट्र प्रथम को अपने जीवन का उद्देश्य बताते हुए उनसे इस यात्रा में अपने साथ चलने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक प्रधानमंत्री ने युवा अधिकारियों से उत्प्रेरक एजेंट बनने की आकांक्षा रखने की अपील की और कहा जब वे अपनी आंखों के सामने बदलाव होते देखेंगे तो उन्हें संतुष्टि महसूस होगी।

राजधानी दिल्ली स्थित सुषमा स्वराज भवन में प्रधानमंत्री ने उन 181 प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ बातचीत की, जिन्हें विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में सहायक सचिवों के रूप में तैनात किया गया है। बातचीत के दौरान, विभिन्न अधिकारियों ने उनके द्वारा किए गए प्रशिक्षण के अपने अनुभव साझा किए। बयान के मुताबिक प्रधानमंत्री ने कहा, नया भारत उदासीन दृष्टिकोण से संतुष्ट नहीं है और वह आगे बढ़कर सक्रिय रहने वालों को पसंद करता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उन्हें सभी नागरिकों को सर्वोत्तम संभव शासन, विनिर्माण के साथ ही जीवन की गुणवत्ता प्रदान करने का प्रयास करना चाहिए। लखपति दीदी, ड्रोन दीदी, प्रधानमंत्री आवास जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने के लिए संपूर्णता के दृष्टिकोण के साथ काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संपूर्णता का दृष्टिकोण सामाजिक न्याय सुनिश्चित करता है और भेदभाव को रोकता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा, अब यह उनकी पसंद है कि वे सेवा अदायगी में स्पीड ब्रेकर होंगे या सुपरफास्ट हाईवे।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि आईएएस के रूप में चयन के बाद युवाओं को जो प्रशंसा मिली है, वे अतीत की बातें हैं और अतीत में रहने के बजाय उन्हें भविष्य की ओर बढ़ना चाहिए। मोदी ने 2022 में आरंभ कार्यक्रम के दौरान उनके साथ अपनी पिछली बातचीत को याद किया।

प्रवर्तन निदेशालय ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया

जम्मू, एजेंसी

- जेकेएसएसबी एसआई प्रश्नपत्र लीक मामले में हुई कार्रवाई

जम्मू कश्मीर सेवा चयन बोर्ड (जेकेएसएसबी) द्वारा आयोजित उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा-2022 में प्रश्नपत्र लीक के कथित मुख्य सरगना की गिरफ्तारी के करीब तीन सप्ताह बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक अन्य भगोड़े आरोपी को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि आरोपी को विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया जिसने उसे पांच दिन की ईडी की हिरासत में भेज दिया। अधिकारियों ने बताया कि हरियाणा में महेंद्रगढ़ जिले के लहरोदा निवासी अनिल कुमार (31) को ईडी की जम्मू शाखा ने बुधवार को धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया और गुरुवार को जम्मू स्थित भ्रष्टाचार रोधी विशेष अदालत (सीबीआई के मामलों की) के समक्ष पेश किया।

चालक को 14 दिन के लिए भेजा जेल

हिट-एंड-रन मामला

मुंबई, एजेंसी

मुंबई की एक अदालत ने बीएमडब्ल्यू हिट एंड रन मामले में आरोपी शिवसेना नेता राजेश शाह के परिवार के चालक को गुरुवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। रविवार को दुर्घटना के समय चालक राजर्षि बिदावत, राजेश शाह के बेटे और मुख्य आरोपी मिहिर शाह के साथ कार में बैठा था। मुंबई के वर्ली इलाके में जब बीएमडब्ल्यू कार ने एक स्कूटर को टक्कर मारी तब मिहिर शाह (24) कथित तौर पर गाड़ी चला रहा था। इस दुर्घटना में स्कूटर पर पीछे बैठी एक महिला की मौत हो गई और उसका पति घायल हो गया।

पुलिस के अनुसार, दुर्घटना के बाद बिदावत राजेश शाह के निर्देश पर कथित तौर पर मिहिर शाह की जगह चालक की सीट पर बैठ गया। पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने पर चालक को मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (शिवडी अदालत) एस पी भोसले के समक्ष पेश किया गया। पुलिस ने उसकी हिरासत अवधि बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि जांच अब भी जारी है।

मिहिर ने दुर्घटना के समय शराब पी रखी थी : पुलिस

मुंबई। बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन मामले में मुख्य आरोपी मिहिर शाह जिस समय भीषण दुर्घटना हुई तब शराब के नशे में था। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इस घटना में एक महिला की मौत हो गई थी। मामले की जांच कर रही एक टीम ने घटनाक्रम के बारे में ज्यादा जानकारी जुटाने के लिए आज तड़के घटनास्थल पर जाकर मुआयना किया। इसके अलावा टीम में शाह और उसके परिवार के वाहन चालक व सह-आरोपी राजश्री बिदावत से पूछताछ की, जो रविवार को हुई दुर्घटना के समय कार में सवार था।

खोज के लिए पुलिस में रिपोर्ट बेटा खाट के नीचे छिपा मिला

काकीनाडा, संवाददाता

- आंध्र प्रदेश में काकीनाडा के इंद्रपालम इलाके का मामला

आंध्र प्रदेश में काकीनाडा के इंद्रपालम इलाके में स्कूल जाने से बचने के लिए एक बच्चा गुरुवार सुबह नहाने के बाद तौलिया लेकर अचानक घर से गायब हो गया। बेटे की तलाश करने के बाद हारे माता-पिता ने इंद्रपालम पुलिस से शिकायत की। लापता लड़के की बड़े पैमाने पर तलाश के लिए पुलिस टीमों को तैनात कर दिया गया। बच्चे को हालांकि एक घंटे बाद कमरे में खाट के नीचे छिपा हुआ पाया गया।

कड़ी मशक्कत करने वाली पुलिस और चिंताजनक पल बिताने वाले माता-पिता ने आखिरकार लड़के को सलामत देखकर राहत की सांस ली। आठ वर्षीय साई शनमुखा ने पुलिस को बताया कि उसने स्कूल से दूर रहने के लिए यह शरारत की। पुलिस ने लड़के को इस शरारत के लिए डांट लगायी और उसे नियमित रूप से स्कूल जाने की सलाह दी।

सभी दलों को आत्मचिंतन की जरूरत

मुंबई, एजेंसी

- कहा- देश में लोकतांत्रिक राजनीति एक नए निम्न स्तर पर पहुंच गई है

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को दुख जताते हुए कहा कि देश में लोकतांत्रिक राजनीति एक नए निम्न स्तर पर पहुंच गयी है और उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से आत्मचिंतन करने का आह्वान किया। राज्य विधान परिषद के शताब्दी समारोह के अवसर पर महाराष्ट्र विधानमंडल के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए धनखड़ ने यह भी कहा कि लोकतंत्र बहस और संवाद से पनपता है, लेकिन वर्तमान में राजनीतिक दलों के बीच संवादहीनता है।

उपराष्ट्रपति ने कहा, लोकतांत्रिक राजनीति एक नए निम्न स्तर पर पहुंच गयी है और सभी राजनीतिक दलों को आत्मचिंतन करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, संसदीय लोकतंत्र में सब कुछ ठीक नहीं है। हम व्यवधान झेल रहे हैं। राजनीतिक दलों के बीच संवादहीनता है। राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने कहा कि सदन में आसन के सामने हंगामा और नारेबाजी किसी भी पीठासीन अधिकारी के लिए पीड़ादायक स्थिति है। उन्होंने कहा कि सभापति और अध्यक्ष को दोनों पक्षों द्वारा अपनी सुविधा से निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिष्टाचार और अनुशासन लोकतंत्र का हृदय हैं और पीठासीन अधिकारी का सम्मान किया जाना चाहिए। धनखड़ ने कहा, हम दूसरे दृष्टिकोण के प्रति भी उदार नहीं हैं।

मणिपुर जाकर शांति की अपील करें मोदी : राहुल-प्रियंका

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मणिपुर में जारी हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री मोदी से पूछा कि जब पूरा राज्य हिंसा की आग में जल रहा है तो आखिर मोदी मौन क्यों साधे हैं और वह मणिपुर में शांति बहाली के लिए लोगों से कोई अपील क्यों नहीं कर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मणिपुर लगातार जल रहा है और आंतरिक हालात गंभीर हैं।

दिल्ली विश्वविद्यालय में मनुस्मृति लागू करने के प्रस्ताव का शिक्षकों के एक वर्ग ने किया विरोध

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली विश्वविद्यालय के एलएलबी के छात्रों को मनुस्मृति पढ़ाने के प्रस्ताव की शिक्षकों के एक वर्ग ने आलोचना की है। शुक्रवार को अकादमिक परिषद की बैठक में मनुस्मृति पढ़ाए जाने पर चर्चा की जानी है। विधि संकाय ने अपने प्रथम और तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को 'मनुस्मृति' पढ़ाने के लिए पाठ्यक्रम में संशोधन करने के वास्ते दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था से मंजूरी मांगी है।

संशोधनों के अनुसार विद्यार्थियों के लिए दो पाठ्यपुस्तकों- जी.एन. झा द्वारा लिखित 'मेधातिथि के मनुभाष्य के साथ मनुस्मृति' और टी. कृष्णस्वामी अय्यर द्वारा लिखी 'मनुस्मृति- स्मृतिचंद्रिका का टीका' पाठ्यक्रम में शामिल करने का प्रस्ताव है। बैठक के मुख्य बिंदुओं के अनुसार संशोधनों का सुझाव देने के निर्णय को संकाय की पाठ्यक्रम समिति की 24 जून को हुई बैठक में सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया, जिसकी अध्यक्षता डीन अंजू वली टिक्कू ने की। इस कदम पर आपत्ति जताते हुए वाम समर्थित सोशल डेमोक्रेटिक टीचर्स फ्रंट (एसडीटीएफ) ने डीयू के कुलपति योगेश सिंह को पत्र लिखकर कहा है कि मनुस्मृति में महिलाओं और हाशिए के समुदायों के अधिकारों को लेकर प्रतिगामी दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया गया है और यह प्रगतिशील शिक्षा प्रणाली के खिलाफ है।

इंग्लैंड ने दूसरे दिन वेस्टइंडीज पर कसा शिकंजा

लॉर्ड्स, एजेंसी

जैक क्रॉले (76), जेमी स्मिथ (70) की बेहरीन बल्लेबजी के दम पर टेस्ट मैच के दूसरे दिन इंग्लैंड 371 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा कर 250 रनों की बढ़त के बाद वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में 79 रन पर छह विकेट चटकाते हुये मैच पर अपना शिकंजा कस लिया है।

इंग्लैंड ने कल के एक विकेट पर 88 रनों से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के पहले सत्र में ओली पोप (57) रन बनाकर आउट हुए। कुछ ही देर बाद जैक क्रॉले (76) रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद जो रूट और हैरी ब्रूक ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट लिए 91 रनों की साझेदारी हुई। हैरी ब्रूक (50), कप्तान बेन स्टोक्स (4) रन तथा जो रूट (68) रन बनाकर आउट हुए। जेमी स्मिथ ने (70) रनों की पारी खेली। क्रिस वोक्स (23)रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद दो बल्लेबाज शून्य पर आउट हुए और इंग्लैंड की पहली पारी 371 रन पर सिमट गई। वेस्टइंडीज की ओर से जेडन सील्स ने चार विकेट लिये। जेसन होल्डर और गुडाकेश मोटी को दो-दो विकेट मिले। अल्जारी जोसेफ ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

एक-दूसरे को बधाई देते इंग्लैंड के जो रूट और एंडरसन। ● एजेंसी

दूसरी पारी में भी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और वह 55 रन पर पांच विकेट गवां कर संघर्ष करती दिखी। कप्तान क्रैग ब्रैथवेट (4), किक्र मैकेंजी (शून्य), मिकाइल लुइस (14), कावेम हॉज (4), एलिक अथानाजे (22) रन बनाकर आउट हुए।

आज दिन का खेल समाप्त होने पर वेस्टइंडीज ने छह विकेट पर 79 रन बना लिये और इंग्लैंड को फिर से बल्लेबाजी करने के लिए वेस्टइंडीज को अभी 171 रन की जरूरत है। दिन का खेल समाप्त होने के समय जोशुआ दा सिल्वा (8) रन पर क्रीज पर मौजूद थे। वेस्टइंडीज का छठां विकेट पर जेसन होल्डर (20) के रूप में गिरा। इंग्लैंड की ओर से जेम्स एंडरसन, बेन स्टोक्स और गस एटकिंसन ने दो-दो बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले मैच के पहले दिन इंग्लैंड के गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज को महज 121 रन पर ढ़ेर कर दिया था।

एमओसी ने उपकरण से जुड़े प्रस्तावों को दी स्वीकृति

नई दिल्ली। खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों के लिए जाने वाले खिलाड़ियों और पैरा खिलाड़ियों के उपकरण खरीदने में सहायता से जुड़े कई प्रस्तावों को गुरुवार को स्वीकृति दी।

अपनी साप्ताहिक बैठक में एमओसी ने पैरालंपिक टेबल टेनिस पदक विजेता भाविना पटेल के अपने कोच और सहायक के साथ 16 से 20 जुलाई तक थाईलैंड में आईटीटीएफ पैरा टेबल टेनिस एशिया प्रशिक्षण शिविर 2024 में हिस्सा लेने के लिए सहायता के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। एमओसी ने पैरा निशानेबाजों मनीष नरवाल, रुद्रांक्ष खंडेलवाल, रूबीना फ्रांसिस और श्रीहर्ष आर देवरेड्डी के निशानेबाजी से संबंधित विभिन्न उपकरणों के अनुरोध को भी मंजूरी दे दी। इनमें श्रीहर्ष के लिए एयर राइफल और रूबीना के लिए मोरिनी पिस्टल तथा पैरा एथलीट संदीप चौधरी के लिए दो भालों की खरीद के लिए सहायता शामिल है।

ओलंपिक से पहले मुंबई में सिंधू के स्मैश की रफ्तार, किशोर के थ्रो का मना जश्न

मुंबई, एजेंसी

शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू, भाला फेंक एथलीट किशोर जेना और हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जिनकी उपलब्धियों का 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक से पहले शहर में जश्न मनाया गया। ओलंपिक के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की आधिकारिक फुटवेयर खेल का सामान बनाने वाली कंपनी प्यूमा ने चैम्पियंस ऑफ द गेम का जश्न मनाने के लिए गुरुवार को एक आउटडोर अभियान लांच किया जिसके अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर खिलाड़ियों की छवियां दिखेंगी।

ओलंपिक दल के कुल 45 भारतीय एथलीट जर्मनी की कंपनी का प्रतिनिधित्व करेंगे जिसका सी द गेम लाइक वी डू अभियान का उद्देश्य खिलाड़ियों की उपलब्धियों का जश्न मनाना है। प्यूमा ने कहा ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पीवी सिंधू के ताकतवर स्मैश, ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश की सहजता से दनदनाती गेंद को रोकने की काबिलियत छवियों के जरिये पूरी मुंबई में दिखाई देगी। साथ ही एशियाई खेलों के पदक विजेता किशोर जेना के थ्रो की छवि बड़ी इमारत के बराबर होगी। जेना का सर्वश्रेष्ठ 87.54 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो की छवि को प्रभादेवी में इसी तरह दिखाया जाएगा।

खेल डायरी

हरियाणा के मुख्यमंत्री ने चहल से की मुलाकात

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से गुरुवार को यहां गुरुग्राम में टी-20 क्रिकेट विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे क्रिकेट खिलाड़ी युजवेंद्र चहल ने मुलाकात की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने क्रिकेट खिलाड़ी को टी-20 विश्व कप जीतने पर बधाई देते हुये उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनायें दीं। सैनी ने यहां गुरुग्राम में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) रेस्ट हाउस में क्रिकेट खिलाड़ी को स्मृति चिह्न देकर तथा सम्मान सूचक शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री ने खुशी व्यक्त करते हुये हरियाणावी लहजे में कहा हरियाणा के बगैर किसी भी खेम में झंडी कोनी पाटती।

गांगुली ने खरीदी कोलकाता रॉयल टाइगर्स की टीम

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने इस साल अगस्त और सितंबर के बीच होने वाले इंडियन रेसिंग फेस्टिवल 2024 में कोलकाता रॉयल टाइगर्स टीम खरीदी। कोलकाता की रेसिंग टीम इस प्रतियोगिता में पदार्पण करेगी जिसमें हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, गोवा, कोच्चि और अहमदाबाद की सात टीमें भी इसमें हिस्सा लेंगी। इंडियन रेसिंग फेस्टिवल में दो मुख्य चैंपियनशिप होंगी जो इंडियन रेसिंग लीग और फॉर्मूला 4 इंडियन चैंपियनशिप हैं। इस जुड़ाव पर उत्साह से भरे भारतीय क्रिकेट बोर्ड के पूर्व प्रमुख गांगुली ने कहा मैं इंडियन रेसिंग फेस्टिवल में कोलकाता की टीम के साथ इस यात्रा को शुरू कर काफी उत्साहित हूं। मोटरस्पोर्ट हमेशा ही मेरा जुनून रहा है और कोलकाता रॉयल टाइगर्स के साथ हमारा उद्देश्य इंडियन रेसिंग फेस्टिवल में एक मजबूत विरासत बनाने के साथ नई पीढ़ी को प्रेरित करना है।

टेनिस में बेहतर कर सकती थी: साइना

राष्ट्रपति भवन में 'हर स्टोरी-माई स्टोरी' पर बातचीत के दौरान नेहवाल ने साझा किए अनुभव

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल को लगता है कि अगर उन्होंने बैडमिंटन खेलने के बजाए टेनिस का रैकेट पकड़ा होता तो वह बतौर खिलाड़ी और बेहतरीन प्रदर्शन कर सकती थीं। बैडमिंटन खिलाड़ी के तौर पर भी साइना ने काफी प्रभावित किया है जिसमें वह दुनिया में शीर्ष रैंकिंग हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला शटलर बनीं और वह ओलंपिक पदक जीतने वाली देश की पहली महिला एथलीट भी बनीं।

राष्ट्रपति भवन में हर स्टोरी-माई स्टोरी बातचीत के दौरान साइना ने कहा कभी कभार मुझे लगता है कि अगर मेरे माता पिता ने मुझे टेनिस में डाला होता तो अच्छा होता। उन्होंने कहा इसमें ज्यादा पैसा है और मुझे लगता है कि मैं ज्यादा ताकतवर थी। मैं टेनिस में बैडमिंटन से बेहतर कर सकती थी। साइना ने कईयों को बैडमिंटन में आने के लिए प्रेरित किया है लेकिन जब उन्होंने आठ साल की उम्र में खेलना शुरू किया था तो उनके लिए कोई आदर्श नहीं था। साइना ने कहा जब मैंने शुरूआत की थी तो मेरे लिए कोई आदर्श नहीं था। यह कहने के लिए कोई नहीं था, मैं दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी बनना चाहती हूं या ओलंपिक पदक विजेता बनना चाहती हूं। मुझसे पहले मैंने किसी को बैडमिंटन में ऐसा करते नहीं देखा था। लंदन ओलंपिक के कांस्य के अलावा साइना ने विश्व चैंपियनशिप में कांस्य और रजत पदक जीते तथा राष्ट्रमंडल खेलों में भी कई स्वर्ण पदक जीते।

कार्यक्रम को संबोधित करतीं बैडमिंटन खिलाड़ी साइना ● एजेंसी

कार्यक्रम के दौरान साइना नेहवाल के साथ सेल्फी लेतीं प्रशंसक। ● एजेंसी

उन्होंने कहा मैं हमेशा बच्चों को खेलों पर ध्यान लगाने के लिए कहती हूं। चीन 60-70 पदक जीतता है और हमें सिर्फ तीन चार पदक मिलते हैं। इतने सारे डॉक्टर और इंजीनियर होते हैं और उनके नाम अखबारों में नहीं आते। साइना ने कहा मैं विशेषकर लड़कियों से आगे आने के लिए कहूंगी कि वे फिट होना शुरू करें और खेलों में आयें। अब हम बच्चों के लिए मौजूद हैं, उनके लिए प्रेरणा के लिए दुनिया की नंबर एक, ओलंपिक चैंपियन और इतनी सारी पदक विजेता हैं।

उन्होंने अपने करियर के बारे में बात करते हुए कहा कि उनकी कड़ी मेहनत ने प्रतिभा की कमी की भरपाई की। साइना ने कहा मुझे कड़ी मेहनत करना पसंद है, मैं इतनी प्रतिभाशाली खिलाड़ी नहीं थी। मुझे काफी मेहनत करनी पड़ती थी। अगर कोई प्रतिभाशाली खिलाड़ी कोई चीज 100 बार करता था तो मुझे इसे 1000 दफा करना पड़ता था। मेरे कोचों को मेरा कभी हार नहीं मानने वाला जज्बा पसंद है।

टेस्ट कप्तान बने रहेंगे मसूद बाबर पर फैसला बाद में

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और कोच जेसन गिलेस्पी ने व्यस्त अंतर्राष्ट्रीय सत्र से पहले राष्ट्रीय टीम के टेस्ट कप्तान के रूप में शान मसूद पर भरोसा जताया है लेकिन सीमित ओवरों के क्रिकेट में बाबर आजम की कप्तानी पर फैसला बाद में किया जाएगा।

पाकिस्तान को इस साल अक्टूबर में तीन मैच की टेस्ट श्रृंखला में इंग्लैंड की मेजबानी करनी है जबकि बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज का भी सामना करना है। पीसीबी ने बैठक की जिसमें बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों, राष्ट्रीय चयनकर्ताओं, गिलेस्पी, सफेद गेंद के कोच गैरी कर्स्टन सहायक कोच अजहर महमूद ने हिस्सा लिया और इस दौरान टी-20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन पर भी चर्चा की गई। बैठक में मसूद को अगस्त से जनवरी के बीच बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी श्रृंखलाओं के लिए टेस्ट कप्तान के रूप में बरकरार रखने के लिए समर्थन मिला।

बाबर को मिल चुके कई मौके : अफरीदी

कराची। पाकिस्तान के पूर्व हरफनमौला शाहिद अफरीदी ने टी-20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद आलोचना झेल रहे कप्तान बाबर आजम को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उन्हें काफी मौके दिये जा चुके हैं और अब पीसीबी को उनकी कप्तानी को लेकर फैसला लेना चाहिए। अफरीदी ने कहा बाबर चार विश्व कप और दो एशिया कप में टीम की कप्तानी कर चुके हैं। अफरीदी ने यह भी कहा कि पीसीबी अगर नया कप्तान नियुक्त करता है तो दो नए विदेशी कोचों गैरी कर्स्टन और जैसन गिलेस्पी के साथ उसे समय दिया जाना चाहिए।

वानिंदु हसरंगा ने छोड़ी श्रीलंका की कप्तानी

कोलंबा। श्रीलंकाई स्पिनर वानिंदु हसरंगा ने टी-20 टीम के कप्तान पद से इस्तीफा दे दिया है। हसरंगा ने श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) को लिखा एक खिलाड़ी के रूप में वह हमेशा श्रीलंका की टीम सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे तथा अपनी टीम और नेतृत्व का समर्थन करेंगे। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड की ओर जारी एक बयान में हसरंगा के टीम में बने रहने की पुष्टि की गई। बयान के अनुसार हसरंगा ने अपने त्यागपत्र में कहा कि यह टीम के हित में है कि उन्होंने कप्तानी कर्तव्यों से मुक्त होकर एक खिलाड़ी के रूप में टीम में बने रहने का फैसला किया है। उल्लेखनीय है कि श्रीलंकाई स्पिनर हसरंगा को पिछले वर्ष ही टी-20 कप्तान नियुक्त किया गया था। उन्होंने 10 मैचों में टीम का नेतृत्व किया।

श्रीलंका-भारत के बीच 26 को होगा पहला टी-20

कोलंबो। श्रीलंका और भारत के बीच 26 जुलाई को पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पहला टी-20 मैच खेलेगा। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) ने इस महीने के आखिर भारत के साथ होने वाली टी-20 और एकदिवसीय श्रृंखला के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। इस दौरान श्रीलंका और भारत के बीच तीन टी-20 और तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। भारत के श्रीलंका दौरे की शुरुआत टी-20 श्रृंखला के साथ होगी। इसके बाद एकदिवसीय श्रृंखला की शुरुआत होगी। 26, 27 और 29 जुलाई को टी-20 मैच होंगे। वहीं एकदिवसीय श्रृंखला के मैच एक, चार और सात अगस्त को खेले जाएंगे। टी-20 श्रृंखला के तीनों मैच पल्लेकेले तथा एकदिवसीय मैच कोलंबो में खेले जाएंगे।

मुसेत्ती पहली बार सेमीफाइनल में

लंदन, एजेंसी

इटली के लोरेंजो मुसेत्ती ने अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को हराकर विंबलडन सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया और कैरियर में पहली बार वह किसी ग्रैंडस्लैम में अंतिम चार में पहुंचे हैं।

उन्होंने साढे तीन घंटे तक चला यह मुकाबला 3-6, 7-6, 6-2, 3-6, 6-1 से जीता। वह पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम में चौथे दौर से आगे पहुंचे हैं लेकिन अब उनके सामने नोवाक जोकोविच के रूप में करियर की सबसे बड़ी चुनौती है। सात बार के चैंपियन जोकोविच 13वीं बार विंबलडन और 49वीं बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में पहुंचे हैं और उन्होंने रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की है। महिला वर्ग में 2022 की चैंपियन एलेना रिबाकिना ने एलिना स्वितोलिना को 6-3, 6-2 से हराया। वहीं 31वीं रैंकिंग वाली बारबरा क्रेइसिकोवा ने 13वीं रैंकिंग वाली येलेना ओस्टापेंको को 6-4, 7-6 से मात दी।

जीत दर्ज करने के बाद लोरेंजो मुसेत्ती ने कुछ यूं मनाया जश्न। ● एजेंसी

जीत के बाद खुशी मनातीं जैस्मिन।

जैस्मिन पाओलिनी लगातार दूसरे ग्रैंडस्लैम फाइनल में

लंदन। जैस्मिन पाओलिनी ने गुरुवार को गैर वरीय डोना वेकिच को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में हराकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल फाइनल में जगह बनाई जो उनका लगातार दूसरा ग्रैंडस्लैम फाइनल होगा। पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए पाओलिनी ने दो घंटे और 51 मिनट चले सेमीफाइनल में वेकिच को 2-6, 6-4, 7-6 (10-8) से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। सातवीं वरीय पाओलिनी ने पहला सेट गंवाने के बाद दूसरा सेट अपने नाम किया। वह तीसरे और निर्णायक सेट में 1-3 से पीछे थी लेकिन वापसी करते हुए जीत दर्ज करने में सफल रहीं। वह पिछले महीने रोलां गैरो पर फ्रेंच ओपन के फाइनल में इगा स्वियातेक के खिलाफ हार गईं थी।

भारतीय हॉकी की भावना और ताकत दिखाने को तैयार टीम

नई दिल्ली, एजेंसी

● मनप्रीत बोले- मैं भारत के लिए ओलंपिक में सब कुछ देने को हूं उत्साहित

अपना चौथा ओलंपिक खेलने जा रहे भारतीय पुरुष हॉकी टीम के अनुभवी खिलाड़ी मनप्रीत सिंह ने कहा है कि हमारी टीम दुनिया को भारतीय हॉकी की भावना और ताकत दिखाने के लिए तैयार है।

मनप्रीत ने कहा मेरा चौथे ओलंपिक में खेलना एक सपने के सच होने जैसा है और एक ऐसा मील का पत्थर है जो कि मुझे बहुत गौरवान्वित करता है। यह मेरे परिवार, कोच और साथियों की वर्षों की कड़ी मेहनत, समर्पण और अटूट समर्थन का प्रमाण है। धनराज पिल्लै जैसे दिग्गज के नक्शेकदम पर चलना, जो मेरे सहित अनगिनत खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा रहे हैं, शब्दों से परे सम्मान है। उन्होंने कहा मैं पेरिस में भारत के लिए अपना सब कुछ देने के लिए उत्साहित हूं। मैं केवल टीम नहीं बल्कि लाखों प्रशंसकों की उम्मीदों और सपनों का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं। हमने कड़ी तैयारी की है और हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने, अपने देश को सम्मान दिलाने और अपने देशवासियों को गौरवान्वित करने के लिए दृढ़ हैं।

बॉलीवुड हलचल

टेनिस पर फिल्म बनाना चाहते हैं आमिर खान

मुंबई। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान टेनिस पर फिल्म बनाना चाहते हैं। आमिर खान की फिल्म लगान क्रिकेट की पृष्ठभूमि पर आधारित थी। वहीं, उनकी फिल्म दंगल में कुश्ती से जुड़ी कहानी दिखाई गई। अब वह फिल्म सितारे जमीन पर काम कर रहे हैं, यह भी एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जिसमें वह शारीरिक रूप से कमजोर बच्चों के कोच की भूमिका निभा रहे हैं। आमिर ने टेनिस की पृष्ठभूमि से जुड़ी फिल्म बनाने की इच्छा जताई है। आमिर खान ने कहा, यदि कोई अच्छी कहानी आती है, तो मैं टेनिस पर भी फिल्म बनाना पसंद करूंगा। हालांकि, मेरे लिए किसी फिल्म को उसकी कहानी और किरदार दिलचस्प बनाते हैं। जब मैं लगान कर रहा था, तब मेरी पहली प्राथमिकता क्रिकेट नहीं था, दंगल के दौरान मेरी प्राथमिकता कुश्ती नहीं थी। मैंने उन कहानियों को एक रचनात्मक व्यक्ति के रूप में देखा। हां, खेल उन कहानियों का महत्वपूर्ण हिस्सा था, जो उन्हें बेहतर बनाता है। मैं खेलों का बहुत बड़ा समर्थक हूं। खेल हमें कड़ी मेहनत करना, जुनून, टीम भावना और हार को स्वीकार करना सिखाता है।

फिल्म अल्फा के लिए आलिया भट्ट ने ली चार महीने की कड़ी ट्रेनिंग

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपनी आने वाली फिल्म अल्फा के लिए चार महीने की कड़ी ट्रेनिंग ली है। आलिया भट्ट जल्द ही वाईआरएफ की स्पाई थ्रिलर फिल्म अल्फा में नजर आएंगी। आलिया ने स्पाई यूनिवर्स फिल्म अल्फा की शूटिंग 05 जुलाई से शुरू कर दी है। आलिया ने अल्फा में पहले से भी कहीं ज्यादा फिट और हॉट लगने के लिए चार महीने की कड़ी ट्रेनिंग ली है, जिससे वह इस फिल्म में सबसे अलग और पहले से भी कहीं ज्यादा फिट दिख सकें। शिव रवैल द्वारा निर्देशित एक्शन-थ्रिलर अल्फा में आलिया भट्ट के साथ शरवरी वाघ भी नजर आएंगी। आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित फिल्म अल्फा की शूटिंग लगातार चल रही है। स्पाई यूनिवर्स फिल्म अल्फा में आलिया एक सुपर-एजेंट की भूमिका निभाती नजर आएंगी। अल्फा में आलिया को पहले कभी न देखे गए अवतार में पेश किया जाएगा। इस फिल्म में आलिया के पास पांच से छह धमाकेदार एक्शन सीक्वेंस हैं।

नीदरलैंड को हराकर इंग्लैंड ने फाइनल में किया प्रवेश

यूरो कप 2024

डॉर्टमंड, एजेंसी

स्थानापन्न ओली वाटकिंस के शानदार गोल की बदौलत इंग्लैंड बुधवार को नीदरलैंड को 2-1 से हराकर यूरोकप 2024 चैंपियनशिप के फाइनल में लगातार दूसरी बार प्रवेश किया है।

इससे पहले नीदरलैंड के लिए 21 वर्ष के जावी सिमंस ने इंग्लैंड की रक्षापंक्ति को भेदते हुए गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई, लेकिन वह इसे अधिक देर तक कायम नहीं रख सके। इंग्लैंड के हैरी केन ने 18वें मिनट में पेनल्टी के जरिए गोलकर स्कोर 1-1 कर दिया। ओली वाटकिंस ने अंतिम समय में निर्णायक गोलकर इंग्लैंड को विजय दिलाई। इस जीत के साथ ही रविवार को फाइनल में इंग्लैंड और स्पेन खिताब के लिए भिड़ेंगे। इंग्लैंड के कोच जेरेथ साउथगेट ने कप्तान हैरी केन की जगह वाटकिंस को मैदान पर बुलाने का साहसिक फैसला लिया और 91वें मिनट में उसने गोल करके इसे सही साबित कर दिया।

<< नीदरलैंड को 2-1 से हराने के बाद जश्न मनाते इंग्लैंड के खिलाड़ी ऑली वाटकिंस। ● एजेंसी

कोपा कप 2024 जीत के बाद जश्न मनाते कोलंबिया के खिलाड़ी।

उरूग्वे को हराकर कोलंबिया फाइनल में पहुंचा, अर्जेंटीना से होगा मुकाबला

चार्लोट। कोलंबिया ने उरूग्वे पर 1-0 से तनावपूर्ण जीत के बाद 23 साल में पहली बार कोपा अमेरिका फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया। कोलंबिया के लिए 39वें मिनट में जैफरसन लेरमा ने गोल किया। अब कोलंबिया का सामना रविवर को गत चैंपियन लियोनेल मेस्सी की अर्जेंटीना से होगा। वहीं उरूग्वे की टीम तीसरे स्थान के मुकाबले में कनाडा से खेलेगी। कोलंबिया इससे पहले 2001 में अपनी मेजबानी में कोपा अमेरिका खिताब जीता था। इस मैच में एक लाल कार्ड के अलावा सात पीले कार्ड दिखाए गए।

मैच के बाद भिड़े दर्शक खिलाड़ियों से हाथापाई

चार्लोट। कोपा अमेरिका सेमीफाइनल में कोलंबिया के हाथों उरूग्वे की एक गोल से हार के बाद दोनों टीमों के समर्थकों से हाथापाई हो गई जिसमें डारविन नुनेज समेत उरूग्वे के भी कई खिलाड़ी शामिल हो गए। तनावपूर्ण मुकाबले के बाद उरूग्वे टीम की बेंच के पीछे प्रशंसक आपस में भिड़ गए। मैदान पर जमा 70,644 दर्शकों में से 90 प्रतिशत कोलंबिया के समर्थक थे लेकिन उरूग्वे के प्रशंसक भी थोड़ी तादाद में पहुंचे थे। हाथापाई में दोनों गुटों ने एक दूसरे पर पेय पदार्थ फेंके। एक वीडियो में दिखाया गया है कि नुनेज कोलंबिया के एक समर्थक को पीट रहे हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

भारतीयों के बीच मोदी

ऑस्ट्रिया के वियना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वहां रह रहे भारतीय समुदाय के लोगों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान कई लोगों ने उनके साथ सेल्फी भी ली। ● एजेंसी

अगर फोन हीट हो रहा है तो हो जाएं सावधान

यदि आप स्मार्टफोन यूजर हैं तो कभी न कभी आपको ओवरहीटिंग की समस्या का जरूर सामना करना पड़ा होगा। लोग वीडियो देखने, गेम खेलने या सोशल मीडिया पर रील्स देखने के लिए घंटों नॉनस्टॉप स्मार्टफोन का इस्तेमाल करते हैं। हम कई जरूरी काम तक अपने फोन से निपटा सकते हैं। यही वजह है कि दुनिया में स्मार्टफोन की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। लेकिन कुछ वर्षों में स्मार्टफोन फटने की कई घटनाएं सुनने को मिली। चार माह पूर्व उत्तरप्रदेश के मेरठ में चार्जिंग के दौरान मोबाइल में ब्लास्ट होने से चार बच्चों की मौत हो गई, जबकि बच्चों के माता-पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। कारण फोन का हीटिंग बना। मोबाइल ब्लास्ट होने की कई वजहें हो सकती हैं। बढ़ते तापमान की वजह से गर्मियों के महीनों में ऐसी घटनाएं होने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। ऐसे में स्मार्टफोन यूजर्स को बेहद सतर्क रहने की जरूरत है।

ऐसे पहचाने ओवरहीट हो रहा है

आम इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की तरह स्मार्टफोन में भी ओवरहीटिंग की समस्या होती है। ज्यादा गर्म होने से न केवल फोन की वर्क कैपिसिटी पर असर पड़ता है, बल्कि इससे फोन की लाइफ भी कम हो सकती है। ऐसे में कभी फोन ज्यादा गर्म पड़ने लगता है तो कई बार शटडाउन हो सकता है। इसके अलावा ओवरहीटिंग की वजह से फोन के कई ऐप्स काम करना बंद कर सकते हैं।

इसलिए फटते हैं स्मार्ट फोन

स्मार्टफोन में ब्लास्ट के ज्यादातर मामले बैटरी से संबंधित होते हैं। कई घंटे चार्जिंग पर लगाकर छोड़ने के कारण बैटरी ओवरचार्ज हो जाती है। जो फटने की एक बड़ी वजह है। इसके अलावा फोन के लंबे समय तक धूप के संपर्क में आने से भी बैटरी ओवरहीट होकर फट सकती है।

ऐसे करें ठीक

आप फोन को स्विच ऑफ करके कुछ देर के लिए छोड़ दें, फिर उसको रीस्टार्ट करें और उसे नॉर्मली यूज करें। फिर भी फोन अगर कुछ देर में गर्म होता है तो सेटिंग्स में जाकर ये चेक करना होगा कि कौन-सा एप कितना बैटरी या डेटा कन्ज्यूम कर रहा है। गैर जरूरी ऐप्स काम कर रहे हैं, तो उन्हें तुरंत जाकर अनइंस्टाल कर दें।

यह सावधानियां बरतें

- अगर फोन चलाते समय गर्म हो रहा है तो सबसे पहले फोन के पीछे से बैक कवर हटा दें, ताकि बैटरी का हिस्सा नॉर्मल हवा के संपर्क में आने से ठंडा हो सके।
- बैकग्राउंट में चल रहे मल्टीपल एप्स, ब्लूटूथ, वाई-फाई जैसी सर्विस को ऑफ करके कुछ समय के लिए स्मार्टफोन को एयरप्लेन मोड पर कर दें।
- अपने फोन को ठंडी, छायादार जगह पर ले जाएं क्योंकि फोन 0 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच के तापमान पर सबसे अच्छा काम करता है। इससे ज्यादा तापमान होने पर फोन के प्रदर्शन और हार्डवेयर पर असर पड़ सकता है।
- जंक फाइलें आपके फोन के प्रोसेसर और बैटरी पर अतिरिक्त दवाब डालती हैं। एंड्रॉइड के लिए एवीजी क्लीनर जैसा ऐप डाउनलोड कर सकते हैं।

एक नजर

अमेरिका को 6.7 अरब डॉलर का भुगतान करने का आदेश

तेहरान। ईरान की अदालत ने अमेरिकी सरकार को आदेश दिया कि वह तेहरान पर वाशिंगटन द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों की वजह से दुर्लभ त्वचा विकार से पीड़ित लोगों के लिए स्वीडन की एक कंपनी से विशेष पट्टियों की आपूर्ति रुकने की वजह से 6.7 अरब डॉलर से अधिक का मुआवजा प्रदान करे। अंतर्राष्ट्रीय संबंध कानून न्यायालय के इस आदेश से पहले ईरान ने पिछले साल पश्चिम के साथ तनाव के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी ऊर्जा कंपनी शेवरॉन कॉर्प के लिए कुवैती कच्चे तेल से संबंधित पांच करोड़ डॉलर का सामान जब्त कर लिया था।

ब्रिटिश भारतीय सांसदों ने ग्रहण की शपथ

लंदन। ब्रिटिश संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स के लिए नवनिर्वाचित भारतीय मूल के सांसदों ने देश के प्रति वफादारी के प्रतीक के रूप में महाराजा के प्रति अपनी निष्ठा की शपथ ली। इसके लिए उन्होंने धार्मिक ग्रंथों पर हाथ रखकर शपथ ली। शैलेश वारा द्वारा स्पीकर लिंडसे होयल को भगवद् गीता की एक नई प्रति भेंट की गई। शैलेश कंजर्वेटिव पार्टी के पूर्व सांसद हैं, जो पिछले सप्ताह के आम चुनाव में कैम्ब्रिजशर सीट से हार गए थे। मंगलवार को शपथ लेने वाले पहले ब्रिटिश भारतीय सांसदों में ऋषि सुनक भी शामिल थे।

लाहौर हाईकार्ट में पहली बार महिला बनी मुख्य न्यायाधीश

लाहौर। न्यायमूर्ति आलिया नीलम ने गुरुवार को लाहौर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ ली। वह पाकिस्तान की पहली महिला हैं जो किसी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश के पद पर आसीन हुई हैं। पंजाब के राज्यपाल सरदार सलीम हैदर खान ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। पंजाब सूबे की पहली महिला मुख्यमंत्री मरियम नवाज भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुईं।

भारतीय जहाज के कैप्टन व चालक दल होंगे सम्मानित

लंदन। तेल टैंकर के कैप्टन अभिलाष रावत व उनके चालक दल को लाल सागर बचाव मिशन में उनके साहस व समुद्र में बहादुरी के लिए अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन 2024 पुरस्कार विजेता के लिए नामित किया गया है। अग्निशमन और क्षति नियंत्रण प्रयासों के समन्वय के दौरान दृढ़ संकल्प और धीरज का प्रदर्शन करने पर आईएमओ ने रावत और उनके चालक दल को बुधवार को वर्ष 2024 के लिए विजेता घोषित किया। हूती विद्रोहियों द्वारा दागी गई जहाज-रोधी मिसाइल के उनके जहाज मार्लिन लुआंडा पर गिरने से भीषण आग लग गई थी।

रूस-चीन की दोस्ती से नाटो चिंतित

कहा- पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की महत्वाकांक्षाएं हमारे हितों व सुरक्षा के लिए चुनौती

वाशिंगटन, एजेंसी

उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) ने रूस और चीन के बीच गहराते संबंधों तथा बीजिंग की बढ़ती आक्रामकता पर बुधवार को चिंता जाहिर की। नाटो ने अपने वाशिंगटन शिखर सम्मेलन के घोषणापत्र में कहा, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) की महत्वाकांक्षाएं और आक्रामक नीतियां लगातार हमारे हितों, सुरक्षा और मूल्यों को चुनौती दे रही हैं। रूस और पीआरसी के बीच गहराती रणनीतिक साझेदारी तथा नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को कमजोर करने व नया आकार देने के दोनों देशों के प्रयास गंभीर चिंता का विषय हैं।

शिखर सम्मेलन में शामिल राष्ट्राध्यक्षों और शासन प्रमुखों की ओर से जारी घोषणापत्र में कहा गया है हम सरकार में शामिल और उनसे इतर तत्वों से हाइब्रिड, साइबर, अंतरिक्ष और अन्य खतरों तथा दुर्भावनापूर्ण गतिविधियों का सामना कर रहे हैं। इस सम्मेलन में स्वीडन को नाटो के 32वें सदस्य देश के रूप में शामिल किया गया। घोषणापत्र में कहा गया है कि फिनलैंड और स्वीडन का नाटो में शामिल होना उन्हें सुरक्षित और संगठन को मजबूत बनाता है खासकर हाई नॉर्थ और बाल्टिक सागर क्षेत्रों में भी। इसमें कहा गया है कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण ने यूरो-अटलांटिक क्षेत्र में शांति और स्थिरता भंग कर दी है तथा वैश्विक सुरक्षा को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। रूस संगठन के सदस्य देशों की सुरक्षा के लिए सबसे महत्वपूर्ण और प्रत्यक्ष खतरा बना हुआ है। इसमें कहा गया है कि आतंकवाद अपने सभी स्वरूपों और अभिव्यक्तियों में, हमारे नागरिकों की सुरक्षा और अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं समृद्धि के लिए सबसे प्रत्यक्ष खतरा है।

जेलेंस्की बोले- युद्ध जीतने के लिए रूस के अंदर सैन्य लक्ष्यों पर हमले पर लगी रोक हटानी होगी : राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि रूस के साथ युद्ध जीतने के लिए अमेरिका को रूसी सैन्य ठिकानों पर हमला करने के लिए उसके हथियारों के इस्तेमाल पर लगाई गई रोक हटानी होगी। जेलेंस्की ने नाटो शिखर सम्मेलन के अंतिम घंटों में नाटो महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग की उपस्थिति में कहा अगर हम जीतना चाहते हैं, देश को बचाना चाहते हैं और इसकी रक्षा करना चाहते हैं, तो हमें सभी सीमाओं को हटाना होगा।



वाशिंगटन में आयोजित नाटो के शिखर सम्मेलन में उपस्थित सदस्य। एजेंसी

चीन बोला- नाटो एशियाई देशों के बीच अराजकता न फैलाए

बीजिंग। चीन ने खुद को यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को निर्णायक रूप से बढ़ावा दिए जाने वाला बताने पर गुरुवार को उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) को आड़े हाथ लिया और उसके इस भड़काऊ बयान के लिए कूटनीतिक विरोध दर्ज कराया। चीन ने नाटो से यह भी कहा कि वह एशिया में ऐसी अराजकता न फैलाए। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि वाशिंगटन में नाटो के शिखर सम्मेलन में जारी घोषणापत्र के चीन से संबंधित अंश पूर्वाग्रह से ग्रसित, भड़काऊ और आक्षेप वाले हैं। लिन ने कहा हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं और इसका सख्ती से विरोध करते हैं। नाटो के साथ गंभीर रूप से आपत्ति जताई है। उन्होंने यह भी कहा कि नाटो चीन के पड़ोसियों और अमेरिका के सहयोगी देशों के साथ संबंध मजबूत कर रहा है और दूसरों की कीमत पर सुरक्षा पाने की कोशिश कर रहा है। लिन ने कहा कि नाटो की एशिया प्रशांत रणनीति ने चीन के हितों को नुकसान पहुंचाया है।

इमरान खान की हरकत आतंकवादी जैसी : कोर्ट

लाहौर। पाकिस्तान की एक आतंकवाद रोधी अदालत ने गुरुवार को कहा कि 9 मई की हिंसा से जुड़े मामले में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की हरकतें एक आतंकवादी के समान थीं। इसने कहा कि उन्होंने अपनी रिहाई के लिए दबाव बनाने के वास्ते पार्टी नेताओं को सैन्य प्रतिष्ठानों, सरकारी संपत्तियों और पुलिस अधिकारियों पर हमला करने का काम सौंपा।

पीटीआई के 71 वर्षीय संस्थापक और उनकी पार्टी के सैकड़ों सहयोगियों पर कई मामलों के तहत मुकदमा चलाया जा रहा है। भ्रष्टाचार के मामले में खान की गिरफ्तारी के बाद भड़के हिंसक विरोध प्रदर्शन के दौरान पूरे पाकिस्तान में प्रमुख सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमले किए गए थे। खान की पार्टी ने आतंकवाद रोधी अदालत के फैसले को बेतुका आदेश करार दिया और घोषणा की कि वह विरोध शुरू करेगी।

लाहौर की आतंकवाद रोधी अदालत ने इस सप्ताह की शुरुआत में नौ मई के दंगों से संबंधित तीन मामलों में खान की गिरफ्तारी पूर्व जमानत को खारिज कर दिया था और पुलिस को पूछताछ के लिए उन्हें निरंतर हिरासत में रखने की अनुमति दे दी थी।

संसद में आज होगा प्रचंड के भाग्य का फैसला

काठमांडू, एजेंसी

संकटग्रस्त नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड शुक्रवार को संसद में विश्वास प्रस्ताव का सामना करेंगे। इससे एक दिन पहले गुरुवार को उनकी मुश्किलों को और बढ़ाते हुए नेपाली कांग्रेस (नेकां) और सीपीएन-यूएमएल ने अपने सांसदों को व्हिप जारी कर उनके खिलाफ मतदान करने का निर्देश दिया।

सत्तारूढ़ गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी केपी शर्मा ओली नीत सीपीएन-यूएमएल ने पिछले सप्ताह प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस ले लिया था और नेपाली कांग्रेस के साथ सत्ता साझेदारी संबंधी समझौता किया था। माना जा रहा है कि दाहाल विश्वास मत हासिल नहीं कर पाएंगे। नेपाल की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के पास फिलहाल 89 सीट हैं, जबकि सीपीएन-यूएमएल के पास 78 सीट हैं।

निचले सदन में 138 सीटों के बहुमत के मुकाबले दोनों दलों के पास कुल 167 सदस्य हैं। प्रचंड की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माउइस्ट सेंटर) के पास 32 सीट हैं। प्रचंड को अपनी सरकार बचाने के लिए सदन में 138 सदस्यों का समर्थन चाहिए लेकिन उन्हें 63 सदस्यों का समर्थन मिलने की संभावना है और ऐसे में यह तय माना जा रहा है कि उनकी सरकार शुक्रवार को विश्वासमत हार जाएगी। माइ रिपब्लिका अखबार की खबर के मुताबिक नेपाली कांग्रेस ने अपने सदस्यों को सदन में उपस्थित होने और प्रचंड के विश्वासमत प्रस्ताव के खिलाफ मतदान करने का निर्देश दिया।

● ओली और देउबा ने प्रचंड के खिलाफ जारी किया व्हिप

भारत के साथ घनिष्ठ संबंध रखे बिना प्रगति नहीं

काठमांडू। नेपाल की सीपीएन-यूएमएल पार्टी ने कहा कि चारों तरफ से जमीन से घिरा हिमालयी राष्ट्र भारत के साथ घनिष्ठ मित्रतापूर्ण संबंध कायम रखकर ही आर्थिक समृद्धि प्राप्त कर सकता है। नेपाली धरती से भारत के खिलाफ किसी भी गतिविधि को अनुमति नहीं दी जाएगी। पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली पार्टी के एक वरिष्ठ नेता की यह टिप्पणी संसद में विश्वासमत की पूर्व संध्या पर आई।

भारत-अमेरिका एक दूसरे के साथ देखते हैं भविष्य : गार्सेटी

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा कि आपस में जुड़ी दुनिया में कोई भी युद्ध अब किसी से दूर नहीं है। इसलिए देशों को न सिर्फ शांति के लिए खड़ा होना चाहिए, बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम भी उठाने चाहिए कि जो लोग शांतिपूर्ण तरीके से काम नहीं करते, उनकी युद्ध मशीनें बे रोकटोक जारी नहीं रहें।

राजदूत ने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा और यही बात अमेरिका और भारत दोनों को मिलकर जानने की जरूरत है। उन्होंने दिल्ली और वाशिंगटन के बीच एक मजबूत साझेदारी की भी वकालत की। उनकी यह टिप्पणी यूक्रेन-रूस और इजराइल-गाजा सहित विश्व में चल रहे अनेक संघर्षों की पृष्ठभूमि में आई है। यहां एक रक्षा समाचार सम्मेलन में अपने संबोधन में उन्होंने भारत-अमेरिका संबंधों को गहरा, प्राचीन और व्यापक बताया।

भरोसेमंद साझेदार के रूप में रूस पर दांव लगाना ठीक नहीं

वाशिंगटन। रूस के साथ भारत के संबंधों को लेकर चिंताओं के बीच, अमेरिका के एनएसए ने गुरुवार को नई दिल्ली को आगाह किया कि एक दीर्घकालिक, भरोसेमंद साझेदार के रूप में रूस पर दांव लगाना ठीक नहीं है। उन्होंने दावा किया कि भारत और चीन के बीच संघर्ष की स्थिति में रूस, दिल्ली के बजाय बीजिंग का पक्ष लेगा।

पेशावर हवाई अड्डे पर लैंडिंग के दौरान सऊदी विमान में लगी आग

इस्लामाबाद। पेशावर के बाचा खान अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुरुवार को उतरते समय रियाद से आ रहे सऊदी एयरलाइंस के एक विमान में आग गई। राहत की बात यह रही कि सभी यात्रियों तथा चालक दल के सदस्यों को तुरंत सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। सीएए के प्रवक्ता सैफुल्ला के अनुसार हवाई यातायात नियंत्रकों ने लैंडिंग के दौरान विमान के बाएं लैंडिंग गियर से धुआं और आग की लपटें निकलते देखीं। इसके बाद उन्होंने पायलटों को सतर्क कर दिया गया और उसी समय हवाई अड्डे पर आग और बचाव सेवाओं को सूचित किया। बयान में कहा गया है कि जैसे ही सीएए फायर ट्रक घटनास्थल पर पहुंचे और लैंडिंग गियर को निगलने वाली आग की लपटों को बुझा दिया गया। सैफुल्लाह ने कहा दमकल ने समय रहते कार्रवाई की और आग पर तुरंत काबू पा लिया।

भारत ने बिम्सटेक समूह में भरी ऊर्जा

बंगाल की खाड़ी के देशों के बीच सहयोग बढ़ाने का आह्वान

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने गुरुवार को सात देशों के बिम्सटेक समूह से बंगाल की खाड़ी के देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए नई ऊर्जा, संसाधन और नई प्रतिबद्धता का आह्वान किया। यह अपील विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने राष्ट्रीय राजधानी में दो दिवसीय सम्मेलन में बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) सदस्य देशों के अपने समकक्षों की मेजबानी करते हुए की।

बिम्सटेक दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया के सात देशों को बहुआयामी सहयोग के लिए एक साथ लाता है। भारत के अलावा बिम्सटेक में श्रीलंका, बांग्लादेश, म्यांमार, थाईलैंड, नेपाल और भूटान शामिल हैं। जयशंकर ने कहा कि बिम्सटेक को उच्च आकांक्षाएं रखनी चाहिए। जयशंकर ने सम्मेलन के पहले दिन अपनी शुरुआती टिप्पणी में कहा भारत के लिए बिम्सटेक उसके पड़ोस प्रथम दृष्टिकोण पूर्व की ओर देखो नीति और सागर दृष्टिकोण के अहम पड़ाव का प्रतिनिधित्व करता है।

उन्होंने कहा इनमें से प्रत्येक प्रयास बंगाल की खाड़ी पर विशेष ध्यान देने के साथ प्रस्तावित किया जा रहा है, जहां सहयोगात्मक क्षमता का लंबे समय से उपयोग नहीं किया गया है। उन्होंने कहा हमारी चुनौती इसे बेहतर बनाने की है, और ऐसा तेजी से करना है।

विदेश मंत्री जयशंकर नेपाल की विदेश सचिव सेवा लमसल का स्वागत करते हुए।

थाईलैंड है बिम्सटेक का वर्तमान अध्यक्ष

बिम्सटेक को क्षेत्रीय सहयोग के लिए एक जीवंत मंच बनाने के लिए भारत ठोस प्रयास कर रहा है, क्योंकि दक्षेस (दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन) के तहत पहल विभिन्न कारणों से आगे नहीं बढ़ रही थी। भारत सागर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) की व्यापक नीति रूपरेखा के अंतर्गत हिंद महासागर क्षेत्र के देशों के साथ सहयोग कर रहा है। बिम्सटेक विदेश मंत्रियों की बैठक का उद्देश्य खुले तौर पर, स्पष्ट और फलदायी ढंग से विचारों का आदान-प्रदान करना है। थाईलैंड बिम्सटेक का वर्तमान अध्यक्ष है और इस वर्ष के अंत में वह समूह के वार्षिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।

पाकिस्तान जा रही प्रतिबंधित रसायनों की चीनी खेप जब्त

चेन्नई। सुरक्षा एजेंसियों ने तमिलनाडु के एक बंदरगाह पर अंतरराष्ट्रीय रूप से प्रतिबंधित रसायनों की चीन से आई एक खेप जब्त की है जो माना जा रहा है कि पाकिस्तान के जैविक और रासायनिक युद्ध कार्यक्रम के लिए थी। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह खेप ऑर्थो-क्लोरो बेंजिलिडीन मैलोनोनाइट्राइल या सीएस की थी जिसका इस्तेमाल आंसू गैस और दंगा नियंत्रण एजेंट के रूप में किया जाता है। अधिकारियों ने बताया कि सीमाशुल्क विभाग के अधिकारियों ने तमिलनाडु के कट्टूपल्ली बंदरगाह पर इस खेप को रोका था। सीएस अंतरराष्ट्रीय समझौतों और भारत की निर्यात नियंत्रण सूची के तहत दोहरे उपयोग वाला रसायन है। दंगा नियंत्रण एजेंटों के रूप में इसका असैन्य उपयोग होता है।

ब्रिक्स के एजेंडे सक्रियता से निभा रहा भारत : बिरला

सेंट पीटर्सबर्ग, एजेंसी

रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में 10वें ब्रिक्स संसदीय मंच में भारतीय शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रहे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने समावेशी और सतत विकास के ब्रिक्स के एजेंडे को आगे बढ़ाने में संसद व सांसदों की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत इस दिशा में सक्रिय रूप से भागीदारी निभा रहा है। बिरला ने यहां 10वें ब्रिक्स संसदीय मंच के पहले पूर्ण सत्र को संबोधित किया।

इस सत्र का विषय ब्रिक्स संसदीय आयाम अंतर-संसदीय सहयोग को सुदृढ़ करने की संभावनाएं था। उन्होंने कहा कि हाल ही में भारत में संपन्न लोक सभा चुनाव में लगभग 65 करोड़ मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया और इसके बाद नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। यह उनका सौभाग्य है कि देश के निर्वाचित सदस्यों ने उन्हें लगातार दूसरी बार लोकसभा के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित किया।

ब्रिक्स सम्मेलन में उपस्थित ओम बिरला।

● रूस में 10वें ब्रिक्स संसदीय मंच में भारतीय शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रहे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला

शोध एरीज के वैज्ञानिक इंद्रनील चट्टोपाध्याय व शोध छात्र राज किशोर जोशी की बड़ी खोज

ब्लैकहोल के जेट प्लाज्मा की संरचना का पता चला

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वैज्ञानिकों ने ब्लैकहोल से निकलने वाले जेट प्लाज़्मा की संरचना का पहली बार पता लगाया है। इस खोज में एरीज के विज्ञानी इंद्रनील चट्टोपाध्याय व शोध छात्र राज किशोर जोशी द्वारा की गई है। एस्ट्रोफिजिकल जर्नल (एपीजे) नामक अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान पत्रिका में यह खोज प्रकाशित हुई है।

एरीज के आउटरीच प्रभारी डा विरेन्द्र यादव ने बताया कि खगोलीय शोध की दिशा में एरीज निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। जेट ब्लैकहोल, न्यूट्रॉन तारों व पल्सार जैसे सघन खगोलीय पिंडों से विस्तारित किरणों के रूप में उत्सर्जित होते हैं। इसके संरचना के बारे में वर्षों के शोध के बावजूद अधिक जानकारी ज्ञात नहीं थी। साथ ही इलेक्ट्रॉन व प्रोटॉन से बने होने का भी सही पता नही था। इसके अलावा पॉज़िट्रॉन नामक सकारात्मक रूप से आवेशित इलेक्ट्रॉन इनमें शामिल होने की जानकारी भी नही थी। जिस कारण इसकी जानकारी विज्ञानियों के लिए महत्वपूर्ण मानी जाती रही है। वैज्ञानिक डॉ. इंद्रनील चट्टोपाध्याय व राज किशोर जोशी के अनुसार यह खोज ब्लैक होल व न्यूट्रॉन तारों के करीब चलने वाली भौतिक प्रक्रिया की बारीकी को समझने में मदद करेगी।

सैद्धांतिक रूप से जेट की उष्मा गति की मात्रा, द्रव्यमान घनत्व, ऊर्जा घनत्व और दबाव के बीच संबंध का पता नही था। डॉ. चट्टोपाध्याय ने शोध में सर्वप्रथम विकसित किए गए एक संख्यात्मक सिमुलेशन में सुधार किया और इलेक्ट्रॉन, पॉज़िट्रॉन (धनात्मक रूप से आवेशित इलेक्ट्रॉन) व प्रोटॉन के मिश्रण से बने एस्ट्रोफिजिकल जेट की गतिशीलता का अध्ययन किया। तब जेट की संरचना की जानकारी सामने आई।

डा इन्द्रनील चट्टोपाध्याय

राज किशोर जोशी

बड़ी उपलब्धि है एरीज के लिए

नैनीताल : एरीज के निदेशक प्रो दीपांकर बनर्जी ने कहा कि एरीज के वैज्ञानिक निरंतर खगोलीय पिंडों के अध्ययन में जुटे रहते हैं। यह खोज एरीज के लिए बड़ी उपलब्धि है, जो अंतराष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिकों के लिए महत्वपूर्ण है। इस खोज से जेट के बारे में जानकारी मिलने के बाद ब्लैकहोल व उनसे निकलने वाले के जेट के अन्य रहस्य को सुलझाना आसान होगा। वर्तमान में एरीज में 4 मीटर लिक्विड मिरर टेलिस्कोप व 3.6 मीटर व्यास की ऑप्टिकल दूरबीन की सुविधा मौजूद है।

बाइडेन का समर्थन करने वाले भारतीयों की संख्या में गिरावट

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में साल 2020 में हुए चुनाव और 2024 में होने वाले चुनाव अंतराल के दौरान मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन का समर्थन करने वाले भारतीय-अमेरिकियों की संख्या में 19 प्रतिशत की गिरावट आई है। द्विवार्षिक एशियाई अमेरिकी मतदाता सर्वेक्षण (एएवीएस) ने बुधवार को यह जानकारी दी।

एशियाई अमेरिकी मतदाता सर्वेक्षण दो साल में एक बार किया जाता है और यह एशियाई-अमेरिकी समुदाय का सबसे लंबे समय तक चलने वाला सर्वेक्षण है। एशियन एंड पैसिफिक आइलैंडर अमेरिकन वोट (एपीआईएवोट), एएपीआई डेटा, एशियन अमेरिकन्स एडवांसिंग जस्टिस (एएजेसी) और एएआरपी द्वारा किए गए सर्वेक्षण से यह पता चला कि अमेरिका में इस साल नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में भारतीय मूल के 46 प्रतिशत अमेरिकी नागरिक जो बाइडेन को वोट दे सकते हैं, जबकि 2020 में यह आंकड़ा 65 प्रतिशत था। भारतीय-अमेरिकियों की संख्या में 19 प्रतिशत की गिरावट, सभी एशियाई-अमेरिकी जातीय समुदायों में सर्वाधिक है। बाइडेन व उनके प्रतिद्वंद्वी ट्रंप के बीच 27 जून को चुनाव की प्रक्रिया के तहत बहस से पहले यह सर्वेक्षण किया गया था।

● द्विवार्षिक एशियाई अमेरिकी मतदाता सर्वेक्षण ने दी जानकारी